# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025


## राज्य सरकार ने वर्ष - 2026 के लिए सामान्य अवकाश घोषित किए



**भोपाल।** राज्य सरकार ने सोमवार को मध्यप्रदेश के सभी शासकीय कार्यालय और संस्थाओं के लिए वर्ष 2026 के लिए सामान्य अवकाश घोषित कर दिए हैं। सामान्य अवकाश के तहत ही सभी सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानों में अवकाश घोषित किए जाएंगे। सामान्य अवकाश की अधिसूचना जारी कर दी गई। सामान्य अवकाश में कुल 25 दिन सामान्य अवकाश के ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर एक खूंखार बाघ खेतों से होते हुए गांव के एक घर में घुस गया

# चारपाई पर बाघ का विश्राम...आराम में खलल डाला तो युवक का पैर खा गया

## बेल्दी गांव के घर में बाघ दिनभर डेरा जमाए रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उमरिया

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर एक खूंखार बाघ खेतों से होते हुए गांव के एक घर में घुस गया। बाघ घर की दहलान में बिछी खाट पर बिछे गद्दे पर जाकर बैठा और आराम फरफाने लगा।

कुछ युवकों ने उसका वीडियो भी बना लिया। इधर, बाघ को भगाने के प्रयास में एक युवक अपना पैर खो बैठा। जानकारी के अनुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे इलाके में बसे गांवों में आए दिन बाघ पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों पर हमला कर जान भी ले रहे हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक खूंखार बाघ जंगल से निकला और खेतों से होते हुए गांव के एक घर में पहुंच गया। टाइगर को देख गांव में दहशत फैल गई और लोग अपने-अपने घरों में कैद हो गए। बाद में कुछ साहसी युवकों ने बाघ को भगाने का प्रयास किया, लेकिन वे बाघ को हिला भी न सके। जिले के बेल्दी गांव में बाघ जिस घर के दहलान में घुसकर आराम फरमा रहा था, वह दुर्गा प्रसाद द्विवेदी का मकान है। यहां पड़ोस के साहसी युवक गोपाल कोल ने बाघ को भगाने का प्रयास किया तो उसने हमला कर दिया। हमले में गोपाल का दाहिना पैर बाघ के जबड़े में आ गया। इधर ग्रामीणों ने जोर-जोर से चिल्लाया तो बाघ उसे छोड़कर वापस घर के अंदर जाकर बिस्तर पर बैठ गया।



खटिया पर आराम फरमाता बाघ

### गाय का शिकार किया, दूसरे के घर में रख दिया

बेल्दी गांव में बाघ ने राजू द्विवेदी के घर के बरामदे में बंधी गाय का शिकार कर लिया। उसे ले जाकर पास के दुर्गाप्रसाद द्विवेदी के बाड़े में रख दिया। इसके बाद बाघ पहले उनके घर में घुसा बाद में गोपाल कोल के घर में खाट पर जाकर बैठ गया। बेल्दी गांव के घर में बाघ दिनभर डेरा जमाए रहा। दोपहर में वन विभाग के अधिकारी दलबल के साथ पहुंचे, लेकिन वे भी बाघ को बाहर नहीं निकाल सके। वन विभाग ने रेस्क्यू टीम के साथ बाघ को ट्रेंक्युलाइज करने वाले डॉक्टर को भी बुलाया था, लेकिन शाम तक बाघ का रेस्क्यू नहीं किया सका था। पनपथा बफर के परिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ और ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली

आज के अंक के साथ


### खबर संक्षेप

#### 1100 करोड़ कमाए, अब ओटीटी पर होगी धुरंधर



**नई दिल्ली।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर एक फिल्म की सुनामी से सारे रिकॉर्ड ध्वस्त होते जा रहे हैं और उस फिल्म का नाम है 1100 करोड़ कमाने वाली धुरंधर। रणवीर सिंह , अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और सारा अर्जुन की चर्चा इस वक्त हर तरफ हो रही है। हर कोई सिर्फ धुरंधर की ही बात कर रहा है। ऐसे में अब धुरंधर की चर्चा इस वक्त हर तरफ हो रही है। अब धुरंधर ओटीटी पर धमाल मचाने आ रही है, जिसकी सारी जानकारी अब सामने आ गई है। एक तरफ धुरंधर की सुनामी अभी सिनेमाघरों में थमने का नाम नही ले रही है। ऐसे में अब मेकर्स ने इसके आगे की तैयारी में है।

#### कोहरे के कारण 128 उड़ानें रद्द, 8 डायवर्ट



**नई दिल्ली।** घने कोहरे का बड़ा असर विमान एवं रेल सेवा पर देखने को मिला। दृश्यता कम होने की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर आने एवं जाने वाले कुल 128 विमानों की यात्रा को रद्द करना पड़ा। वहीं 8 विमानों को दूसरे एयरपोर्ट की तरफ डाइवर्ट किया गया। इसके साथ ही लगभग 200 विमानों ने दिल्ली एयरपोर्ट से सोमवार को देरी से उड़ान भरी। वहीं दिल्ली के अलग-अलग स्टेशनों पर सोमवार को लगभग 100 गाड़ियां देरी से पहुंची और लगभग तीन दर्जन रेलगाड़ियां देरी से रवाना हुई। रविवार देर रात से ही घना कोहरा शुरु हो गया था।

### बड़ा फैसला : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट की सजा निलंबित करने के फैसले पर रोक लगा दी



# इंसाफ का तराजू



## अब दुष्कर्म के दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की सजा बरकरार रहेगी

सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस माहेश्वरी और जस्टिस मसीह की बेंच ने दिखाया कि कानून से ऊपर कोई नहीं। सेंगर जैसे ताकतवरों को राहत नहीं मिलेगी। यह फैसला महिलाओं और पीड़ितों के लिए उम्मीद है। लेकिन अपील बाकी-अंतिम न्याय कब? यह देखना बाकी है

- पीठ ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि इस मुकदमे पर विचार करना आवश्यक
- उच्च न्यायालय के 23 दिसंबर के आदेश के आधार पर सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा

### शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को उन्नाव दुष्कर्म मामले में दोषी भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के मुकदमे पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाई जाती है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की अपील की। पीठ ने कहा कि ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 10 साल की सजा काट रहा है सेंगर



कुलदीप सेंगर

सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई की। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी थी, जिसके बाद सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। हाईकोर्ट ने इस बात को रेखांकित किया था कि सेंगर पहले ही सात साल, पांच महीने की अवधि जेल में बिता चुका है। दोषी करार दिए गए पूर्व भाजपा विधायक ने दिसंबर 2019 के निचली ▸▸ शेष पेज 4 पर

### दलीलें सुनी, कोर्ट ने कहा फैसले पर रोक जरूरी

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ये मामला बच्ची के साथ भयावह दुष्कर्म का है। दोषी पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो कानून की धारा पांच और छह के तहत आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने इस बात को नोट किया कि अपराध के समय पीड़िता की आयु 15 साल 10 माह थी। तमाम दलीलों को सुनने के बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हम हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने के पक्ष में हैं।


### पीड़ित पक्ष ने कहा...हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा

इससे पहले उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने रविवार को जंतर मंतर पर कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में हाथों में बैनर व तख्तियां लिए पहुंचे। पीड़िता की मां ने बताया कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और उन्हें उम्मीद है कि वहां से उन्हें न्याय मिलेगा। उन्होंने बताया कि उन पर केस वापस लेने का दवाब बनाया जा रहा है। हम बिना किसी डर के अपनी कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है और इसके लिए उसे सुरक्षा की जरूरत है। पीड़िता ने कहा मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करती हूं कि मुझे इस तरह सुरक्षा दी जाए, जिससे मैं निडर होकर अपनी लड़ाई लड़ सकूं।

### पीड़िता बोली

## कुलदीप सेंगर को फांसी दिलाने तक जारी रहेगी मेरी लड़ाई

उन्नाव केस में कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम कोर्ट के रोक लगाने के बाद पीड़िता ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा था। मैं यह पक्का करूंगी कि उसे मौत की सजा मिले। वहीं पीड़िता की मां ने कहा कि हम खुश हैं। हम सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहते हैं। मेरी बेटी को न्याय मिलना चाहिए। दोषी को मौत की सजा मिलनी चाहिए। वहीं, सुनवाई से पहले पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट के बाहर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने कहा कि हम न्यायपालिका पर पूरा भरोसा रखते हैं और हम चाहते हैं कि कुलदीप सेंगर वापस जेल जाए, बल्कि उसे मौत की सजा दी जाए। महिला कार्यकर्ता योगिता भयाना ने भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले कहा था कि पीड़िता को उम्मीद है कि उसे न्याय मिलेगा। उसकी सेहत स्थिर है, और वह अभी कोर्ट में मौजूद है क्योंकि वह अपनी लड़ाई खुद लड़ना चाहती है। मुझे यकीन है कि सुप्रीम कोर्ट इस लड़की को न्याय देगा।



पीड़िता

### टैरिफ और वैश्विक चुनौतियों पर नजर

## पीएम मोदी अर्थशास्त्रियों के साथ करेंगे 'प्री-बजट' बैठक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- इकोनॉमिक फिलॉसफी को दर्शाएगी आज की बैठक

भारत के आगामी आम बजट 2026-27 की रूपरेखा और प्राथमिकताओं को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देश के प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट से पहले यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय जटिल वैश्विक परिस्थितियों का सामना कर रही है। इस बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम और आयोग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री इस संवाद के माध्यम से विकास दर को गति देने, राजकोषीय समेकन और रोजगार सृजन के लिए विशेषज्ञों से व्यावहारिक सुझाव मांगेंगे। विशेषज्ञों का ▸▸ शेष पेज 4 पर



पीएम नरेंद्र मोदी

### पीएम के आर्थिक सलाहकार का बड़ा बयान

## यूपीएससी जैसी परीक्षाओं की लंबी तैयारी समय की बर्बादी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- डिग्री नहीं.. एआई कौशल ही तय करेगा करियर का भविष्य

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने उच्च शिक्षा प्रणाली को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में कॉलेज की पारंपरिक पढ़ाई और डिग्री की अहमियत कम हो सकती है और इसकी जगह एआई आधारित स्किल डेवलपमेंट ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। सान्याल ने कहा कि इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लेक्चर देने के मामले में इंसानों से कहीं बेहतर हो चुका है। ऐसे में केवल लेक्चर पर आधारित विश्वविद्यालय शिक्षा धीरे-धीरे अप्रासंगिक होती जा रही है। 20वीं सदी तक यूनिवर्सिटी जाना एक खास और सीमित वर्ग की बात थी, लेकिन तकनीक ने इस व्यवस्था को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी लेक्चर आधारित यूनिवर्सिटी सिस्टम को ▸▸ शेष पेज 4 पर



संजीव सान्याल






## तंजानिया...जहां वन और जीव, पर्यटन का ही नहीं, जीवन का भी अहम हिस्सा




डॉ. हिमांशु द्विवेदी

**जीवन में दो विषयों ने हमेशा ही बहुत आकर्षित किया। पहला वन और दूसरा वन्य जीव। जहां तक वनों की बात है तो यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि कान्हा नेशनल पार्क से बेहतर कोई नहीं। आकाश की ऊंचाई नापने को आतुर और सूरज की किरणों को दाखिल होने से रोकने की कोशिश में जुटे असंख्य साल वृक्षों की मौजूदगी रगों में रक्त के प्रवाह को सहज ही बढ़ा देती है। लेकिन, वन्य जीवों के संबंध में हालात पूरी तरह जुदा हैं। इस मामले में हमारा अतीत जितना भी गौरवशाली रहा हो पर लज्जित वर्तमान और आशंकित भविष्य ही सच्चाई है। जारी...**

यात्रा वृतांत

नई- नई मानव बस्तियां बसाने, वनों को उजाड़ कर उनके नीचे से खनिज संपदा पाने और विलासिता व धनोपार्जन की ख़ातिर बेहिसाब वन्यजीवों के शिकार ने हमारे देश में कई वन्य प्राणियों को लुप्त या लुप्तप्राय ही कर दिया। तीन-तीन दिन तक कान्हा समेत तमाम नेशनल पार्क में सुबह शाम बाघ की तलाश करने के बाद भी सैलानियों का असफल लौटना आम बात है। इसके ठीक उलट हालात हैं भारत से छह हजार किलोमीटर दूर अफ्रीकी देश तंजानिया के। प्रथम विश्व युद्ध से पहले जर्मनी और उसके बाद ब्रिटिश उपनिवेश के रूप में जीने को मजबूर रहा इस देश को आजादी की सांस लिए पांच दशक ही बीते हैं। हिंद महासागर के मुहाने पर मौजूद प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह देश अभी अपने पैरों पर खड़ा होने की जद्दोजहद से ही गुजर रहा है। कच्चे मकान और टूटी सड़कों की भरमार है। कानून व्यवस्था का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश की व्यापारिक राजधानी समझे जाने वाले दार ए सलाम शहर में अधिकांश जगहों के लिए सलाह यही दी जाती है कि सूरज ढलने के साथ ही आपका अपने होटल में रहना ही बेहतर है। इसके बाद भी यहां दुनियाभर से पर्यटकों का आना वर्ष भर लगा ही रहता है। इसकी एक मात्र वजह है इस देश में बेहिसाब वन्य जीवों का होना। बिग फाइव अर्थात सिंह, हाथी, गेंडा, तेंदुआ और वनभैंसा को ▸▸ शेष पेज 4 पर



*वन्य जीवों की भरमार के बीच तंजानिया ने राष्ट्रीय पशु के रूप में जिराफ को तय किया है। अपनी लंबी गर्दन के कारण विशिष्ट पहचान रखने वाले इस शाकाहारी जीव को शांत, सौम्य और अहिंसक स्वभाव के कारण सराहा जाता है। 5 से 6 मीटर की ऊंचाई और हजार किलो से ज्यादा वजनी इस जीव को अपनी पतली- पतली टांगो पर चलते देखना हैरत में डाल देता है। तंजानिया के तमाम नेशनल पार्क में सहजता से ही दिख जाने वाले इस जीव को मारना जघन्य अपराध है।*

**खबर संक्षेप**

### नगर निगम में बढ़ेगी शव वाहन की संख्या

**भोपाल।** नगर निगम के शहरभर में 21 जोन के मान से अब 21 एंबुलेंस होंगी, जो जोन स्तर पर उपलब्ध होंगी। शहर के बढ़ते दायरे को देखते हुए नगर निगम आम लोगों को निःशुल्क उपलब्ध करवाने वाली सुविधा का विस्तार करने जा रहा है। इसके तहत निगम के वर्कशाप में यह वाहन तैयार करवाए जा रहे हैं। जो प्रत्येक जोन में उपलब्ध होंगे और जरूरत पड़ने पर आम लोगों के लिए तत्काल बताए गए स्थल पर पहुंचेंगे। वर्तमान में निगम के पास 10 शव वाहन हैं, जिन्हें आम लोगों को सूचना मिलने के आधार पर पहुंचाया जाता है। यह सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क है। निगम के फायर ऑफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि शव वाहनों की संख्या जल्द बढ़ेगी। वर्तमान में निगम के पास 10 शव वाहन हैं। इतने ही वाहन केंद्रीय वर्कशाप में तैयार हो रहे हैं।

### रामकृष्ण मिशन ने की सवा दो करोड़ की सेवा

**भोपाल।** रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ ने भारत में की गई गतिविधियां में अपने 244 केन्द्रों एवं उप केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के लिए 1670.79 करोड़ रुपये खर्च कर 2 करोड़ 12 लाख 77 हजार लोगों की सेवा की। सेवा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, सामान्य कल्याण, राहत एवं पुनर्वास, सामुदायिक कल्याण में ग्रामीण एवं आदिवासी विकास, प्रवचन एवं अन्य सेवाएं शामिल हैं। भारत के बाहर विदेशों में गतिविधियों में वाशिंगटन, डीसी, यूएसए में एक नया केन्द्र प्रारम्भ किया गया। रामकृष्ण मिशन एवं रामकृष्ण मठ ने 24 देशों में स्थित 99 केन्द्रों एवं उप केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्य किये। रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी नित्यज्ञानानंद महाराज के नेतृत्व में मिशन के भोपाल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण इंदूरिया ने बताया कि रामकृष्ण मिशन की 116वीं वार्षिक सामान्य सभा बेलड़ मठ में आयोजित की गई।

### वर्मा के पक्ष में एससी-एसटी के कर्मचारी रहे छुट्टी पर

**भोपाल।** प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) की प्रांतीय कार्यकारिणी आह्वान पर रविवार को अजाक्स संघ की जिला स्तरीय बैठकें आयोजित हुई। निर्देश अनुसार सभी जिलों में आयोजित अजाक्स जिला बैठकों में तय किया गया कि प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में सोमवार को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिकारी-कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे। वहीं वर्मा के समर्थन में 6 जनवरी को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 13 जनवरी को एससी-एसटी महिला संगठनों के द्वारा रैली निकालकर सभी जिलों में कलेक्टर्स को ज्ञापन दिया जाएगा। वहीं 18 जनवरी को वर्मा के समर्थन में भोपाल में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति-जनजाति के सभी विधिक प्रकरण, आरक्षण, पदोन्नति, 1 लाख बैकलॉग के पदों पर भर्ती के संबंध में विशाल रैली निकाली जाएगी।

स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर स्टूडेंटस को दे रहे ट्रेनिंग

# वेस्ट टू वंडर थीम पर राकेट, रोबोट और एयर डिफेंस सिस्टम बनाया

अनुपयोगी सामान से बना रहे फ्यूचर स्किल पार्क

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

नगर निगम के स्वच्छता एंबेसडर इन दिनों स्कूल, कॉलेज और निजी विवि में स्वच्छता मिशन के तहत विद्यार्थियों को वेस्ट टू वंडर थीम पर ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसके तहत मिसरोद स्थित स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी में अनुपयोगी सामान से एयर डिफेन्स और फ्यूचर स्किल पार्क बनाया जा रहा है। स्टूडेंट ने रॉबर्ट और एयर डिफेन्स सिस्टम बनाया है। टीम के सदस्य


आइल केन से बना एयर डिफेंस सिस्टम।

अखलाक अहमद, श्रीराम अहिरवार, विशाल गिरी स्टूडेंट को ट्रेनिंग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैंपस से निकलने वाले अनुपयोगी सामान से वेस्ट टू वंडर थीम के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिफेन्स सिस्टम बनाए जा रहे हैं। कबाड़ हो चुके सामान को एक नया रूप दिया जा रहा है। स्टूडेंट को वेस्ट टू वंडर स्किल का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि परिसर में एक पार्क विकसित किया गया है जिसमें पीवीसी पाइप, ऑयल केन, ड्रम, सीसीवी टीवी कैमरा, प्रिंटिंग प्रेस के टोनर का उपयोग किया गया है। फैकल्टी संदीप पोद्दार ने इसमें एआई तकनीक से वर्चुअल लॉन्च का प्रयोग भी किया है।


आइल केन से बनाए परिंदे।

**कॉलोनियों के पार्कों में कर चुके हैं प्रयोग**


कबाड़ के पाइप से रॉकेटस

स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर द्वारा भेल क्षेत्र की कॉलोनियों में बने पार्कों में भी एयर डिफेंस सिस्मट का मॉडल कबाड़ से जुगाड़ कर बना चुके हैं। वार्ड नंबर-67 के अलावा शहर के अन्य वार्डों के पार्कों में भी इस तरह के प्रयोग करने की योजना है।


रोबोट तैयार करते हुए।

नए वर्ष के जश्न के चलते ट्रेनों में भारी भीड़, रिटायरिंग रूम भी हुए फुल, धार्मिक स्थलों का बढ़ा क्रेज

# मनाली, गोवा, वैष्णो देवी, अयोध्या, मथुरा की ट्रेनों में अगले 5 दिन तक सीट मिलना मुश्किल

लंबी वेटिंग व नो-रूम की स्थिति देखने को मिल रही

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

नए साल की आहट के साथ ही स्वागत एवं जश्न की जोरशोर से तैयारी पूरी हो गई। राजधानी वासी घर से बाहर मनाने के लिए लगातार पर्यटन व धार्मिक स्थलों के लिए ट्रेनों में रिजर्वेशन करा रहे है।

इसमें जहां पर्यटक क्षेत्र में मनाली, जम्मू-कश्मीर, गोवा व केरल लोगों की पहली पंसद है। तो वहीं धार्मिक स्थलों पर वैष्णो देवी, शिरडी, अयोध्या, बनारास, मथुरा वृंदावन, मैहर व खाटूश्याम आदि जगहों की बुकिंग करा रहे है। इसके चलते अब ट्रेनों में लंबी वेटिंग व नो-रूम की स्थिति देखने को मिल रही है। कई में प्रतीक्षा सूची इतनी लंबी है कि टिकट कंफर्म होना मुश्किल है। आने वाले पांच दिनों तक ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है।


स्टेशन पर भारी भीड़।

## स्टेशन व रिटायरिंग रूम में यात्रियों की खासी भीड़-भाड़


भोपाल स्टेशन पर यात्रियों की भीड़।

इसके चलते इन दिनों ट्रेनों व स्टेशनों पर यात्रियों की खासी भीड़-भाड़ देखने को मिल रही है। तो वहीं रिटायरिंग रूम फुल हो गए। न्यू ईयर का जश्न मनाने भोपाल से कई लोग वैष्णो देवी दर्शन करने पहुंच गए है। तो अभी यह सिलसिला जारी है। इसके चलते मालवा एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। इसी तरह मुंबई, गोवा आदि जगह मथुरा जाने वाली ट्रेनों में करीब 100 के ऊपर वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। इनमें जहां गोवा एक्सप्रेस के भी स्लीपर में नो रूम की स्थिति देखने को मिल रही है। एसी क्लास के कोच में वेटिंग लंबी है। इनमें गोवा व मुंबई तक के लिए स्लीपर में भी वेटिंग मिलना मुश्किल है।

**143 किमी का इन्फ्रॉस्ट्रक्चर कमीशनिंग कर आधारभूत संरचनाओं का विस्तार**

पश्चिम मध्य रेल के लिए इन्फ्रास्ट्रचर कमिशनिंग, नई लाइनें बिछाने/दोहरीकरण/तिहरीकरण एवं रेल फ्लाईओवर, स्क्रैप बिक्री, यात्री सुविधाओं में विस्तार, रेल परिचालन, संरक्षा एवं सुरक्षा और तकनीकी नवाचार एवं रेल सेवाओं की शुरुआत के साथ उपलब्धियों से भरा वर्ष साबित हुआ। इसके साथ डिजिटल तकनीक के उपयोग, स्टेशन पुनर्विकास, स्वस्थ्य एवं स्वच्छता पहल तथा अधोसरंचनात्मक निर्माण के माध्यम से पश्चिम मध्य रेल ने भारतीय रेल के कई श्रेणियों में अपनी सशक्त पहचान बनाई है। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन और दिशा-निदेर्शानुसार तकनीक का उपयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से कार्य किये जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेल पर तीनों मण्डलों के समन्वय से यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के कार्य नियमित रूप से किये जा रहे हैं।

## साल की आखिरी पौष पुत्रदा एकादशी आज, संतान सुख के लिए आज रखेंगे उपवास

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

भगवान विष्णु की आराधना के लिए सवोत्तम तिथि एकादशी होती है। साल की अंतिम एकादशी व्रत पुत्रदा एकदशी के रूप में मंगलवार को रखा जाएगा। इस दौरान राजधानी के बिड़ला मंदिर, श्रीजी मंदिर, गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भगवान की विशेष पूजा पाठ व अभिषेक किया जाएगा।


खाटू श्याम मंदिर रचना नगर में सुबह 9 :30 पर अभिषेक होगा।

श्रद्धालु भगवान के दर्शनकर घर-परिवार की सुख-शांति व संतान लंबी आयु के लिए व्रत रहेंगे। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि मंगलवार को साल की आखिरी एकादशी पौष पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विधिपूर्वक व्रत किया जाता है। पौष पुत्रदा एकादशी व्रत करने से साधक को जीवन के दुखों से मुक्ति मिलती है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। इस व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर किया जाता है। पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत मंगलवार को सुबह 07 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी। इसका समापन- 31 दिसंबर को सुबह 05 बजे होगा।

### यह रहेगा पूजा का मुहुर्त

- ब्रह्म मुहूर्त में 5:24 से 06:19
- प्रातः सन्ध्या- सुबह में 5:51 से 07:13
- अभिजित मुहूर्त- दोपहर में 12:3 से 12:44
- विजय मुहूर्त- दोपहर में 2:07 से 02:49
- निशिता मुहूर्त- रात 11:57 से सुबह 12:51

सरकार की सद्बुद्धि के लिए की प्रार्थना

## पत्रकारों पर हमले के विरोध में एमसीयू के छात्रों का प्रदर्शन


एमसीयू के छात्र प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

सीहोर में एक निजी न्यूज़ चैनल के पत्रकार प्रमोद शर्मा और रजत दुबे के साथ हुई कथित मारपीट और पुलिसिया दुर्व्यवहार के विरोध में सोमवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय परिसर में मीडिया छात्रों ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने दादा माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की तथा पत्रकारों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। यह विरोध प्रदर्शन परिसर में लगी माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा के नीचे, माखनपुरम चौराहा पर किया गया।

इसमें बड़ी संख्या में मीडिया विद्यार्थी, शोधार्थी एवं छात्र संगठनों से जुड़े जागरूक युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पत्रकारों पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मीडिया विद्यार्थी प्रतीत चांडक ने कहा कि यह विरोध किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए किया गया है।

तीसरे दिन माता सरस्वती के प्राकट्य की सुनाई कथा

## देवी जयंती महारानी मंगला काली दुर्गा देवी कथा में मधु कैटभ का संहार...

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

नमस्कार देवी जयंती महारानी श्री मंगला काली दुर्गा भवानी... नमस्कार चामुंडे जगतारिणी को नमस्कार मधुकैटभ संहारिणी को.. हे सर्व स्वरूप में विराजमान जगदम्बे, मधु कैटभ के अत्याचार को समाप्त करने वाली देवी दुर्गा हम सब आपको प्रणाम करते हैं।

इसी प्रकार 12 नंबर दुर्गा पार्क में चल रही देवी भागवत कथा में श्रोताओं ने भावपूर्ण रूप से माता आदिशक्ति की स्तुति करी। भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य शशांक महाराज ने मधु कैटभ की उत्पत्ति, उनकी तपस्या और मां भगवती उन्हें दिए गए वरदान का वर्णन करते हैं। आगे की कथा में बताते हैं कि


भागवत कथा का दृश्य।

वरदान मिलने के बाद मधु कैटभ ब्रह्मा जी को युद्ध के लिए ललकारते हैं। ब्रह्मा जी नारायण की स्तुति कर उन्हें योगनिद्रा से जगाकर युद्ध के लिए आग्रह करते हैं। तब नारायण लगातार 5000 वर्षों तक मधुकैटभ से युद्ध करते है लेकिन उन्हें हरा नहीं पाते। तब नारायण मां भगवती की शरण में जाकर उनसे इसका कारण पूछते है और देवी उन्हें वरदान के बारे में बताती हैं।

वार्ड पांच स्थति अतिक्रमण का मामला

## निगमायुक्त ने रहवासियों से कहा-कब्जा नहीं होने देंगे

कोलार राजवैद्य बी सेक्टर-कॉलोनी के रहवासी ननि आयुक्त संस्कृति जैन से मिले

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल



कोलार के वार्ड- 83 की राजवैद्य बी सेक्टर कॉलोनी में नाले के किनारे सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी के स्वच्छता अभियान व पार्क विकसित करने के नाम से किए जा रहे कब्जे को लेकर सोमवार को रहवासी निगम आयुक्त से मिलने पहुंचे और कहा कि कहा कि कब्जा हटवाकर बाल उद्यान बनवा दीजिए। वहां खुलेआम कब्जा हो रहा है। इस पर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा कि कब्जा नहीं होने देंगे दोबारा जांच करवाएंगे।

रहवासियों ने ननि आयुक्त को दिए ज्ञापन में कहा कि शासकीय जमीन पर खुलेआम स्वच्छता अभियान व पार्क विकसित करने के नाम पर कब्जा किया जा रहा है। इससे रहवासी परेशान हैं। नाले के किनारे की जमीन पर पार्क के नाम पर किए गए कब्जे को हटवाया जाए। रहवासियों की यह शिकायत सुनकर नगर निगम आयुक्त बोलीं यह मामला मेरे संज्ञान में हैं। दोबारा जांच करवाई जाएगी। वहां कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

वक्ताओं ने तकनीकों पर दिया विशेष बल

## बीयू में एआई, मशीन लर्निंग के साथ कई विषयों पर वर्कशॉप


वर्कशॉप का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग और बायोइन्फॉमेटिक्स पर आधारित सात दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यशाला में एआई एवं मशीन लर्निंग की मूल अवधारणाओं, प्रोटीओमिक्स, जीनोमिक्स, मेटाबोलोमिक्स, कोडॉन ऑप्टिमाइज़ेशन, वैक्सीन तकनीक, आणविक मार्कर, ड्रग डिज़ाइन, कैंसर निदान, मल्टी-ओमिक्स डेटा विश्लेषण तथा न्यूरल नेटवर्क आधारित बायोइन्फार्मेटिक्स टूल्स जैसे विषयों पर व्याख्यान हुए।

### कुलगुरू ने एआई पर विचार साझा किए

समापन सत्र में डॉ. किशोर शेंडे ने कार्यशाला का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संयोजक प्रो. रागिनी गोथलवाल ने विभिन्न संस्थानों के सहयोग, प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी तथा सभी संसाधन व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। रजिस्ट्रार प्रो. एसबी सिंह ने प्रतिभागियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए सराहना की।

कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में किए सेवा कार्य, बेसहारा लोगों को दान किए कपड़े-कंबल

# मंत्री विश्वास सारंग ने अपने जन्म दिन को वर्चुअल मनाकर पेश की अनूठी मिसाल


मंत्री सारंग ने अपने जन्मदिन पर गिरिराज धाम के दर्शन किए।

हरिभूमि न्यूज >> भोपाल

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के आह्वान पर जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेशभर में उनके शुभचिंतकों, कार्यकर्ता व समर्थकों द्वारा सेवा और सामाजिक सरोकार के अनेक कार्य संपन्न हुए। मंत्री सारंग ने अनूठी मिसाल पेश करते हुए यह आवाह्न किया था कि वे इस वर्ष भी अपना जन्मदिन वर्चुअल माध्यम से मनाएंगे। किसी भी प्रकार के सार्वजनिक आयोजन, शोरगुल या व्यक्तिगत भेंट से दूर रहते हुए उन्होंने जन्मदिन को सेवा और जनकल्याण से जोड़ने का संदेश दिया। मंत्री सारंग के आग्रह के अनुरूप कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने जन्मदिन को सेवा कार्यों के लिए समर्पित किया। विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को किताबें एवं स्टेशनरी वितरित की गई, बेसहारा एवं असहाय लोगों को गर्म कपड़े व कंबल प्रदान किए गए, भोजन वितरण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ


पौधरोपण करते कार्यकर्ता।

पौधरोपण किया गया। तो वहीं सारंग ने मथुरा में संतजनों को भोजन कराया तथा श्री गिरिराज धाम में गिरिराज के दर्शन-पूजन कर सभी के मंगल और कल्याण की कामना की। मंत्री सारंग ने सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### देश में नंबर 1 पर ट्रेंड हुआ

मंत्री सारंग द्वारा जन्मदिन वर्चुअल रूप से मनाने की अपील का व्यापक प्रभाव देखने को मिला। देशभर से शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस क्रम में ट्विटर (एक्स) पर हैशटैग कई घंटों तक देश में नंबर-1 ट्रेंड करता रहा।




नरेला विधानसभा क्षेत्र के समस्त वार्डों में सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विभिन्न आंगनबाड़ियों में बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित कर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित किया गया।

भोपाल
मंगलवार, 30 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष -11
वर्ष : 12, अंक : 270
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 11

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 310 के स्ट्राइक रेट से चला वैभव ...



विचार पेज
06 नए साल में भी मजबूत रहेगी...

### पीएम मोदी-संघ की तारीफ के बाद दिग्विजय से जवाब देते नहीं बन रहा

# अब राहुल गांधी ने बोला-आप 'अपना काम' कर गए...पर, ये ठीक नहीं किया

## रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम के दौरान राहुल की मुलाकात दिग्विजय सिंह से हुई थी



एजेंसी ⏭नई दिल्ली

कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से पहले भाजपा और आरएसएस की संगठन शक्ति की तारीफ कर पार्टी के लिए असहज हालात पैदा कर दिए। हालांकि, बाद में उन्होंने सफाई भी दी और कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस की नीतियों के धुर विरोधी हैं। लेकिन तब तक पार्टी के अंदरूनी हालात काफी असहज हो चुके थे। सूत्रों के मुताबिक रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम के दौरान जब राहुल गांधी की मुलाकात दिग्विजय सिंह से हुई तो उन्होंने दिग्विजय सिंह को कहा-आप अपना काम कर गए। आप बदमाशी कर गए। ▶▶शेष पेज 4 पर



कैलाश विजयवर्गीय और दिग्विजय सिंह फाइल फोटो

### कैलाश बोले-दिग्विजय ने आगे बढ़ाई सरकार पटेल की सच बोलने की परंपरा

**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय खुल कर दिग्विजय के समर्थन में उतर आए हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के पूर्व सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी निधि चतुर्वेदी ने दिग्विजय का विरोध करते हुए उन्हें वैचारिक दोगला कहा है। विजयवर्गीय ने एक्स पर दिग्विजय के समर्थन में लिखा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन सच कहने का साहस भी होना चाहिए जो हर किसी में नहीं होता। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरएसएस की तारीफ कर अपने साहसी होने का परिचय दिया ▶▶शेष पेज 4 पर

### यह जमीनी कार्यकर्ताओं के मुंह पर तमाचा: निधि

कांग्रेस के पूर्व सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी और कांग्रेस नेत्री निधि चतुर्वेदी ने दिग्विजय




सिंह के आरएसएस संबंधी बयान को लेकर एक फेसबुक पोस्ट किया है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से दिग्विजय के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। निधि ने आरोप लगाया कि ▶▶शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### भारत की पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी पहली स्वदेशी एमआरआई मशीन बना ली है। यह उपलब्धी






वॉक्सलग्रिड्स नाम के स्टार्टअप के संस्थापक अर्जुन अरुणाचलम और उनकी टीम को मिली है। खास बात यह भी है कि उनका स्टार्टअप श्रीधर वेम्बू की कंपनी जोहो द्वारा समर्थित था। इसके अलावा यह एमआरआई स्कैनर विदेशी मशीनों की तुलना में 40% सस्ता भी होगा। स्टार्टअप जोहो द्वारा समर्थित था।

### गेट के सामने युवक ने लगाई फांसी, मौत

**मंडला।** स्थानीय रेलवे स्टेशन गेट के सामने सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद होने से



सनसनी फैल गई। घटना सुबह करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। इस क्षेत्र में हुई इस गंभीर घटना की भनक मौके पर तैनात जीआरपी और आरपीएफ को तुरंत नहीं लग सकी। पुलिस द्वारा मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक आधार कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान विष्णु मंडल के रूप में हुई है।

### प्रेम प्रसंग:किशोरी और प्रेमी की मौत,शव मिले

**गुना।** शहर की रसीद कॉलोनी में प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला सामने आया है, जिसमें नाबालिग किशोरी



और एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रसीद कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवक गणेश का मोहल्ले में ही रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी से पिछले 7-8 महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी कक्षा 8 वीं की छात्रा थी। दोनों को समझाने का प्रयास भी किया था।

### पाक के पैरों तले खिसक जाएगी जमीन : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने पुराने हथियारों का अपग्रेड करने, नए आधुनिक हथियारों की खरीद को मंजूरी दी

# अमेरिकी ड्रोन, इजराइली बम व पिनाका '79 हजार करोड़' की खरीदी को मंजूरी

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए 79 हजार करोड़ के मिसाइल, रॉकेट और ड्रोन्स सहित विभिन्न गोला-बारूद और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी है।

इनमें थलसेना के लिए लोएटरिंग म्युनिशन और पिनाका रॉकेट सहित वायुसेना के लिए अस्त्रा मिसाइल और स्पाइस-1000 बम शामिल हैं। नौसेना के लिए अतिरिक्त हाई ऑल्टिट्यूड लॉन्ग रेंज (हेल) रिमोटली पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने की मंजूरी भी दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को रक्षा अधिग्रहण (खरीद) परिषद की अहम बैठक हुई। बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों सहित रक्षा सचिव भी मौजूद रहे। बैठक में तीनों अंगों के लिए इन हथियारों और सैन्य साजो सामान की आवश्यकता के लिए मंजूरी (एओएन) को हरी झंडी दी गई। सेना के हथियारों की खरीद (सौदे) के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में एओएन पहला चरण होता है।

◀ बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों सहित रक्षा सचिव भी मौजूद रहे

हथियारों की खरीद (सौदे) के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में एओएन पहला चरण

थलसेना की आर्टिलरी (तोपखाने) के लिए लोइटरिंग म्युनिशन की मंजूरी

नौसेना के लिए अतिरिक्त हाई ऑल्टिट्यूड लॉन्ग रेंज (हेल) रिमोटली पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने की मंजूरी भी दी गई



सेना प्रमुखों के साथ बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### दुश्मन के छोटे साइज के ड्रोन भी नहीं बचेंगे

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक थलसेना की आर्टिलरी (तोपखाने) के लिए लोइटरिंग म्युनिशन की मंजूरी दी गई है, जिससे टेक्टिकल टारगेट पर सटीक निशाना लगाया जा सके। थलसेना के पिनाका मल्टी रॉकेट लॉन्चर सिस्टम (एमआरएलएस) के लिए लंबी दूरी के गाइडेड ▶▶शेष पेज 4 पर

### स्पाइस-1000 बम की खरीद को मिली मंजूरी

रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए अस्त्रा मार्क-2 मिसाइल और स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाईडेंस किट की खरीद को भी मंजूरी दी है। वायुसेना के सुखोई और लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस को अस्त्रा मिसाइल से लैस किया गया है। मिराज लड़ाकू विमानों ▶▶शेष पेज 4 पर

### नेवी के लिए लीज पर लिए जाएंगे आरपीएएस

नौसेना के लिए रक्षा मंत्रालय ने एक बार फिर हाई ऑल्टिट्यूड लॉन्ग रेंज (हेल) रिमोटली पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) को लीज पर लेने की मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि ये नहीं बताया है कि कितने आरपीएएस लीज पर लिए जाएंगे, लेकिन माना जा रहा है कि ऐसे 2 एयरक्राफ्ट को मंजूरी दी गई है। नौसेना वर्ष 2020 से अमेरिका से लीज पर लिए 02 एमक्यू-9 प्रीडेटर रीपर (आरपीएएस) क इस्तेमाल कर रही है। ऐसे में जिन आरपीएएश को मंजूरी दी गई है, वे भी एमक्यू-9 हो सकते हैं। दरअसल, भारत ने अमेरिका से 31 ऐसे एमक्यू-9 ड्रोन का सौदा किया है, जिनमें से 15 नौसेना के लिए है और बाकी 8-9 थलसेना और वायुसेना के लिए. हालांकि डील को ▶▶शेष पेज 4 पर

### धान के दाम 4500 रु. क्विंटल पर अड़े



नाराज किसानों ने लगाया जाम

## धान के कम दाम....नाराज किसानों का विदिशा-रायसेन में चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/विदिशा

धान के दामों में अचानक आई गिरावट से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसान तीन रोज धान के दाम 3300 से 3500 सही दाम मिलने से संतुष्ट रहे। लेकिन सोमवार को कम दाम मिलने से किसान निराश हुए। सोमवार को नीलामी के दौरान धान अधिकतम 3 हजार 2300 और न्यूनतम में 2 हजार 700 रुपए प्रति क्विंटल बिकी। इससे किसानों का गुस्सा उबाल पर आ गया। गुस्साए किसान धान उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को लेकर सागर भोपाल तिराहे पर खड़ा कर जाम लगा दिया। किसान अपनी धान की उपज के दाम 4500 रुपए क्विंटल दिए जाने की मांग पर अड़े हुए थे।

■ 3 दिन धान के 3300 से 3500 सही दाम मिलने से संतुष्ट रहे

इस दौरान किसानों को समझाइश देने अपर कलेक्टर मनोज ▶▶शेष पेज 4 पर

### नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण की मांग



सड़क पर उतरे संतों ने कहा-सड़क का चौड़ीकरण कीजिए

## टोल पर संतों का कब्जा, बिना 'टैक्स' दिए निकाली गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भिंड

भिंड जिले के मालनपुर स्थित बरैठा टोल प्लाजा पर नेशनल हाईवे चौड़ीकरण की मांग को लेकर संत समाज का आंदोलन सोमवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद टाल दिया गया। करीब डेढ़ से दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान भिंड और ग्वालियर के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने संत समाज को भरोसा दिलाया कि नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण का पूरा प्रोजेक्ट सरकार को भेजा जा चुका है। आगामी 7 से 8 महीनों के भीतर डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार ▶▶शेष पेज 4 पर

■ बरैठा टोल प्लाजा और हाईवे पर जोरदार प्रदर्शन

### जिले में पहला ऐसा मामला आया सामने

## सटटा किंग आजाद खान का करोड़ों का 3 मंजिला होटल ढहा



इसके पहले फार्म हाउस पर हुई थी कार्रवाई

**अशोकनगर।** शहर के सटटा किंग आजाद खान के आजाद पैलेस होटल पर प्रशासन ने होटल ध्वस्त कर दिया। 3 मंजिला इस होटल को गिराने के लिए जेसीबी मशीनों को लगाया गया। एक दिन पहले ही प्रशासन ने इस होटल को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इस मौके 100 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे। दोपहर 3 बजे से एक्शन शुरू हुआ और मौके पर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीओपी विवेक शर्मा, नगरपालिका ▶▶शेष पेज 4 पर

### बर्थडे पार्टी से लौटते वक्त भीषण हादसा

## तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसी, 3 की मौत, 3 घायल



सीटों को काटकर निकालना पड़े शव

**विदिशा।** जन्मदिन की खुशी कुछ ही पलों में मातम में बदल गई। रविवार देर रात करीब 1.30 बजे मेहलुआ चौराहे के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कुरवाई थाना के एसआई शैलेंद्र नायक के अनुसार मृतकों की पहचान 21 वर्षीय अंकित ▶▶शेष पेज 4 पर

### वीडियो वायरल होने पर लोगों में आक्रोश

## युवक को आईएएस ने जड़ दिए थप्पड़ पुजारी से कहा तुझे रेत में गड़वा दूंगा



चालानी कार्रवाई पर अफसर को नहीं था भरोसा

**नरसिंहपुर।** नर्मदा तट पर पेशाब करने से नाराज जिला पंचायत सीईओ आईएएस गजेंद्र नागेश ने एक युवक को थप्पड़ मारे। बीच-बचाव करने पर पुजारी को धमकी भी दी। घटना शनिवार की है। सोमवार को इसका वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। घटना बरमान रेत घाट की है। यहां घाट के पास ▶▶शेष पेज 4 पर

### कार में ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल करने पर एक्शन

## आईपीएस बेनीवाल ने कहा: तुम्हारे फूफा चाहे प्रेसिडेंट हों तो भी चालान तो होगा ही

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

ग्वालियर में चेकिंग के लिए खुद आईपीएस अफसर अनु बेनीवाल सड़कों पर उतरी हुई हैं। इस दौरान जब एक कार चालक ने अपने रिश्तेदारों के रसूख का हवाला दिया तो आईपीएस अनु बेनीवाल बोलीं कि तुम्हारे फूफा चाहे प्रेसिडेंट हों तो भी चालान तो होगा ही।

उनका ये वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। ग्वालियर में आईपीएस अनु बेनीवाल वाहनों की चेकिंग कर रही थीं। उनके साथ शहर के सभी ट्रैफिक थाना प्रभारी और पुलिस बल भी मौजूद था। सभी गाड़ियों की



अनु बेनीवाल

चेकिंग की जा रही थी ब्लैक फिल्म, तेज आवाज वाले हॉर्न, गोलियों की आवाज निकालते हुए बुलेट बाइक को रोककर उन पर कार्रवाई की गई। इसी दौरान कंपू थाना क्षेत्र के शीतला शाह चौराहे पर एक ब्लैक फ्रेम चढ़ी हुई कार को रोका गया। कार को चेक किया गया तो पूरी कार पर ब्लैक फिल्म चढ़ी हुई थी। इसके साथ ही कार में भारी भरकम डंडा भी रखा हुआ था।

जब आईपीएस अफसर अनु बेनीवाल ने इसे देखा तो कार की चालानी कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान कार चला रहे युवक ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए खुद को भाजपा नेता का रिश्तेदार बताते हुए चालान नहीं काटने को कहा। इस दौरान आईपीएस ▶▶शेष पेज 4 पर

### 6 जिलों में रात का पारा 5 डिग्री तक, 4 जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर से कम

नया पश्चिमी विक्षोभ 30 दिसंबर को सक्रिय हो रहा लेकिन, यह भी स्ट्रांग नहीं

# अगले 3 दिन तेज सर्दी व घने कोहरे के.... 27 जिले 10 डिग्री से नीचे, जनवरी के दूसरे सप्ताह में बारिश होगी!

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के 27 से अधिक जिलों में सोमवार को भी कड़ाके की सर्दी रही। इन जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहा, जबकि 6 जिले 5 डिग्री तक दर्ज हुए। अगले तीन दिन प्रदेशभर में तेज सर्दी और कोहरे का प्रभाव रहेगा।

इसके बाद तापमान में कुछ बढ़त होगी। जनवरी के दूसरे सप्ताह तक कुछ जिलों में बादल और बारिश की भी उम्मीद है। इसके बाद कुछ जिलों में पाले के हालात बन सकते हैं। मौसम केंद्र के अनुसार तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के ▶▶शेष पेज 4 पर



भोपाल के शौर्य स्मारक के सामने वाली सड़क का दृश्य

### यहां कोल्ड वेव रहेगी

सोमवार को भोपाल, राजगढ़, इंदौर, शहडोल जिलों में शीतलहर रही। मंगलवार को भी भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, देवास, शाजापुर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। धार, नर्मदापुरम, खंडवा, नरसिंहपुर और सिवनी आदि जिलों को छोड़कर शेष जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से कम रहा है। सोमवार को कल्याणपुर (शहडोल) 3.8, राजगढ़ 4, उमरिया, नौगांव (छतरपुर) 5, पचमढ़ी (नर्मदापुरम) 5.2 और मलाजखंड में रात का पारा 5.3 ▶▶शेष पेज 4 पर

### सीटीआर से लेकर चीन तक फैला तस्करी का कारोबार, महिला तस्कर को बॉर्डर से किया गिरफ्तार

# बाघों की सुरक्षा में सेंध- मध्य प्रदेश में अब तक 55 मौतें, वर्ष 2010 से लेकर अब तक मौत के मामलों में भी शीर्ष पर पहुंचा टाइगर स्टेट

**इससे पहले बुधनी मिडघाट रेललाइन पर भी एक बाघ का शव मिलने की घटना सामने आ चुकी है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में बाघों की लगातार हो रही मौतों ने वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला सागर जिले का है, जहां ढाना रेंज के हिलगन गांव के पास जंगल में एक बाघ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह पिछले 15 दिनों में प्रदेश में बाघ की सातवीं मौत है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व स्थित है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि यह बाघ उसी क्षेत्र से भटककर यहां पहुंचा होगा।

**देश में बाघों की मौत (एनटीसीए के अनुसार)**



2021 - 129
2022 - 122
2023 - 182
2024 - 126
2025 - 103

बाघ की पहचान और मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। इससे पहले बुधनी मिडघाट रेललाइन पर भी एक बाघ का शव मिलने की घटना सामने आ चुकी है। बीत रहे वर्ष 2025 में प्रदेश में अब तक 55 बाघ की मौत हो चुकी है। इसमें अधिकतर मामले शिकार के हैं।

वहीं, जानकारों का कहना है कि टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश वर्ष 2010 से अब तक शिकार से बाघों की मौत के मामलों में भी शीर्ष पर बना हुआ है। हालांकि मध्य प्रदेश में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सालों पहले हुए शिकार और तस्करी के मामले में भी वन विभाग ने चीन बॉर्डर के पास से महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रदेश में टाइगर का शिकार करने के बाद खाल और हड्डियों को चीन में बेचा जाता था।

### प्रोजेक्ट टाइगर के बाद सर्वाधिक मौतें

सागर जिले में बाघ की मौत की घटना ऐसे समय सामने आई है, जब वर्ष 2025 में अब तक मध्य प्रदेश में कुल 55 बाघों की मौत दर्ज की जा चुकी है। यह आंकड़ा प्रोजेक्ट टाइगर की शरुआत के बाद किसी एक वर्ष में अब तक का सबसे अधिक माना जा रहा है। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो-2021 में 34, 2022 में 43, 2023 में 45 और 2024 में 46 बाघों की मौत दर्ज की गई थी। बीते छह वर्षों में ही प्रदेश में कुल 269 बाघों की मृत्यु हो चुकी है।

### बाघों की 57 प्रतिशत मौतें अप्राकृतिक

विशेषज्ञों और आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लगभग 57 प्रतिशत बाघों की मौतें अप्राकृतिक कारणों से हुई हैं। इनमें अवैध शिकार, बिजली के करंट से मौत, जहर देना और आपसी संघर्ष जैसे कारण शामिल हैं। कई मामलों में शिकारियों द्वारा बाघों के अंग काटकर ले जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय तस्करी की आशंका और बढ़ जाती है।

### जिम्मेदारी तय होने पर ही रुकेंगी मौतें

वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने कहा कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लंबे समय से शिकारियों के निशाने पर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 की रिपोर्ट में बाघों की बढ़ती मौतों और शिकार की घटनाओं का उल्लेख किया गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दुबे ने कहा कि जब तक शिकार के मामलों में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2010 से अब तक मध्य प्रदेश बाघों की अप्राकृतिक मौतों के मामलों में देश में शीर्ष पर रहा है।

## वन-राजस्व विभाग का विवाद अब डिप्टी कलेक्टर निपटाएंगे

**भोपाल।** प्रदेश के 45 जिलों में 30 लाख 4 हजार 624 हेक्टेयर जमीन पर वन और राजस्व विभाग के बीच विवाद की स्थिति है। अब इस विवाद को निपटाने के लिए राज्य सरकार डिप्टी कलेक्टरों की मदद लेगी। राज्य शासन ने प्रदेश के वन क्षेत्रों में तीस लाख हेक्टेयर से अधिक वन और राजस्व भूमि संबंधी विवाद चिन्हित किए हैं।

अब इनके निराकरण के लिए अलग से वन व्यवस्थापन अधिकारी की तैनाती की जाएगी। इसके लिए डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारियों को वन व्यवस्थापन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। ये सभी विवादित प्रकरण वर्तमान में 45 जिलों के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के न्यायालय में विचाराधीन है। मुख्यमंत्री ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत सर्वाधिक विवादित प्रकरण वाले जिलों में अलग से पांच व्यवस्थापन अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए है। इनके पास अब केवल वन और राजस्व भूमि विवाद के निराकरण का ही एक मात्र काम होगा वे अन्य काम नहीं करेंगे।

सागर में सर्वाधिक 512, बैतूल में 482, सीधी में 416, शहडोल में 449, टीकमगढ़ में 255 तथा मंडला में 218 वन खंडों में वन और राजस्व भूमि के विवाद के मामले चिन्हित किए गए है। जबलपुर में 19 हजार 370 हेक्टेयर, सतना के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर में एक लाख 97 हजार 792 हेक्टेयर, छिंदवाड़ा में 2 लाख 23 हजार 498, सिंगरौली में एक लाख 23 हजार हेक्टेयर वन भूमि और राजस्व भूमि के बीच विवाद की स्थिति है। भोपाल जिले के पचास वन खंडों में तेरह हजार 338 हेक्टेयर वन-राजस्व भूमि पर विवाद की स्थिति है।

### सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर सिंहस्थ को प्रदान करेंगे भव्यता

# उज्जैन आने वाले श्रद्धालु केवल हमारे मेहमान नहीं, महाकाल के खास अतिथि, कमी न रहे

- पुराने हॉकी स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा
- चिंतामण गणेश बनेगा मुख्य स्टेशन, मोहनपुरा में भी होगा रेलवे स्टेशन, उज्जैन में बन रहा एयरपोर्ट
- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया करीब 129 करोड़ रुपए के 12 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष उज्जैन डॉट कॉम वेब पोर्टल का किया शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते तीन-चार दिनों के अंदर ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। उज्जैन आने वाले सभी श्रद्धालु सिर्फ हमारे मेहमान नहीं, स्वयं बाबा महाकाल की ओर से आमंत्रित अतिथि हैं। महाकाल ने उन्हें दर्शन देने के लिए बुलाया है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं के सत्कार से जुड़ी हर व्यवस्था में संवेदना और आत्मीयता भी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से ही उज्जैन नगरी सिर्फ भारत नहीं, सम्पूर्ण विश्व की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां लगभग 129 करोड़ रुपए की लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार की गई तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक साथ लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन के नागरिकों का सहयोग ही बाबा महाकाल की सच्ची सेवा है। सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर सिंहस्थ-2028 को सबसे भव्य, दिव्य और अनुशासित के साथ एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन बनाएंगे।

इस प्रोजेक्ट के जरिए विद्यार्थियों को कम उम्र से ही कोडिंग और डिजिटल सोच से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष उज्जैन डॉट काम वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। यह पोर्टल युवाओं के लिए सीखने, मार्गदर्शन और अवसरों का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म बनेगा। साथ ही कौशल सेतु इंडस्ट्री-लीड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आगाज किया। कौशल सेतु शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को पाटते हुए युवाओं को वास्तविक इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीनों पहले उज्जैन के युवाओं को केवल डिग्री तक ही सीमित नहीं रखेंगी, बल्कि उन्हें जॉब-रेडी, स्टार्टअप-रेडी और फ्यूचर-रेडी बनाने का आधार तैयार करेंगी।

### 124 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन शहरी क्षेत्र में 124 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इसमें करीब 102 करोड़ रुपए लागत से विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य, 9.50 करोड़ रुपए लागत से कपिला गौशाला का संवर्धन एवं विकास कार्य, 8.75 करोड़ रुपए लागत से पंवासा क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में विकास कार्य, 3.47 करोड़ रुपए लागत से कानीपुरा में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण तथा लगभग 5 करोड़ रुपए लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है।

### इस स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा

सीएम ने घोषणा की कि उज्जैन के इस पुराने हॉकी स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा, जिससे यहां इंटरनेशनल हॉकी मैच हो सकें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारतीय खिलाड़ी लगभग सभी खेलों में पदक विजेता बन रहे हैं। हम मप्र के युवाओं को नौकरी लेने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सीखो-कमाओ योजना, स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम जैसी पहलें युवाओं को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव देकर उन्हें बाजार और उद्योगों के लिए तैयार कर रही हैं।

### इंदौर-उज्जैन के बीच भविष्य में मेट्रो भी दौड़ेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रोजेक्ट स्वाध्याय के लिए 3 हजार युवाओं के लिए निनौरा और मक्सी के पास 2 हजार युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र शुरू किए हैं। इंदौर-उज्जैन के बीच भविष्य में मेट्रो भी दौड़ेगी, लेकिन उससे पहले वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की सौगात मिलेगी।

### मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 को होगी

# नगरीय निकाय उप निर्वाचन में 67.28 और पंचायत में 65.37 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन के लिए सोमवार को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। सोमवार को शाम 6 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए 67.28 प्रतिशत और पंचायत उप निर्वाचन में 65.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। नगरीय निकायों में मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस उप चुनाव में आयोग द्वारा मतदान दिवस की जानकारी के लिए पीठासीन अधिकारी और प्रेक्षकों की ओर से प्रेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के लिए प्रेक्षा ऐप विकसित कर सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी कि भिण्ड जिले के नगरीय निकाय मेहगांव में 83.54, आलमपुर में 80.62 और लहार में 66.56 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसी तरह रीवा जिले के सेमरिया में अध्यक्ष पद के लिये हुए मतदान में 64.05 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। मण्डला में 68.25, देवास जिले के सतवास में 79.72 और बड़वानी जिले के नगरीय निकाय पानसेमल में 70.92 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### श्योपुर में 69.29, मुरैना में 76.89, भिण्ड में 62.87, ग्वालियर में 79.53 मतदान

पंचायत उप निर्वाचन के लिए जिला श्योपुर में 69.29, मुरैना में 76.89, भिण्ड में 62.87, ग्वालियर में 79.53, दतिया में 80.98, शिवपुरी में 87.47, अशोकनगर में 68.57, सागर में 64.40, टीकमगढ़ में 67.45, दमोह में 70.38, पन्ना में 56.84, सतना में 56.94, रीवा में 44.45, सीधी में 59.18, शहडोल में 64.21, अनूपपुर में 54.25, कटनी में 71.58, जबलपुर में 78.49, बालाघाट में 71.10, सिवनी में 73.37, नरसिंहपुर में 75.83, छिंदवाड़ा में 75.19, बैतूल में 77.53, नर्मदापुरम में 83.56, विदिशा में 75.88, आगर-मालवा में 70.68, शाजापुर में 86.75, खण्डवा में 80.05, खरगौन में 75.72, बड़वानी में 69.56, उज्जैन में 62.11, रतलाम में 86.86, मंदसौर में 82.65, नीमच में 89.25 और जिला मउगंज में 58.67 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी

सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को सुबह 10.30 बजे से की जाएगी। स्थानीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 उत्तरार्द्ध में 6 पार्षद एवं एक अध्यक्ष पद (सेमरिया) तथा पंचायतों में 4 जिला पंचायत सदस्य (आगर-मालवा, श्योपुर, रीवा और दमोह), 4 जनपद पंचायत सदस्य (सागर-राहतगढ़, पन्ना-शाहनगर, अनूपपुर-पुष्पराजगढ़, बड़वानी-ठीकरी जनपद पंचायत), 54 सरपंच पदों के लिए मतदान हुआ।

### 77 मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक कराया गया मतदान

इस निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से विकसित नवीन तकनीक इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीबीएमएस-पेपरलेस) के प्रयोग से जिला दमोह के जिला पंचायत सदस्य के लिए 77 मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक मतदान कराया गया। यहां पर मतदान 69.85 प्रतिशत दर्ज किया गया। इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम मतदान केन्द्र पर मतदान दल की ओर से किए जाने वाले समस्त कार्यों को डिजिटल माध्यम से किया गया। इससे पूर्व आयोग इस तकनीक से सरपंच एवं जनपद सदस्य के लिए मतदान सफलतापूर्वक करा चुका है।

### नायक की नाराजगी का पटाक्षेप, इस्तीफे के बाद फिर पीसीसी पहुंचे मुकेश

# पार्टी के पास जीतू के अलावा विकल्प नहीं बोले- नेतृत्व को कमजोर नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी कांग्रेस के मीडिया विभागाध्यक्ष पद से दो दिन पहले इस्तीफा देने के बाद सोमवार को मुकेश नायक फिर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) पहुंचे। जहां उन्होंने अपने इस्तीफा देने के फैसले और मौजूदा हालातों पर बात की।

पीसीसी पहुंचने पर जब मीडिया ने सवाल किया कि इस्तीफा देने के बाद वे फिर कांग्रेस कार्यालय क्यों आए, तो मुकेश नायक ने कहा- हम फिर से नहीं आए हैं। हम तो 25 साल से यहां आ रहे हैं। यह हमारा दूसरा घर है। पार्टी में गतिरोध पैदा होते हैं और खत्म भी होते हैं, यह हर दल में होता है। नायक ने स्पष्ट किया कि उनके इस्तीफे को गलत संदर्भों में जोड़ा गया, जबकि उनका उद्देश्य संगठन को नुकसान पहुंचाना नहीं था।

### नई पीढ़ी को जगह की बात दोहराई



मुकेश नायक ने बताया कि उन्होंने प्रबंध समिति की बैठक में कहा था कि नए लोगों के लिए पुराने लोगों को स्थान खाली करना चाहिए। इसी सोच के तहत मैंने इस्तीफा दिया था, लेकिन बाद में कुछ ऐसे संगठनात्मक गतिरोध सामने आए, जिन्हें मेरे इस्तीफे से जोड़ दिया गया और इससे पार्टी को नुकसान पहुंचने लगा।

### अपील पर वापस लिया इस्तीफा



नायक ने कहा कि इस्तीफे के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद मेरे से मिलने आए और बहुत सरलता से समझाया। उन्होंने कहा कि पार्टी को नुकसान हो रहा है। नई और पुरानी पीढ़ी का तालमेल जरूरी है। यात्रा अधूरी नहीं छोड़नी है, लक्ष्य तक पहुंचना है। इसी अपील को स्वीकार करते हुए मैंने अपना इस्तीफा वापस लिया।

# स्वास्थ्य सिस्टम पर डिप्टी सीएम की सख्ती- भर्ती में देरी अधूरे अस्पताल और ढीली निगरानी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वास्थ्य तंत्र की हकीकत सामने आने के बाद उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि अब लापरवाही नहीं चलेगी। मैनपावर की कमी, अधूरी भर्तियां और निर्माण कार्यों में सुस्ती को लेकर उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जवाब मांगा और लंबित प्रक्रियाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सामने आया कि मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन और विशेषज्ञ पदों पर रिक्तियों का सीधा असर अस्पतालों की सेवाओं पर पड़ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भर्ती प्रक्रियाएं समय पर पूरी नहीं हुईं तो जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने एमपीपीएससी और ईएसबी के जरिए चल रही भर्तियों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।

### अस्पताल भवनों और स्वास्थ्य केंद्रों की धीमी रफ्तार



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सोमवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की।

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों, अस्पताल भवनों और स्वास्थ्य केंद्रों की धीमी रफ्तार पर भी सवाल उठे। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल भवन खड़े करना ही लक्ष्य नहीं है, बल्कि उन्हें समय पर चालू करना भी उतना ही जरूरी है। कई जगह उपकरण तो खरीदे गए हैं, लेकिन उपयोग और रख-रखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### टीबी मुक्त भारतः फाइलों से बाहर लाने की कोशिश

टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना कागजों में नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि टीबी के मामलों की पहचान और इलाज में तेजी आ सके।

# विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा में गए युवा कांग्रेस में वापस लौटे

- कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में ग्रहण की सदस्यता
- युवाओं का आरोप, जो वायदे किए गए थे वह पूरे नहीं हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नरेला विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा में शामिल हुए युवाओं ने कांग्रेस में घर वापसी शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। क्षेत्र के वार्ड 78 सैयद उस्मान अली, वार्ड 75 संजीव तिवारी, वार्ड 79 आनंद विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता लेकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की बात कही है। युवाओं का आरोप है कि चुनाव पूर्व उनसे जो वायदे किए गए थे वह पूरे नहीं हुए। क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी रोजगार के लिए परेशान है।

### रेस में एडीजी बनने के लिए राय सबसे आगे, श्रीवास्तव के रिटायरमेंट के बाद शमी का नंबर

# प्रदेश के इतिहास में पहली बार पीएचक्यू में हो जाएंगे 13 डीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में पहली बार ऐसा हो सकता है कि एक जनवरी के बाद डीजी के पद पर 13 अफसर पदस्थ हो जाएं। यह स्थिति इसलिए बन सकती है कि प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ एक अफसर का कार्यकाल 23 दिसंबर को पूरा हो चुका है, लेकिन अभी उनके वापस आने की सूचना पुलिस मुख्यालय को नहीं मिली है, यदि पदोन्नति आदेश के बाद वे प्रदेश में आए तो नेक्स्ट बिलो रूल (एनबीआर) के तहत उन्हें डीजी के पद पर पदोन्नत करना पड़ेगा।

ऐसी स्थिति में प्रदेश में डीजी रैंक के अफसरों की संख्या 13 हो जाएगी। वर्ष 1994 बैच के अफसर अनंत कुमार सिंह प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में हैं, उनकी प्रतिनियुक्ति की अवधि 23 दिसंबर को पूर्ण हो चुकी है। यदि अनंत कुमार सिंह के आने की स्थिति 31 दिसंबर तक स्पष्ट नहीं हुई तो एक जनवरी को उनके ही बैच के अफसर आशुतोष राय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से पदोन्नत होकर डीजी बना दिए जाएंगे। जबकि वर्ष 1994 बैच के अफसरों में पहले नंबर पर अनंत कुमार सिंह हैं, दूसरे नंबर पर मनमीत सिंह नारंग और तीसरे क्रम पर आशुतोष राय हैं। मनमीत सिंह नारंग भी प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए आशुतोष राय 1 जनवरी को डीजी के पद पर पदोन्नत हो सकते हैं। यदि राय पदोन्नत हुए तो अनंत कुमार जनवरी से लेकर जून तक प्रदेश में आए, तब उस स्थिति में अनंत कुमार सिंह को भी डीजी का पद देना होगा। डीजी के पद के लिए ऐसी स्थिति में एनबीआर लागू होगा और अनंत कुमार सिंह को डीजी के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।

### इसलिए होना है प्रमोट

स्पेशल डीजी सीआईडी पवन श्रीवास्तव 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं। वर्ष 1992 बैच के श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद उनकी जगह पर वर्ष 1994 बैच के अफसरों का अतिरिक्त पुलिस डीजी के लिए पदोन्नति होगी। महानिदेशक के पद से स्पेशल श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद डीजी पद से 30 जून को संजीव शमी रिटायर होंगे।



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025



# नए साल में नव दंपतियों को मिलेगा तोहफा, 130 में बनेगा मैरिज सर्टिफिकेट

## अभी 1100 रुपए लग रहे, लेट होने पर 500 रुपए अतिरिक्त फीस भी देनी पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल 2026 में नगर निगम नव दम्पत्तियों को तोहफा देने जा रहा है। इस महीने परिणय सूत्र में बंधे नव दम्पत्तियों को अपना मैरिज सर्टिफिकेट बनवाने के लिए केवल 130 रुपए ही खर्च करना पड़ेंगे। जबकि वर्तमान में यह फीस 1100 रूपए है। वहीं एक महीने से ज्यादा समय होने पर 500 रुपए अतिरिक्त भी लिए जा रहे हैं। इसका फैसला एमआईसी को करना है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर एमआईसी को भेजा गया है। मंगलवार को होने वाली इस बैठक में निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में यदि आपको मैरिज सर्टिफिकेट बनवाना है तो 16 तरह की जानकारी भरने के बाद नगर निगम में आवेदन जमा करना होता है। हालांकि यह सुविधा अब ऑनलाइन कर दी गई है, लेकिन ज्यादातर लोग निगम दफ्तर जाकर ही आवेदन करते हैं। इसके लिए 1100 रूपए फीस जमा करनी होती है। अगर आप एक साल बाद सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करते हैं तो लेट फीस 500 रूपए भी जमा करने पड़ते हैं।

*संबंधित इलाके के वार्ड कार्यालय की टीम घर जाकर करेगी सत्यापन*

*नगर निगम के सभी 85 वार्डों से जारी किए जाएंगे मैरिज सर्टिफिकेट*




### नए नियम के तहत 130 रुपए ही लगेंगे

एमआईसी को भेजे गए प्रस्ताव में मैरिज सर्टिफिकेट की फीस 130 रुपए करने का सुझाव दिया गया है। यानी विवाह के एक माह के अंदर कोई व्यक्ति आवेदन करेगा तो उससे 130 रुपए ही लिए जाएंगे। वहीं एक महीने बाद का पेनाल्टी शुल्क 500 रह सकता है। इसके अलावा यह पेनाल्टी अधिकतम रखने का सुझाव दिया गया। इस लिहाज से आवेदन करने वाले को एक माह के भीतर 130 और महीने बाद या सालभर बाद भी मात्र 630 रुपए ही शुल्क देना होगा।

**माता मंदिर पर सीधे आवेदन नहीं, ऑनलाइन ही करें आवेदन**

हाल ही में निगम कमिश्नर ने विवाह पंजीयन शाखा के जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए हैं कि आवेदन ऑनलाइन ही बुलाए जाएं। साथ ही उन्होंने एक स्थान की जगह सभी 85 वार्ड कार्यालयों से प्रमाण पत्र जारी करने को कहा है। निगम के माता मंदिर स्थित विवाह पंजीयन शाखा के बाहर सूचना लगाई गई कि विवाह प्रमाण-पत्र के लिए आनलाइन ही आवेदन करें।

### ऑनलाइन आवेदन से घर बैठे मिलेगी सुविधा

नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने मैरिज सर्टिफिकेट के आवेदन ऑनलाइन करने और सर्टिफिकेट भी ऑनलाइन ही जारी करने को कहा है। यानि किसी व्यक्ति की अगर हाल ही में शादी हुई है तो वह घर बैठे ही आवेदन कर सकता है। संबंधित इलाके के वार्ड कार्यालय की टीम घर जाकर इसका सत्यापन करेगी। वर्तमान में नव दम्पत्ति को माता मंदिर स्थित विवाह पंजीयन शाखा में उपस्थित होना पड़ता है।

## बिल्डर्स के ब्रोशर से निकाले जाएंगे नए रेट

# जनवरी माह में तैयार कर लिया जाएगा प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से दिसंबर तक नौ महीने की रजिस्ट्री का डेटा पंजीयन विभाग ने एआई से निकाल लिया है। जिसके तहत इन लोकेशन का वेरिफिकेशन किया जाएगा। जिसके आधार पर ही प्रॉपर्टी की गाइडलाइन का प्रस्ताव तैयार होगा। पंजीयन विभाग रजिस्ट्री के डेटा से बाजार रेट से इसका मिलान करेगा, जिसके आधार पर लोकेशन बढ़ाई जाएंगी। एसआईआर होने की वजह से अब नए साल के जनवरी माह में प्रस्ताव तैयार किया जाना है।

पंजीयन विभाग ने एक अप्रैल से 15 दिसंबर तक होने वाली रजिस्ट्री के आधार पर हायर रेट में रजिस्ट्री का डेटा निकाला था, जिसके आधार पर करीब दो सौ लोकेशन पर दोगुना तक दामों में रजिस्ट्री करने का पता चला है। इस बढ़ोतरी को लेकर पता लगाया जाएगा कि प्रॉपर्टी के खरीदारों ने लोन के लिए दोगुना रेट में रजिस्ट्री कराई है या बाजार रेट में ही बढ़ोतरी हुई है।

### दस से अधिक रजिस्ट्री होने पर प्रस्ताव में करेंगे शामिल

नए प्रस्ताव में दस से अधिक रजिस्ट्री वाली जगहों पर रेट बढ़ाने के प्रस्ताव को शामिल किया जाएगा। इस बार कलेक्टर गाइडलाइन का शेड्यूल लेट जारी होने से इस बार उपजिला मूल्यांकन समिति की पहली बैठक जनवरी माह के पहले सप्ताह में रखी गई है। अलग-अलग बैठकों और प्रॉपर्टी के दामों की जांच के बाद मार्च माह में प्रस्ताव तैयार कर जिला मूल्यांकन समिति को पेश किया जाएगा।

### कोलार, बावड़िया कलां में हुए अच्छे सौदे

इस बार भोपाल टू जिसमें नर्मदापुम रोड, कोलार रोड की कॉलोनियां, बावड़यि कलां से लेकर अयोध्या बायपास, नीलबढ़, रातीबड़ व अन्य हिस्से आते हैं, यहां काफी अच्छे सौदे हुए हैं। इसमें से कुछ और लोकेशन छांटने के बाद इसे पहली बैठक में पटवारियों को दे दिया जाएगा। पंजीयन विभाग के अफसर रजिस्ट्री की पड़ताल करेंगे।

### काम में लापरवाही पर कांस्टेबल को डीसीपी कार्यालय किया अटैच

भोपाल। कोलार थाने में पदस्थ आरक्षक ऋषि त्यागी को डीसीपी कार्यालय अटैच किया गया है। जारी आदेश में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण उन्हें डीसीपी कार्यालय भेजा गया है। जानकारी के अनुसार गत दिनों ललिता नगर में डेंटल क्लीनिक पर विवाद हुआ था। डॉक्टर का आरोप था कि मरीज ने देरी से इलाज के करने के बाद उनसे मारपीट कर क्लीनिक में तोड़फोड़ कर दी। इधर, मरीज ने आरोप लगाए थे कि डॉक्टर ने पहले उनके परिजन से अभद्रता और मारपीट की थी। घटना की सही वजह का पता करने क्लीनिक में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मंगवाए गए। फुटेज लेने कोलार थाने से आरक्षक ऋषि त्यागी पहुंचा था। उसने पेन ड्राइव में फुटेज लिए। थाने लेकर पहुंचा तो पेन ड्राइव में फुटेज नहीं मिले, वहीं डीबीआर से भी फुटेज डिलीट हो गए थे।

### डॉ.अवधेश प्रताप सिंह बने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा डॉ. अवधेश प्रताप सिंह सदस्य मानव अधिकार आयोग को अपने पद के साथ-साथ अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार आगामी आदेश तक अध्यक्ष पद पर कार्य करने के लिए अधिकृत डॉ. अवधेश प्रताप सिंह किया गया है। डॉ. सिंह ने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मानव अधिकार आयोग के अधिकारी-कर्मचारियों और उनके सहयोगियों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## मतदाताओं को सुनवाई के लिए आने की नहीं पड़ेगी आवश्यकता

# नो मैपिंग के नोटिस का अगला फेज शुरू बीएलओ को भी दिए जा सकेंगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

1987 से पहले वाले मतदाता को खुद, बाद वालों को पिता का देना पड़ेगा दस्तावेज

अब पांच जनवरी से शुरू होगी 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का ड्राफ्ट रोल जारी होने के दस दिन बाद पांच जनवरी से जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई शुरु होगी। जिसके लिए सोमवार से नोटिस बांटने का काम शुरु कर दिया गया है। नोटिस तामील होने के साथ मतदाता अपने दस्तावेज बीएलओ को दे सकता है, जिसके तहत बीएलओ मौके पर ही दस्तावेज अपलोड कर देगा। जिसके बाद मतदाता को तय तारीख पर सुनवाई के लिए जाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

एसआईआर के दौरान जिले में चार लाख 38 हजार 875 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं। जबकि एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं और उनके माता-पिता का वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में रिकार्ड नहीं मिलने से उन्हें नो मैपिंग केटगरी में रखा गया है। इन लोगों को नोटिस देकर दस्तावेज लिए जाएंगे। जिसके लिए 23 दिसंबर से नोटिस जारी कर सुनवाई शुरु की जानी थी, लेकिन आयोग से प्रोफार्मा नहीं मिलने की वजह से जिला निर्वाचन कार्यालय छह दिन बाद नोटिस जारी कर सका है। इन नोटिस में 5 जनवरी से सुनवाई की तारीख रखी गई है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि मंगलवार से नोटिस तामीली का काम शुरु कर दिया जाएगा, जिसके तहत मतदाता डायरेक्ट बीएलओ को भी संबंधित दस्तावेज दे सकेंगे।

### आज से नोटिस की तामीली कराएंगे बीएलओ


वल्लभ नगर एसआईआर के काम में जुटे बीएलओ।

*नोटिस जारी होने के साथ ही बीएलओ को नोटिस तामीली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीएलओ को नो मैपिंग वाले मतदाता के घर जाकर नोटिस देना पड़ेगा। इसके साथ यह भी बताना पड़ेगा कि उसकी उम्र के हिसाब से कौन से दस्तावेज देना है। अगर कोई व्यक्ति मौके पर ही दस्तावेज पेश कर देगा, तो बीएलओ मोबाइल एप से दस्तावेज अपलोड कर सकेगा। ऐसे में मतदाता को सुनवाई वाली तारीख पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।*

### पैसे मांगने पर एमपी नगर एसडीएम दफ्तर के कर्मचारी को किया सस्पेंड

*बीएलओ के लिए लगाई गई ड्यूटी निरस्त करने के बदले पैसे मांगने वाले एमपी नगर एसडीएम दफ्तर के कर्मचारी किशोर मेहरा को अपर कलेक्टर ने सस्पेंड कर दिया है। मेहरा ने एक बीएलओ की ड्यूटी निरस्त कराने के लिए 12 हजार रुपए की मांग की थी। जिसके बाद मामला संज्ञान में आने के बाद वन रक्षक के पद से निर्वाचन में काम करने वाले कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया है। एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे का कहना है कि उक्त कर्मचारी को सस्पेंड करने के बाद हटा दिया गया है।*

### नो मैपिंग वाले कहां कितने मतदाता

जिले में एक लाख 16 हजार 925 लोगों को नो मैपिंग केटगरी में रखा गया है। जिसमें बैरसिया में दो हजार 134, उत्तर में दस हजार 80, नरेला 23 हजार 790, दक्षिण पश्चिम 16 हजार 596, मध्य में दस हजार 88, गोविंदपुरा 30 हजार 188 और हुजूर में 24 हजार 49 मतदाताओं को दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे।

### 22 जनवरी तक भर सकेंगे नया फार्म

ड्राफ्ट रोल में अगर किसी मतदाता का नाम नहीं मिला है। या किसी मतदाता की उम्र 1 जनवरी 2026 को अठारह साल पूरी हो रही है, तो वह 22 जनवरी तक अपने मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ से छह नंबर फार्म लेकर जमा कर सकता है। जिसके लिए उसे दस्तावेज पेश करना पड़ेंगे।

**चुनाव आयोग को भेज दी गई नए फार्म की डिमांड**

जिले में भारी तादाद में नाम कटने की वजह से नाम जोड़ने वालों की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में मतदान केंद्रों पर फार्म-6 जिसके तहत नया नाम जोड़ा जाता है और फार्म-8 जिसमें नाम परिवर्तन, पति का नाम डलवाना या पता बदलने के लिए उपयोग किया जाता है। इन फार्मों की कमी होने से लोगों को केंद्रों से वापस लौटना पड़ रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अफसरों का कहना है कि नए फार्म की डिमांड आयोग को भेज दी गई है।

## प्रतीक्षा सूची यात्रियों को मिलेगा निर्णय का मौका

# अब पहले ही पता चल सकेगा टिकट कंफर्म है या नहीं: भोपाल मंडल में दस घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट होगा जारी


भोपाल रेलवे स्टेशन पर टिकट लेतने के लिए कतार में लगे लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों के रिजर्वेशन चार्ट जारी करने के नियमों में बदलाव किया है। नए नियम लागू होने के बाद वेटिंग और आरएसी टिकट वाले यात्रियों को विशेष राहत मिलेगी, क्योंकि अब उन्हें समय से पहले अपने टिकट की स्थिति की जानकारी मिल सकेगी और वे अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना पाएंगे। भोपाल रेल मंडल में दस घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट जारी होगा।

भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि अब ट्रेनों के प्रस्थान समय के आधार पर रिजर्वेशन चार्ट तैयार किए जाएंगे। नए नियमों के तहत जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय सुबह 05:01 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक है, उनका रिजर्वेशन चार्ट एक दिन पहले शाम 08:00 बजे तक जारी कर दिया जाएगा। पहले इन ट्रेनों का चार्ट देर रात या प्रस्थान समय के काफी करीब जारी होता था, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। वहीं, जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय दोपहर 02:01 बजे से रात 11:59 बजे तक है, तथा जो ट्रेनें रात 12:00 बजे से सुबह 05:00 बजे के बीच चलती हैं, उनका रिजर्वेशन चार्ट अब प्रस्थान समय से 10 घंटे पहले जारी किया जाएगा। इससे यात्रियों को समय रहते यह जानकारी मिल सकेगी कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ है या नहीं।

### वेटिंग और आरएसी टिकट वाले यात्रियों को मिलेगा लाभ

रेल अधिकारियों का कहना है कि इस नई व्यवस्था का सबसे अधिक लाभ वेटिंग और आरएसी टिकट वाले यात्रियों को मिलेगा। चार्ट पहले जारी होने से यात्रियों को यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ है या वेटिंग में ही है। यदि टिकट कन्फर्म नहीं होता है, तो यात्री समय रहते दूसरी ट्रेन, बस या अन्य परिवहन साधनों के जरिए वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके साथ ही रेलवे प्रशासन ने इमरजेंसी कोटे को लेकर भी दिशा-निर्देश स्पष्ट किए हैं। अब यात्रियों को अपनी यात्रा तिथि के अनुसार इमरजेंसी कोटे के लिए एक दिन पहले आवेदन करना अनिवार्य होगा।

## ब्रीथ एनालाइजर से जांच...


**भोपाल।** नए साल को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार शाम को अल्पना तिराहा, प्रभात चौराहा समेत अनेकों पॉइंट पर ब्रीथ एनॉलाइजर से गाड़ी चलाने वालों की जांच की।

# सूखी पत्तियों से ढंका बायो गैस प्लांट, बायो टायलेट बने कचराघर

## इंदौर की ब्रिक एन बांड इफ्राकॉन कंपनी ने किया था इनका निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी को स्मार्ट बनाने के उद्देश्य से शहर के पांच स्थानों पर बायो टायलेट और बायो गैस प्लांट तो बनाए, लेकिन यह अब कबाड हो गए हैं। जहां बायो गैस बनना था वे प्लांट अब सूखी पत्तियों से ढंक गए हैं जबकि बायो टायलेट कचराघर बन गए हैं। नगर निगम ने इनका निर्माण इंदौर की ब्रिक एन बांड इफ्राकॉन कंपनी से करवाया था। जिसके उपर उसे आपरेट करने और मेंटेनेंस करने का भी जिम्मा था, लेकिन बताया जा रहा है कि कंपनी के कर्ताधर्ता छह माह में भी भाग गए।


बायो टॉयलेट बने शोपीस

### अब लोगों ने बना दिया कबाड़

नगर निगम द्वारा पांच साल पहले बडे तालाब पर निगम के वॉटर फिल्टर प्लांट के सामने, म्यूजिकल फाउंटेन परिसर, सेल्फी प्वाइंट सहित संत नगर और कोलार में इन्हें बनवाया गया था। यही नहीं, यहां बायो गैस प्लांट लगाए गए थे, जिनसे गैस बनाई जाना थी। एक भी जगह यह काम नहीं हो पाया। अब तो लोगों ने इसे कबाड़ बना दिया है। इस पर खुद निगम के जिम्मेदारों और मैदानी अमले का ध्यान तक नहीं है। इस संबंध में जानकारी के लिए निगम की सहायक आयुक्त कीर्ति चौहान से मोबाइल पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल अटैंड नहीं हुआ।



### लग रही है जंग, नल गायब, टंकी शो-पीस

अब आलम यह है कि इनमें जंग लग रही है। नल और टोंटी गायब हैं। केवल पानी की टंकी रखी है जो शो-पीस बनी हुई है। भीतर गंदगी का ढेर है।

## मालीखेड़ी के आवासों में होना है शिफ्ट

# मानस भवन से झुग्गियां हटाने पर रोक, 27 परिवारों की शिफ्टिंग टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन के पीछे सोमवार सुबह झुग्गियों को हटाने पर जबलपुर हाईकोर्ट ने स्टे दिया है। जिससे मानस भवन के पीछे बनी झुग्गियों को हटाकर यहां रहने वाले परिवारों की शिफ्टिंग फिलहाल टल गई है। सोमवार सुबह प्रस्तावित शिफ्टिंग और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हो सकी। यहां रहने वाले 27 परिवारों को मालीखेड़ी में बनाए गए सरकारी आवासों में शिफ्ट किया जाना है। इन परिवारों की शिफ्टिंग के लिए मानस भवन संस्थान की ओर से प्रति परिवार 2-2 लाख रुपए की राशि पहले ही जमा कर दी गई है। इधर एक दिन पहले ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अफसरों को हिदायत दी थी कि यदि सोमवार को झुग्गियां हटाने की कार्रवाई की गई, तो कांग्रेस मौके पर इसका विरोध करेगी। जिला प्रशासन के अफसरों का कहना है कि हाईकोर्ट से स्टे मिलने के बाद कार्रवाई को रोक दिया गया है।

- **अफसरों का कहना है कि हाईकोर्ट से स्टे के बाद कार्रवाई को रोका गया**


इलाके में तैनात रही पुलिस।

## विशेष अवसरों पर भीड़ को देखते हुए मेट्रो प्रशासन कर रहा विचार

मेट्रो प्रशासन का आंकलन-केवल 8 से 9 फीसदी ही यात्री मिल रहे

# भोपाल मेट्रो: दूसरे ट्रैक पर भी मेट्रो संचालन की तैयारियां लोगों का बचेगा समय, अपडाउन वालों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो संचालन शुरू होने के आठ दिन बाद अब दूसरे ट्रेक पर भी मेट्रो के संचालन पर मेट्रो प्रशासन विचार कर रहा है। हालांकि अभी एक ही ट्रेन अप-डाउन कर रही है। यात्रियों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े इसे देखते हुए एक ओर ट्रेन के संचालन की तैयारी की जा रही है। इसे केवल रविवार या फिर विशेष अवसरों पर चलाया जाएगा।

सुभाष नगर से एम्स अस्पताल तक एक मेट्रो दिनभर में 17 फेरे लगा रही है। रविवार और विशेष अवसरों पर इसमें काफी भीड़ को देखते हुए दूसरे ट्रैक पर पर संचालन शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए मेट्रो प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। हालांकि अभी यात्री बेहद कम संख्या में मिल रहे हैं। आम दिनों में केवल लोग घूमने के उद्देश्य से मेट्रो में यात्रा कर रहे हैं जो केवल अप-डाउन करते हैं। 8 से 9 फीसदी यात्री ऐसे हैं जो समय बचाने और अपने काम के लिए आवाजाही कर रहे हैं।

*बाकी लोग मेट्रो में घूमने का ले रहे हैं भरपूर आनंद*

*सुभाष नगर से एम्स तक एक मेट्रो लगा रही कुल 17 फेरे*

*भविष्य को लेकर मेट्रो संचालक कर रहे प्लानिंग*

### प्रायोरिटी कॉरिडोर में 7 से 9 ट्रेनों की क्षमता


प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो ट्रेन।

मेट्रो प्रशासन प्रायोरिटी कॉरिडोर में 7 से 9 ट्रेनें संचालन के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए यात्रियों की संख्या भी जरूरी है जो अभी नहीं है। मेट्रो प्रशासन का मानना है कि एक ट्रेन अप और एक डाउन के लिए संचालन होना चाहिए। इसकी तैयारी की जा रही है।

### ट्रेनों और पिलर्स पर विज्ञापन के लिए टेंडर, संचालन खर्च निकालने की कवायद

भोपाल मेट्रो कंपनी ने मेट्रो ट्रेनों में अंदर और बाहर विज्ञापन लगाने के लिए लाइसेंस जारी करने का टेंडर कॉल किया है। निजी एजेंसियों को यह लाइसेंस पांच साल के लिए दिया जाएगा। टेंडर शर्तों के अनुसार एक ट्रेन में विज्ञापन लगाने की शुरुआती कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए रखी गई है, जबकि पिलर्स पर विज्ञापन के लिए प्रति माह प्रति पिलर करीब 1.73 लाख रुपए किराया तय किया गया है। भोपाल में कुल 27 मेट्रो ट्रेनें आनी हैं और मेट्रो रूट पर आगे चलकर 3 हजार से ज्यादा पिलर्स होंगे।



**खबर संक्षेप**

### 70 वर्षों से गुणवत्ता की पहचान अजंता कलर्स




**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सामग्री उद्योग में एक सशक्त और भरोसेमंद नाम अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर ने गुणवत्ता, निरंतरता और उत्कृष्टता के साथ अपने 70 वर्षों से अधिक की सफल यात्रा को मजबूती से जारी रखा है। यह ब्रांड आज देश भर में अपनी पैन इंडिया प्रजेंस और मजबूत डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क के माध्यम से लाखों उपभोक्ताओं तक पहुँच बना चुका है। अंजता फूड कलर एंड बेकिंग पाउडर की पहचान हमेशा से ही उच्च गुणवत्ता वाले फूड कलर और बेकिंग पाउडर के लिए रही है।

### नोवाफ्लिप के साथ एआई प्लस ने की एंट्री

**भोपाल।** एआई प्लस स्मार्टफोन ने आज प्रीमियम फ्लिप स्मार्टफोन सेगमेंट में नोवाफ्लिप के साथ अपनी नई पेशकश की घोषणा की, जिसकी कीमत रु.40,000 से कम रखी जाएगी। यह कदम कंपनी के उस विज़न के अनुरूप लिया है जिसके तहत उन्नत और उच्च-गुणवत्ता वाली तकनीक को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना का उनका लक्ष्य है। 2026 में लॉन्च होने वाला नोवाफ्लिप, एआई प्लस स्मार्टफोन की फ्लैगशिप नोवा सीरीज़ की शुरुआत करेगा, जो इनोवेशन और किफ़ायत का बेहतरीन संगम होगा।

### सीगल इंडिया को मप्र में 1000 करोड़ का मिला ठेका

**नई दिल्ली।** सीगल इंडिया ने मप्र में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजना का ठेका मिलने की सोमवार को जानकारी दी। कंपनी सीगल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को मप्र सड़क विकास निगम लिमिटेड से इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड (एक्सेस कंट्रोल) चार-'लेन' राजमार्ग के निर्माण का ठेका मिला है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएम) के तहत 24 महीने की अवधि में पूरी की जाएगी।

### एनसीएच ने 2025 में वसूले 45 हजार करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सरकार की राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। इस साल हेल्पलाइन के माध्यम से 45 करोड़ रुपए वसूले गए और 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का निपटान किया गया। जोधपुर के रमेश कुमार ने इस साल की शुरुआत में ऑनलाइन कुर्सियां ऑर्डर की थीं।

# चांदी एक घंटे में 21500 रुपए टूटी, रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद कीमतों में भूचाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में सोमवार को एक घंटे के भीतर ही भारी गिरावट देखने को मिली। एमसीएक्स पर मार्च महीने के फ्यूचर्स एक घंटे में 21,500 रुपए प्रति किलो गिरकर 2,33,1700 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गए। यह गिरावट तब आई जब दिन की शुरुआत में ही कीमतें 2,54,174 रुपए के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सिल्वर की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सोमवार को कीमतें पहली बार 80 डॉलर प्रति औंस के पार चली गईं, लेकिन बाद में लाभ लेने की बिकवाली और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप व यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शांति वार्ता की खबरों के बीच 75 डॉलर के स्तर से नीचे आ गईं।

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी की कीमतों में उतार चढ़ाव रही

**एमसीएक्स में मार्च महीने के फ्यूचर्स में आई गिरावट**

#### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों का मानना है कि चांदी का ट्रेंड अभी भी सकारात्मक है, लेकिन इसमें उतार-चढ़ाव बना रहेगा। रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी के मुताबिक, 2.4 लाख रुपए प्रति किलो का स्तर छोटी अवधि का समर्थन है। वहीं, अमेरिकी फर्म बीटीआईजी ने चेतावनी दी है कि कीमतों में इतनी तेज बढ़त टिकाऊ नहीं है और इसके बाद तेज गिरावट आ सकती है।



#### 1979 और 2011 जैसी तबाही की आशंका

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के मनीष बंठिया ने इतिहास के उदाहरण देते हुए कहा कि चांदी में ऐसी शानदार बढ़त आमतौर पर शांतिपूर्वक समाप्त नहीं होती। उन्होंने बताया कि 1979-80 और 2011 में भी चांदी की कीमतें आसमान छूने के बाद क्रमशः 90 फीसदी और 75 फीसदी से अधिक गिर गई थीं। पिछले साल में कीमतें लगभग तीन गुना बढ़ी हैं, इसलिए सतर्कता जरूरी है।

#### गिरावट की मुख्य वजह

इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह निवेशकों द्वारा प्रॉफिट बुकिंग और भू-राजनीतिक तनाव में कमी है। यूक्रेन युद्ध में संभावित शांति समझौते की खबरों से सेफ-हेवन की मांग कम हो गई। इसके अलावा, वर्ष की शुरुआत से ही चांदी में 181 प्रतिशथ की अभूतपूर्व बढ़त भी इस तेज मुनाफावसूली का कारण बनी।

#### 150 प्रतिशत रिटर्न के बाद हल्का हुआ बाजार

भले ही आज चांदी में बड़ी गिरावट दिखी हो, लेकिन पिछले एक साल का ट्रैक रिकॉर्ड देखें तो चांदी ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। दिसंबर 2024 में जो चांदी करीब 90 हजार रुपए के आसपास थी, वह 150 प्रतिशत से ज्यादा की छलांग लगा चुकी है।

## भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति पर रिपोर्ट जारी

# आरबीआई वित्तीय उत्पादों की गलत बिक्री रोकने व्यापक नियम जारी करेगा: रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि वह वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं की गलत बिक्री रोकने के लिए वित्तीय संस्थानों पर लागू होने वाले विज्ञापन, विपणन और बिक्री से संबंधित व्यापक नियम जारी करेगा। केंद्रीय बैंक की तरफ से जारी 'भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति 2024-25 रिपोर्ट' में यह बात कही गयी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ने कहा कि गलत वित्तीय उत्पादों की बिक्री के मामले ग्राहकों और पूरे वित्तीय क्षेत्र दोनों के लिए गंभीर परिणाम होते हैं। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह ऋण की वसूली करने वाले एजेंटों और वसूली से जुड़े संचालन संबंधी मौजूदा निर्देशों की समीक्षा कर रहा है और उन्हें एकीकृत रूप में जारी करने का प्रस्ताव है।

**केंद्रीय बैंक विज्ञापन, विपणन व बिक्री पर जारी करेगा नियम**

**गलत वित्तीय उत्पादों की बिक्री से ग्राहक होते हैं प्रभावित**

**ऋण की वसूली करने वाले एजेंटों के निर्देशों की होगी समीक्षा**

#### डिजिटल वित्तीय साक्षरता बढ़ाने पर जोर

डिजिटल एवं साइबर धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए रिजर्व बैंक संबंधित मंत्रालयों और अन्य हितधारकों के साथ काम कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, विनियमित संस्थाओं को मजबूत आंतरिक नियंत्रण, सभी स्तरों पर शिकायत निवारण अधिकारी तैनात होने और डिजिटल वित्तीय साक्षरता बढ़ाने की दिशा में काम करने की जरूरत है।

#### फर्जी खातों की पहचान के लिए 23 बैंकों में एआई

*रिजर्व बैंक ने हाल में दो प्रमुख डिजिटल पहल शुरू की हैं। संभावित फर्जी खातों की पहचान और प्रणालीगत सीख के लिए म्यूलहंटर.एआई को 23 बैंकों में लागू किया गया है। इसके अलावा एआई-आधारित मंच 'डिजिटल भुगतान आसूचना मंच (डीपीआईपी)' भी काम कर रहा है जो जोखिमपूर्ण लेनदेन को चिन्हित कर फर्जीवाड़े की रोकथाम में मदद करता है।*




#### डिजिटल बैंकिंग लेनदेन में ग्राहक की सीमित जिम्मेदारी

*आरबीआई ने यह भी कहा कि अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहक की सीमित जिम्मेदारी संबंधी 2017 के निर्देशों की समीक्षा की जा रही है। यह कदम नए भुगतान चैनलों, डिजिटल लेनदेन की बढ़ती मात्रा और बदलते धोखाधड़ी प्रतिरूप को ध्यान में रखते हुए ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करेगा।*

#### धोखाधड़ी मामलों की कुल संख्या घटी

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े भी साझा किए गए हैं। इसके मुताबिक, रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी मामलों की कुल संख्या घट गई, लेकिन इसमें शामिल राशि बढ़ गई। आरबीआई ने कहा, /"इसका मुख्य कारण 122 मामलों की दोबारा जांच होनी थी जिनमें कुल 18,336 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी शामिल थी। उच्चतम न्यायालय के मार्च 2023 के निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।/"

#### कार्ड व इंटरनेट की धोखाधड़ी 67 फीसदी बढ़ी

विवरण के मुताबिक, कार्ड और इंटरनेट धोखाधड़ी की घटनाएं कुल मामलों का 66.8 प्रतिशत रहीं, जबकि राशि के हिसाब से ऋण से जुड़ी धोखाधड़ी 33.1 प्रतिशत रही। निजी क्षेत्र के बैंकों की कुल मामलों में 59.3 प्रतिशत हिस्सेदारी रही जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने धोखाधड़ी राशि में 70.7 प्रतिशत योगदान दिया। आरबीआई ने कहा कि इसकी नियामकीय एवं पर्यवेक्षण नीतियां आगे भी साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम, ग्राहक सुरक्षा, जलवायु जोखिम जागरूकता और वित्तीय स्थिरता पर केंद्रित रहेंगी।

# कैल्शियम की कमी पूरा करेगा आयुर्वेदिक सिद्ध कैल्सी योग




**औषधि लंबे समय तक सेवन के लिए सुरक्षित**

एजेंसी ▶▶| लुधियाना

कैल्शियम की कमी अब हर आयु वर्ग में देखने को मिलती है। इस कमी को पूरा करने के लिए धौतियोग के निर्माताओं द्वारा तैयार आयुर्वेदिक कैल्शियम गोलियां 'सिद्ध कैल्सी योग' कारगर सिद्धहो रही हैं ये टैबलेट्स शरीर में प्राकृतिक आयरन, विटामिन सी और कैल्शियम की कमी दूर करने में सहायक हैं।

चरकाचार्य के अनुसार अत्यधिक व्यायाम, हड्डियों में सूजन, चोट, गिरने या वात-वृद्धि कारक आहार से हड्डियों में फ्रैक्चर, चलने में कठिनाई और थकान जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार बाल, दांत और नाखून भी हड्डियों से बने होते हैं, इसलिए बाल झड़ना, दांतों में सड़न और त्वचा का काला पड़ना भी हड्डियों की दुर्बलता से जुड़ा हो सकता है। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, खिलाड़ियों और हड्डी-भंग (फ्रैक्चर) से जूझ रहे मरीजों के लिए कैल्शियम विशेष रूप से आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए सिद्ध कैल्सी योग विकसित किया गया है.इसमें कैल्शियम के प्राकृतिक स्त्रोत शंखभस्म, शौक्तिक भस्म, पर्दक भस्म, अर्जुन सालघन, बलमूलघन और अश्वगंधाघन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आमलकी (आँवला) से विटामिन सी तथा सप्तामृत लौह से प्राकृतिक आयरन मिलता है। यह औषधि लंबे समय तक सेवन के लिए सुरक्षित बताई गई है।


## टाइटन आईप्लस जेइसिस द्वारा विकसित फोटो फ्यूज़न एक्स लेंस तकनीक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



भारत के प्रमुख चश्मा विक्रेताओं में से एक टाइटनआई प्लस और विश्वभर के उपभोक्ताओं की दृष्टि और आजीवन दृश्य स्वास्थ्य की रक्षा और सुधार के उद्देश्य से प्रेरित ज़ेइस इंडिया विज़न केयर ने भारत भर में टाइटनआई प्लस लेंस डिज़ाइन पोर्टफोलियो में ज़ेइस की फोटोफ्यूजन एक्स फोटोक्रोमिक लेंस तकनीक के लाइसेंस और राष्ट्रव्यापी तैनाती की घोषणा की। यह घोषणा ज़ेइस इनोवेशन समिट में की गई, जो टाइटनआई प्लस के लिए ज़ेइस इंडिया विज़न केयर द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य लेंस नवाचार को बढ़ावा देना और भारतीय उपभोक्ताओं के लिए रोजमर्रा की दृष्टि देखभाल के मानकों को बेहतर बनाना है। इस सहयोग के माध्यम से, टाइटन आई प्लस भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों की गहरी समझ और सटीक प्रकाशिकी एवं लेंस नवाचार में ज़ीइस की विशेषज्ञता को मिलाकर, ज़ीइस की फोटोफ्यूजन® एक्स फोटोक्रोमिक लेंस तकनीक को अपने लेंस डिजाइन और खुदरा नेटवर्क में शामिल करेगा। ज़ीइस द्वारा फोटोफ्यूजन® एक्स की शुरुआत से एकीकृत ब्लू-लाइट और यूवी सुरक्षा वाले लेंसों का तेजी से अनुकूलन संभव हो सकेगा, जो दीर्घकालिक दृष्टि आराम और नेत्र स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए टाइटन आई प्लस के एनएस राघवन ने कहा कि टाइटन आई प्लस में, हमारा विज़न हमेशा से ही ऐसे नवाचारों के माध्यम से आईवियर श्रेणी में अग्रणी बनना रहा है जो लोगों के देखने और दुनिया का अनुभव करने के तरीके को वास्तव में बेहतर बनाते हैं। कार्ल ज़ीस द्वारा टाइटन आई प्लस के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 'टाइटन विद फोटोफ्यूजन® एक्स' तकनीक का परिचय, अत्याधुनिक ऑप्टिकल विज्ञान को उपभोक्ताओं की ज़रूरतों की गहरी समझ के साथ जोड़कर इस महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि नवंबर में दो साल के उच्च स्तर 6.7 प्रतिशत पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन से नवंबर महीने में देश के औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि दर दो साल के उच्च स्तर 6.7 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह जानकारी सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में दी गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन को मापने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) नवंबर, 2024 में पांच प्रतिशत बढ़ा था। इससे पहले औद्योगिक उत्पादन का उच्च स्तर नवंबर, 2023 में 11.9 प्रतिशत दर्ज किया गया था। त्योहारों से पहले देश में मांग और खपत को बढ़ावा देने के लिए कई उपभोक्ता वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में 22 सितंबर 2025 से कटौती की गई थी। इससे जीएसटी दरों में कमी का लाभ उठाने के लिए विनिर्माण ऑर्डरों में तेजी आई। इसके साथ एनएसओ ने अक्टूबर 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के आंकड़े को भी संशोधित किया है। अक्टूबर के लिए आईआईपी वृद्धि को बढ़ाकर 0.5 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान 0.4 प्रतिशत का था। नवंबर 2025 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन आठ प्रतिशत बढ़ा, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.5 प्रतिशत था। खनन क्षेत्र का उत्पादन भी नवंबर में 5.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि नवंबर 2024 में यह वृद्धि 1.9 प्रतिशत रही थी।

हालांकि, बिजली उत्पादन का प्रदर्शन पिछले महीने कमजोर रहा। नवंबर में बिजली उत्पादन में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में इसमें 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

- खनन और विनिर्माण क्षेत्रों का मजबूज प्रदर्शन
- नवंबर 2024 में पांच फीसदी बढ़ा था

### कच्चे माल की कमी व ऊंची कीमत से जूट उद्योग दबाव में

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जूट उद्योग ने 2025 में एक और संकटग्रस्त वर्ष देखा, जिसमें कच्चे माल की भारी कमी, रिकॉर्ड स्तर की कीमतें और खाद्यान्न पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक बैग पर बढ़ती निर्भरता ने इस क्षेत्र को अस्थिर कर दिया।

**POWER DISTRIBUTION TRAINING CENTER**
(Training Institute of MPMKVVCL, Bhopal)
DIKSHA PARISAR, GOVINDPURA, BHOPAL (M.P.) – 462023
Phone : 0755-2602033-36, Ext. – 260-261
POWER DISTRIBUTION TRAINING CENTRE ISO 9001:2015 CERTIFIED
NO.PDTC/DIR//893 Dated : 29.12.2025

**ADVERTISEMENT FOR ENGAGEMENT OF PROFESSORS ON CONTRACT BASIS**

Power Distribution Training Centre (PDTC), Bhopal on behalf of PDTCS invites applications from eligible retired senior-level officers of Power Sector Utilities for engagement as Professor (02 Posts) on contract basis.
Last date for submission of application : **28.01.2026**
Detailed advertisement, eligibility criteria, application format, and terms & conditions are available on - Portal.**mpcz.co.in.**
M.P. Madhyam/123711/2025 **DIRECTOR (PDTC)**

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/899/25 दिनांक: 18/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दशार्ये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रक्षित केन्द्र भोपाल में रिकार्ड रूम में मरम्मत कार्य | 1,000/- | 3,09,686/- | 10,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जायेंगी ।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www. mptenders .gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक मोक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अनुसूची-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 20/12/2025 के 13.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 20/12/2025 के 13.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 03/01/2026 के 13.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 05/01/2026 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 26/12/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

जी - 23496/25 स्वच्छता ही सेवा
पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

**SECTION 1**
**Notice Inviting e-Tenders**
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**

N.I.T. NO.121:/ES/BMC/2025 Dated 29.12.2025

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria

| S.N | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs.in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD)(In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025 _UAD_ 471463_ 1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD,DRAIN AND ROAD CROSS AT BAWADIYA KALAN W-52, Z-13 | 511583.00 | 5116.00 | 2,000/- | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |
| 2. | 2025_UAD _471479_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD, DRAIN AND ROAD CROSS AT BAGMUGALIYA W-53 Z-13 | 785459.00 | 3139.00 | 2,000/- | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL(M.P.)
T.N. 2887/025/026

**संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश**
"कचनार" ई-5 पर्यावरण परिसर अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016
ई-मेल-mptownplan@mp.gov.in, दूरभाष-0755-2427096

**सूचना**

भोपाल, दिनांकः 23/12/2025

क्रमांक 1/501600/2025/टीसी/45/रायसेन/उपां/नग्रानि/2025 भोपाल, मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक-23 सन् 1973) की धारा 23-क की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन एतद् द्वारा सार्वजनिक जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि, संचालक, नीचे दी गई अनुसूची में यथानिर्दिष्ट मण्डीदीप विकास योजना 2031 में उपान्तरण प्रस्तावित करता है।

अनुसूची

| क्र. | ग्राम तहसील एवं जिला | खसरा क्रमांक | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) कुल रकबा | उपांतरण हेतु प्रस्तावित रकबा | विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग | उपान्तरण पश्चात् प्रस्तावित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम सिमराई तहसील गोहरगंज जिला रायसेन (म.प्र.) | 183/1/3 | 1.296 | 1.296 | आवासवीय एवं मार्ग | औद्योगिक एवं मार्ग |
| 2. | | 183/2 | 2.234 | 2.234 | | |
| 3. | | 193/1/1/2 | 1.945 | 1.945 | | |
| 4. | | 193/1/2/2 | 2.123 | 2.123 | | |
| 5. | | 193/2/2/2 | 1.455 | 1.455 | | |
| 6. | | 193/3/1/2 | 2.173 | 2.173 | | |
| 7. | | 184/3/2 | 0.344 | 0.344 | | |
| 8. | | 191/2/1 | 0.405 | 0.405 | | |
| 9. | | 192/2 | 0.405 | 0.405 | | |
| 10. | | 192/3 | 3.299 | 3.299 | | |
| | कुल रकबा | | **15.679** | **15.679** | | |

शर्त :-
1. आवेदित भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 46 पर स्थित है। जिसकी मण्डीदीप विकास योजना, 2031 में प्रस्तावित चौडाई 80.00 मीटर निर्दिष्ट है अतः मार्ग मध्य से दोनों ओर 40.00 मीटर 40.00 मीटर भूमि मार्ग विस्तार हेतु छोड़ना आवश्यक होगा। उद्योग स्थल से मुख्य मार्ग से पहुंचने के लिए म.प्र. रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड से अनुमति लेना आवश्यक होगा।
2. प्रश्नाधीन भूमि में राष्ट्रीय राजमार्ग 46 (एन.एच.) के सर्विस रोड के समानांतर एवं योजना स्थल के उत्तर पश्चिमी स्थित बाउण्ड्री से लगकर 33 के. व्ही. उच्च दाब (एच.टी) विद्युत लाईन स्थित है। अतः 33 के. व्ही. उच्च दाब (एच.टी) विद्युत लाईन से म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 52 के अनुसार निर्धारित दूरी तक खुला क्षेत्र छोडना आवश्यक होगा।
3. प्रश्नाधीन भूमि पस्तावित आवासीय क्षेत्र के मध्य स्थित है। अतः आवेदक संस्था द्वारा परियोजना अंतर्गत सीमा के चारों ओर न्यूनतम 20.00 मीटर का सघन वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक होगा।
4. मण्डीदीप विकास योजना, 2031 एवं म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।
5. स्थल पर स्थित वृक्षों को यथासंभव यथास्थिति में रखा जाना आवश्यक होगा एवं वृक्षों को हटाने की दशा में संबंधित विभाग से अनुमति अनिवार्य होगी।
6. पर्यावरणीय एवं प्रदूषण के संबंध में संबंधित विभाग के निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

प्रस्तावित उपान्तरण के ब्यौरे, सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि के लिये आम जनता को निरीक्षण के लिये संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय भोपाल तथा संचालनालय की वेबसाईट www.mptownplan.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे।

प्रस्तावित उपान्तरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के कोई आपत्ति/सुझाव हो तो, वह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, म.प्र. भोपाल अथवा संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, भोपाल को दैनिक समाचार पत्रों में इस सूचना प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा एवं ऐसी आपत्तियाँ या सुझाव, जो उपर विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान होने से पूर्व प्राप्त हो, पर विचार किया जाएगा।

जी - 23460/25 स्वच्छता ही सेवा है
आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल

## चिंतन

# सुदर्शनचक्र के साथ आधुनिक हथियारों पर भी फोकस जरूरी

भारत अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहा है और लगातार आधुनिक हथियार, सेना, वायुसेना और नौसेना में शामिल कर रहा है। हाल ही में कई हथियारों के सफल परीक्षण भी किए गए हैं। इनमें गोपनीय पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल परीक्षण किया। दरअसल, यह परीक्षण परमाणु-सक्षम के-4 मिसाइल का था। यह अरिहंत-क्लास पनडुब्बी से लॉन्च की गई। इससे पहले आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का भी सफल परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया। यह एक अभेद्य सुरक्षा कवच है। अब वायुसेना ने एस-400 की पहली तस्वीर जारी कर इसे दिशा 2026 कैलेंडर में शामिल किया है। जो भारत की एयर डिफेंस क्षमता के बारे में बताती है। इसे एयर डिफेंस आर्किटेक्चर में एक नए युग की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। एस-400 को सुदर्शनचक्र के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसने हवाई खतरों को बेअसर करने की क्षमता और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साबित परफॉर्मेंस से भारत के एयर डिफेंस में एक बड़ा बदलाव किया है। यह एयर डिफेंस सिस्टम एक अहम पड़ाव बनकर उभरा है। एस-400 सुदर्शन के शामिल होने से वायु सेना ने अपनी निवारक क्षमता, प्रतिक्रिया समय और हवाई क्षेत्र पर दबदबे को काफी बढ़ाया है, जिससे भारत की समग्र एकीकृत वायु रक्षा संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को मजबूती मिली है। बता दें कि एस-400 सुदर्शन को फाइटर जेट यूएवी क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे कई तरह के हवाई खतरों को लंबी दूरी से पता लगाने और ट्रैक करने के साथ-साथ खत्म करने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी मल्टी-लेयर्ड एंगेजमेंट क्षमता और हाई-प्रिसिशन टारगेटिंग के कारण इस सिस्टम को दुनिया के सबसे ताकतवर एयर डिफेंस प्लेटफॉर्म में से एक माना जाता है। इतना सब होने के बावजूद भी भारत और अब और आधुनिक हथियारों को अपने सैन्य बेड़े में शामिल करना होगा। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल छोटे ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, ऑटोनॉमस ग्राउंड व्हीकल और रोबोटिक सिस्टम युद्ध को नाटकीय रूप से बदल रहे हैं। इसलिए ऐसे हथियारों पर भी जोर देना होगा। भारत ने भले ही ब्रह्मोस, राफेल और एस-400 जैसे हथियारों से मई के युद्ध में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया हो, लेकिन अगले युद्ध में उसे धूल में मिलाने के लिए इजराइल, ईरान और यूक्रेन वाली स्ट्रैटजी पर काम करना होगा। अब स्मार्ट प्लेटफॉर्म युद्ध को तेजी से बदल सकते हैं। जैसे यूक्रेन ने ड्रोन स्वार्म से रूस के करीब एक दर्जन बॉम्बर और फाइटर जेट को उड़ाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था। वहीं, इजराइल ने भी ईरान के अंदर ऐसे ही हमले कर दुश्मनों को ध्वस्त किया। अब कुछ हजार डॉलर के हथियार लाखों डॉलर के महंगे प्लेटफॉर्म को तबाह करने की क्षमता रखते हैं। इसीलिए भारत के लिए युद्ध के इस बदलते मॉडल के मुताबिक ढलना जरूरी है। यूक्रेन, गाजा युद्ध, रेड सी और नागोर्नो-कराबाख जैसे संघर्ष क्षेत्रों से साफ है कि युद्ध में महंगे हथियारों की तुलना में सस्ते हथियारों का प्रभाव काफी बढ़ चुका है। पिछले दशक में लड़ाकू विमान, टैंक, युद्धपोत और मिसाइल डिफेंस सिस्टम युद्ध के मैदान में बाजी पलट देते थे। हालांकि ये आज भी जरूरी हैं, लेकिन निर्णायक नहीं हैं। इसलिए सस्ते ड्रोन पर भी फोकस करना जरूरी है।



उम्मीद
सतीश सिंह

# नए साल में भी मजबूत रहेगी अर्थव्यवस्था

> नवंबर में चीन को किए गए निर्यात में 90% की वृद्धि हुई और यह 2.2 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। भारत चीन को मुख्य तौर पर पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स और समुद्री उत्पादों का निर्यात करता है। इस अवधि में पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई और यह 121.25% वृद्धि के साथ 1.62 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद 158.95% बढ़कर 1.35 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया। समुद्री उत्पादों का निर्यात 19% बढ़कर 0.85 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। खली, माइका, कोयला व अन्य जिंसों ने भी चीन के साथ कुल निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। ये सब उम्मीद जगाते हैं कि अगले साल भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी।

अप्रैल से नवंबर महीने के दौरान भारत से चीन को किया जाने वाला निर्यात लगभग एक तिहाई बढ़कर 12.22 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। चीन के साथ कारोबार में हालिया बढ़ोतरी का सबसे महत्वपूर्ण कारण अमेरिका द्वारा भारत पर 50% टैरिफ लगाना है। अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने के बाद से भारत दूसरे देशों के साथ कारोबारी संबंध बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है और चीन को किए जाने वाले निर्यात में वृद्धि इसी प्रयास का परिणाम है। वैसे, चीन के अलावा, भारत दूसरे देशों जैसे यूएई, यूरोपियन यूनियन के देशों ओमान, न्यूजीलैंड आदि देशों के साथ भी कारोबार को लगातार बढ़ाने के लिए कोशिश कर रहा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लगातार मजबूती मिल रही है।

नवंबर में चीन को किए गए निर्यात में 90% की वृद्धि हुई और यह 2.2 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। भारत चीन को मुख्य तौर पर पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स और समुद्री उत्पादों का निर्यात करता है। इस अवधि में पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई और यह 121.25% वृद्धि के साथ 1.62 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद 158.95% बढ़कर 1.35 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया। समुद्री उत्पादों का निर्यात 19% बढ़कर 0.85 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। मामले में खली, माइका, कोयला व अन्य जिंसों ने भी चीन के साथ कुल निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

चीन को किए जाने वाले निर्यात में वृद्धि का साफ़ अर्थ है कि चीन का अमेरिका के साथ कारोबार फीका पड़ रहा है और भारत के साथ कारोबारी संबंध बेहतर हो रहा है। वर्ष 2017 में चीन द्वारा अमेरिका को किया गया निर्यात उसके कुल निर्यात का 19% था, जो इस साल के नवंबर महीने तक घटकर 10% रह गया। इसी तरह, अमेरिका का चीन से आयात 2017 में 20% था, जो नवंबर महीने में घटकर अब 9% रह गया।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल द्वारा हाल में जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट सूचकांक दिसंबर में घटकर 58.9 के स्तर पर आ गया, जो नवंबर में 59.7 के स्तर पर था। यह फरवरी महीने के बाद से सबसे धीमी रफ्तार है। यह सूचकांक भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के महीने-दर-महीने प्रदर्शन में होने वाले बदलाव को दर्शाता है। 50 से ऊपर का आंकड़ा आर्थिक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का स्तर गिरावट को बताता है। वहीं, 50 का स्तर कोई बदलाव नहीं दर्शाता है। इस सूचकांक में विस्तार की स्थिति दिसंबर महीने में थोड़ी कम रही। बावजूद इसके, इस महीने निर्यात की मांग ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, जर्मनी, मिडिल ईस्ट, श्रीलंका, ब्रिटेन आदि देशों से तेज हुई और यह 3 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। विनिर्माण क्षेत्र में विगत 2 वर्षों में सबसे धीमी वृद्धि दर्ज हुई और इस क्षेत्र में न्यून संख्या में रोजगार सृजित हुआ, जबकि सेवा क्षेत्र में कोई रोजगार सृजन नहीं हुआ।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर नवंबर में -0.32% रही,



जबकि अक्टूबर महीने में यह 27 माह के निचले स्तर -1.21% पर रही। अवस्फीति में आई नरमी की वजह से थोक महंगाई दर में उल्लेखनीय नरमी आई। हालांकि, खुदरा महंगाई दर नवंबर महीने में अक्टूबर के रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25%से बढ़कर 0.71% के स्तर पर पहुंच गई थी।

अवस्फीतिकी स्थिति में वस्तुओं और सेवाओं की कीमत कम हो जाती है और पैसे की कीमत बढ़ जाती है। अर्थात जिस राशि पर जो सामान खरीदी जा रही रही है। अवस्फीति के कारण उसी राशि में उससे ज्यादा सामान खरीदा जाता है। वहीं, मुद्रास्फीति या महंगाई, अवस्फीति की विपरीत अवस्था है। मुद्रास्फीति विकास के मार्ग सबसे बड़ा अवरोधक है। इसलिए, सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक इसे लेकर हमेशा सचेत रहते हैं। महंगाई कम रहने की वजह से ही रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से अब तक 4 बार में रेपो दर में कुल 1.25% की कटौती की, जिससे बैंक ऋण ब्याज दर में कमी आई, जिससे आम लोगों की बचत में इजाफा और उपभोग में वृद्धि हो रही है। साथ ही, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की राह पर है और आने वाले साल में भी यह रफ्तार बनी रह सकती है।

सितंबर महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तार्किक और समीचीन बनाने के बाद खपत में बढ़ोतरी देखी जा रही है और माना जा रहा है कि इसका प्रभाव आने वाली कुछ तिमाहियों तक जारी रहेगी। इसी वजह से विविध उत्पादों की मांग पहले के मुक़ाबले बढ़ रहीहै. इस संदर्भ में,ग्रामीण क्षेत्र,शहरी क्षेत्र से आगे है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही शहरी क्षेत्र में उत्पादों की मांग में तेजी आयेगी, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर और घूमने पर ज्यादा खर्च किया जाता है। चूँकि,5 प्रतिशत जीएसटी दरअधिकांशतः दैनिक उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) पर आरोपित किया गया है, जिससे लोग बचत कर पा रहे हैं। साथ ही, उनके द्वारा किए जाने वाले खर्च में भी बढ़ोतरी हो रही है।

देश की अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत बने रहने के कारण अन्तर्रष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष में भारत के विकास दर के 6.6% रहने का अनुमान जताया है, जबकि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान को 6.5% से बढ़ाकर 7.2% कर दिया है. एडीबी के अनुसार भारत जीएसटी एवं अन्य कर सुधारों और खपत में आई तेज वृद्धि से एशिया का ग्रोथ इंजन बन गया है और स्थिर नीतिगत निर्णयों,मजबूत घरेलू मांग,सरकारी निवेश, वैश्विक कंपनियों का भारत में निवेश, रोजगार सृजन में तेजी और शेयर बाजार के मजबूत बने रहने आदि की वजह से माना जा रहा है कि वर्ष 2026 से 2035 के दशक के दौरान भारत के विकास दर में अभूतपूर्व तेजी आएगी।

इस तरह, भारत द्वारा चीन और कुछ अन्य देशों को किए जाने वाले निर्यात से भारत अमेरिका द्वारा लगाए गए 50% टैरिफ के दुष्परिणामों से धीरे-धीरे बाहर निकल रहा है। जीएसटी के स्लैबों को तार्किक बनाने से लोगों के बचत और खर्च दोनों में वृद्धि हो रही है। मंहगाई के नरम रहने और रेपो दर में कटौती करने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है और विकास को बल मिल रहा है। इसी वजह से वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर में और भी तेजी आने का अनुमान जताया है। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि आगामी साल यानी 2026 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नववर्ष
अखिलेश आर्येन्दु



# नई उड़ान के साथ सावधानियां भी जरूरी

सन 2025 देश-दुनिया की तमाम यादों, घटनाओं, योजनाओं, परिणामों, समस्याओं, उलझनों और उनके बेहतर सुलझनों को समेटे हमेशा के लिए विदा हो रहा है। देश-दुनिया ने पिछले 12 महीनों में कई तरह के उतार-चढ़ाव देखे। युद्ध की संबंधी कूटनीति व मंज़र देखे तो, वैश्विक क्षितिज पर सह-मात का खेल भी। विज्ञान के चमत्कार भी देखे। यूं तो हर क्षेत्र में कुछ न कुछ नया होता ही रहता है। उसमें कुछ नया हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होता भी है, नहीं भी होता है। जो हमारी जिंदगी का हिस्सा होता है उसका असर होता है जो हमारी जिंदगी से ताल्लुक नहीं रखता, उसका असर नहीं होता, यदि होता है तो बहुत ही मामूली। हम कह सकते हैं 2025 में जो कुछ हुआ, वह अब चंद दिनों में इतिहास या बीते कालखंड का हिस्सा बन जाएगा। अतीत हमें बहुत कुछ सिखाता है और सावधान भी करता है। हम जहां हैं, जिस हालात में हैं, उस क्षेत्र में यदि अतीत से कुछ सीखना चाहें तो 2025 हमें बहुत कुछ सीखने के लिए छोड़कर हमेशा के लिए विदा ले रहा है। हमें यह संदेश देता हुआ जा रहा है कि नया साल, वाकई में नया हो-सोच, समझ, विचार, कार्य और निर्णय लेने के मामले में। नया साल संदेश देता जा रहा है कि इस साल कलेंडर बदलने या न्यू ईयर ग्रीटिंग भेजने तक खुद को सीमित न रखें।

नए साल के आगमन पर हम न जाने कितने तरह की कार्य-योजनाएं बनाते हैं। नया मकसद, नया प्लान, पुराने अधूरे प्लान को पूरा करने का संकल्प और उस संकल्प को पूरा करने के लिए नई सोच के साथ हम आगे बढ़ते हैं। बीते साल की समीक्षा के साथ नए साल के स्वागत में ऐसा नया करना चाहते हैं, जैसा अभी तक नहीं कर पाए थे। मनोवैज्ञानिकों और साधकों के मुताबिक किसी भी प्राणी के साथ हमारा व्यवहार, धारणा, मान्यता और सोच जैसी होती है वैसे ही हालात हमारे बनते जाते हैं। सद्गुणों को प्राप्त करने या उसके खोने की स्थिति भी यही है। यदि हमारे अंदर विनम्रता, दया, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, प्रेम, सत्य और अन्य सद्गुणों का भंडार है तो हम किसी से कभी अप्रिय व्यवहार नहीं कर सकते और न ही संवेदनहीन ही हो सकते हैं। नए साल पर सदगुणों को बेहतर तरीके से अमल में लाने पर आगे बढ़ सकते हैं। उसने संकल्प लिया, वह अपने मकसद को हरहाल में जरूर पूरा करेगा, इसके लिए उसे चाहे जितनी बार कोशिश करनी पड़े। उसके संकल्प ने उसे अपने मकसद में कामयाब बना दिया, और वह सफल हो गया। प्रकृति में अनगिनत वस्तुएं हैं जिनसे आप प्रेरणा लेकर अपनी मंजिल हासिल कर सकते हैं। एक बार यदि निश्चय कर लिया कि चाहे जितनी शक्ति लगानी पड़े या संघर्ष करना पड़े, कदम पीछे नहीं हटेगा तो दुनिया की कोई शक्ति आप की शक्ति और संकल्प को तोड़ नहीं सकती, बल्कि कुदरत आप के हर कदम पर सहायता ही करेगी।

महान विचारक बिस्मार्क ने इंसान को आगे बढ़ने के लिए 'इच्छा-शक्ति और निर्णय-शक्ति को बहुत जरूरी माना है। इसके साथ ही उस संकल्प-शक्ति को दृढ़ करने को जरूरी माना है, जिससे संकल्प विकल्प में तबदील न हो। बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल करते वक्त बहुत सावधानी की जरूरत होती है कि हमारा दोस्त कौन है और दुश्मन कौन है। तर्क-शक्ति से यह समझ बढ़ती है। इसी से देखे गए स्वप्न को साकार करने में सफलता हासिल होती है। अपने स्वभाव, आदतों और व्यवहार को चिंतन के तराजू पर तौलकर हम एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। परिवर्तन तो अनिवार्य है, यह रुकने वाला नहीं है, लेकिन हमें इसके मुताबिक बदलने के पहले यह देखना जरूरी है कि हमारे लिए क्या चीज उपयोगी है और क्या अनुपयोगी है। यह बात समझने की है कि जीवन दूसरों के विचारों, सलाहों, जीवन-शैली के अंधानुकरण और प्रतियोगिता करके नहीं चलाया जा सकता है। यदि इस तरह की जिंदगी अपनाना चाहते हैं तो इतनी विसंगतियां, जटिलताएं और समस्याएं पग-पग पर आ सकती हैं, जिससे जीना ही दूभर हो सकता है। इसलिए नए साल में उड़ान तो भरें, लेकिन सावधानियों के साथ। स्वप्न देखना चाहिए। लेकिन ऐसा स्वप्न ही देखना मुफीद होता है जो अपनी योग्यता, सुरुचि और शक्ति के अनुरूप हो, जिसे साकार किया जा सके। जिसे लेकर द्वंद्व की हालात न बने। मानसिक तनाव की विकराल समस्या से शारीरिक, बौद्धिक और दूसरी तमाम तरह की समस्याएँ न पैदा हों। इससे बचने का सहज उपाय है कि हम अतिमहत्वाकांक्षी, अत्यधिक भाग दौड़ और बेकार के स्वप्न देखना छोड़ दें। स्वार्थ, अधैर्य और असंतोष की प्रवृति भी अत्यधिक घातक होती है। ये सभी प्रतिकूलताएं लक्ष्य और संकल्प को पूरा करने में बाधक बनती हैं। इसलिए सावधानी बरतें।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
**दर्शन**

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

# गुरु बदल सकता है किसी की भी व्यक्ति की सोच



संकलित
**प्रेरणा**

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## रोशनी से सजा 'रेन ट्री'



**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में वेली ग्राउंड में क्रिसमस फेस्टिवल सेलिब्रेशन के दौरान 80 फीट ऊंचे 200 साल पुराने रेन ट्री को रोशनी और सजावट से सजाया गया, जिसे देखने के लिए लोग इकट्ठा हुए।

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला

भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है।

*-मनोज कुशवाह, धमतरी*


## ट्रेंड

### घुसपैठियों को बाहर करेंगे




कांग्रेस ने आईएमडीटी एक्ट लाकर असम में घुसपैठियों के बसने का रास्ता खोल दिया। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो घुसपैठियों को भारत के लिए खतरा मानती है, इसलिए भाजपा ही घुसपैठिया मुक्त भारत बना सकती है। भाजपा सरकार देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करेगी।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### हम आत्मनिर्भर बनें




हम चाहे किसी भी देश, धर्म, जाति या संप्रदाय के हों, भोजन और पानी की तरह शांति भी हमारी मूल आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश में शांति हो और हम आत्मनिर्भर बनें। इसके बाद हम गर्व से कहेंगे हमारा देश विकसित हैं। **-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### भयावह घृणा अपराध



देहरादून में ऐंजल चकमा और उनके भाई के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदार बयानों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा। भाजपा नफरत फैला रही है। **-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### केंद्र सरकार जिम्मेदार



बंगाल में एक और बीएलओ की आत्महत्या, पूरे देश में अब तक कुल 33 मौतें, एक कथित घुसपैठिया ठीक नहीं, लेकिन 33 बीएलओ की मौत ठीक है? इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। पता नहीं कितने और लोगों की जान लेगी।
**-कपिल सिब्बल, राज्यसभा सांसद**

## करंट अफेयर


# राष्ट्रपति ने ब्लू हाउस से शुरू किया कामकाज



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को देश के पारंपरिक राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' से आधिकारिक तौर पर अपना कामकाज शुरू कर दिया। इस साल जून में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद राष्ट्रपति ली पहली बार राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' में गए। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भवन को 'ब्लू हाउस' के नाम से भी जाना जाता है। पद से हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा राष्ट्रपति कार्यालय को रक्षा मंत्रालय परिसर में स्थानांतरित किए जाने के तीन साल से अधिक समय बाद किसी राष्ट्रपति ने 'ब्लू हाउस' से कामकाज शुरू किया। दक्षिण कोरिया में नौ मई, 2022 के बाद यह पहली बार था जब किसी राष्ट्रपति ने 'चोंग वा डे' का दौरा किया। नौ मई, 2022 पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन के कार्यकाल का अंतिम दिन था। इससे पहले, यून ने रक्षा मंत्रालय की एक परिवर्तित इमारत से राष्ट्रपति पद का अपना कार्यभार संभाला था। यून ने 'चोंग वा डे' के कुछ हिस्सों को पर्यटन स्थल के रूप में आम जनता के लिए खोल दिया था, जिससे लाखों पर्यटक आकर्षित हुए। यून को पद से हटाए जाने के बाद जून में अचानक हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाले ली ने राष्ट्रपति कार्यालय को 'ब्लू हाउस' में वापस स्थानांतरित करने में कई सप्ताह का समय लिया।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहा



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

भदभदा सड़क पर शाम छह बजे हैवी ट्रैफिक के दौरान हुआ हादसा

# बच्चों को छोड़कर वापस कैंपस लौट रही कॉलेज बस में घुसी जेसीबी, ड्राइवर के हाथ-पैर और चेहरे पर आई गंभीर चोट, भदभदा रोड पर लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भदभदा रोड पर सोमवार शाम कॉलेज बस और जेसीबी के बीच हुई टक्कर के बाद जाम की स्थिति निर्मित हो गई। कॉलेज बस छात्रों को छोडकर वापस कैंपस जा रही थी। उसी दौरान भदभदा रोड पर यह हादसा होने से ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई।

घटना शाम करीब छह बजे की बताई जा रही है। उस समय रोड पर दोनों साइड बड़ी संख्या में वाहन मौजूद थे। कॉलेज बस, जेसीबी मशीन से आगे चल रही थी। रोड पर ढलान होने के कारण जेसीबी



अचानक लुढ़कर पीछे आ गई और बस में ड्राइवर की ओर घुस गई। घटनाक्रम इतनी तेजी से हुआ कि बस ड्राइवर को खुद को बचाने का मौका भी नहीं मिला। जेसीबी का पीछे लगा छोटा पंजा बस में ड्राइवर की सीट तक घुस गया। बस की विंड शील्ड टूटने के अलावा बस का आगे का हिस्सा भी भीतर की तरह घुस गया। हादसे में बस ड्राइवर के हाथ-पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल पास में मौजूद निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के कारण हैवी ट्रैफिक वाली सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने कुछ ही देर में बस को रास्ते से हटाकर ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार कॉलेज बस ड्राइवर, कंडक्टर और कॉलेज स्टॉफ के दो सदस्य मौजूद थे।

### भारत टॉकीज ब्रिज पर भीषण जाम

सोमवार दोपहर 12 से 2 बजे के बीच भारत टॉकीज ब्रिज पर भीषण जाम की स्थिति बनी रही। करीब दो घंटे तक लगे जाम के कारण हजारों वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे बसें, एंबुलेंस और दफ्तर जाने वाले लोग भी फंस गए। लोगों ने बताया कि भारत टॉकीज ब्रिज पर यह स्थिति रोजाना बन रही है, लेकिन यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जाम के चलते लोगों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा रहा है, जिससे दोगुना समय लगता है।

### दो गुट आपस में भिड़े, चाकूबाजी में तीन घायल

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रियदर्शिनी नगर में रविवार रात उधारी के पैसों और वर्चस्व के विवाद पर दो पक्ष आमने सामने हो गए। बदमाशों के दो गुटों में जमकर मारपीट और चाकूबाजी की। इस घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हमले में एक युवक का अंगूठा कटकर अलग हो गया, जबकि दूसरे की अंगुलियां कट गईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार प्रियदर्शिनी नगर निवासी नीरज बंसल (29), जो पेशे से ड्राइवर है। उसका आदित्य चौहान से करीब आठ हजार रुपए का लेनदेन था। रविवार शाम नीरज उधारी के पैसे मांगने आदित्य के घर गया था, लेकिन वह वहां नहीं मिला। जब आदित्य को पता चला कि नीरज पैसों को लेकर उसके घर तक पहुंच गया तो वह भड़क गया। रात करीब 9 बजे आदित्य अपने साथी नीलेश, उमेश और रोहन के साथ नीरज के घर पहुंच गया। वहां विवाद होने लगा। देखते ही देखते दो गुट आमने-सामने हो गए और मारपीट के साथ चाकूबाजी होने लगी। हमले के दौरान आदित्य ने नीरज पर वार किया, जिससे उसका अंगूठा कट गया। जवाब में नीरज और साथियों ने पलटवार किया, जिसमें आदित्य की अंगुलियां कट गईं। इस संघर्ष में नीलेश चौहान भी घायल हुआ है। सूचना मिलते ही टीटी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मौके से नीलेश चौहान और नीरज बंसल को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया।

## खबर संक्षेप



### नप अध्यक्ष के लिए आरती को बताया सही प्रत्याशी

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति की अध्यक्ष आरती यादव के साथ 300 महिलाओं का संगठन पिछले 15 साल से सक्रिय है। आरती यादव औबेदुल्लागंज नगर परिषद में पार्षद भी रह चुकी हैं। उन्होंने पार्षद रहते हुए अर्जुन नगर की कई समस्याएं उठाई है। वे महिलाओं की प्रभात फेरी निकाल कर धर्म का प्रचार करती है। उनके समर्थक वचन लोधी, इंग्लैंस यादव, रेखा कपूर, सपना रैकवार, महिला मंडल अध्यक्ष माया राय, राजकुमारी मित्तल, जिला महिला मंडल अध्यक्ष विद्या अग्रवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, पूजा लोधी, प्रियंका गुप्ता, हेमलता चौरसिया, सुलेखा चौहान तामोट, राधा कुशवाहा, माखन सेन, पदम चौहान, गुड्डू यादव, राकेश यादव, बृजमोहन यादव आदि ने आरती यादव को औबेदुल्लागंज नगर परिषद अध्यक्ष के लिए सही प्रत्याशी बताया है।

### 35 ड्राइवरों की आंखों में निकला मोतियाबिंद

**संतनगर।** डी.सी.पी. यातायात बसंत कौल ने आज सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, यातायात पुलिस एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से लोक परिवहन सेवाओं में कार्यरत ड्रायवरों के लिए निःशुल्क दृष्टिदोष, नेत्र एवं दंत रोग परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर नादरा बस स्टैण्ड पर लगाया गया, जिसमें दृष्टिदोष एवं नेत्र व्याधियों से पीड़ति 276 ड्राइवरों ने आंखों व दांतो का दंत परीक्षण कराया। जांच के दौरान 54 में दृष्टिदोष तथा 35 ड्रायवरों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए।

### भोजपुर क्षेत्र में गौरव बने युवाओं की पहली पसंद

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र में गौरव पचौरी युवाओं में लोकप्रिय हैं। उनको मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, बाड़ी, चिकलोद, उमरावगंज आदि क्षेत्रों में किसान और युवा उनके प्रशंसक हैं। गौरव ने अथक प्रयास करके औबेदुल्लागंज नगर परिषद में अपना प्रत्याशी जिताया था। बाड़ी के जितेंद्र मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष कमलेश चौहान, पूर्व जनपद सदस्य केशव पचौरी, पूर्व जनपद सदस्य संजय शर्मा, महेश जैन, देवेंद्र सिंह राजू, संजय सिंह चौहान, सुरजीत सिंह बिल्ले, रमेश गौर, पर्वत सिंह राजपूत, प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, सेंकी मदान, पंकज नागरानी, जिला जनपद सदस्य चंदा चौहान, सुमित पचौरी, आदिल सिद्दीकी, सिमराई जनपद सदस्य अरुणा शर्मा आदि लोग चाहते हैं कि गौरव भोजपुर क्षेत्र में सक्रिय रहकर और किसानो और युवाओं की आवाज बुलंद करें।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2716 | | |
| दिनः | 899 | 60 | 136 |
| रातः | 256 | 31 | 146 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 157 | 30 | 127 |
| रातः | 259 | 66 | 880 |

## लांबाखेड़ा ब्रिज चौराहा पर हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस

# बाइक दो पहिया वाहन से टकराई, सड़क पर गिरा मिस्त्री, हार्वेस्टर ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा ब्रिज के पास चौराहा पर रविवार शाम बाइक सवार मिस्त्री की हार्वेस्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे से पहले मिस्त्री की बाइक दो पहिया वाहन से टकराई थी। टक्कर लगने से सड़क पर गिरे मिस्त्री को पीछे से आ रहे हार्वेस्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। उसे एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस जांच कर रही है।



मर्चुरी के बाहर कार्रवाई करती पुलिस। इनसेट में मृतक नीलेश रैकवार।

एएसआई बेनी प्रसाद मीना ने बताया कि नीलेश रैकवार पिता गोपाल सिंह रैकवार (31) झील नगर, अयोध्या बायपास पर रहता था और मिस्त्री के अलावा लेवर कांट्रैक्टर भी था। रविवार शाम नीलेश लांबाखेड़ा ब्रिज के पास से गुजर रहा था, तभी उसकी बाइक को दो पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नीलेश बाइक सहित सड़क पर गिर गया था। इसी बीच पीछे से आ रहे हार्वेस्टर ने नीलेश को चपेट में ले लिया। हार्वेस्टर का पहिया नीलेश के ऊपर से निकल गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने प्राइवेट एंबुलेंस की मदद से नीलेश को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने नीलेश को मृत घोषित कर दिया।

### सुभाष नगर ब्रिज पर बुजुर्ग महिला को कार ने कुचला, मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर ओवरब्रिज पर रविवार सुबह महिला कार चालक ने पैदल जा रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। कार चालक महिला ही गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार राजीव नगर थाना एमपी नगर निवासी प्यारी बाई (62) हाउस कीपिंग का काम करती थीं। रविवार 28 दिसंबर की सुबह 8 बजे वह घर से काम पर जाने के लिए निकली। रोज दोपहर करीब डेढ़ बजे तक वह घर लौट आती थीं, लेकिन रविवार को वह घर नहीं पहुंची। उनका बेटा रामकृपाल कुंडेलकर (42) मां की तलाश में घर से निकला। इस बीच सुमित नाम के व्यक्ति ने रामकृपाल को बताया कि सुभाष नगर ओवरब्रिज पर सुबह करीब सवा 10 बजे पीछे से आ रही कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए पैदल जा रहीं प्यारी बाई को टक्कर मार दी थी। महिला के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। कार एक महिला चल रही थी। वही महिला घायल प्यारी बाई को अपनी गाड़ी से हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची। सूचना मिलते ही रामकृपाल फौरन हमीदिया अस्पताल पहुंचा। वहां इलाज के दौरान प्यारी बाई की मौत हो गई।



# शाहगंज के जंगल में लापता युवक का शव बरामद, गोली मारकर हत्या की आशंका

## शुक्रवार देर रात सतलापुर क्षेत्र से गायब हुआ था युवक, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

शहर के सतलापुर क्षेत्र से शुक्रवार देर रात गायब हुए युवक का शव 60 घंटे बाद नर्मदापुरम रोड पर शाहगंज के जंगल में पड़ा मिला है। प्रथम दृष्टि में युवक की गोलीमार कर हत्या कर शव को जंगल में फेंकना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, विवेक शर्मा उर्फ अविनाश शुक्रवार को मंडीदीप आया था। यहां उन्होंने अपने दोस्त नीरज सेन के लोरका पिपलिया रोड स्थित खेत पर राहुल साहू सहित अन्य लोगों के साथ पार्टी की थी। नीरज सेन ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे अविनाश अपनी हुंडई वेन्यू कार से अकेले नर्मदापुरम के लिए रवाना हो गया था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने सतलापुर पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



विवेक शर्मा, मृतक

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने पर मामला हत्या से जुड़ा प्रतीत हुआ। शहर में कुछ संदिग्धों से पूछताछ के साथ-साथ नर्मदापुरम रास्ते पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान सोमवार सुबह शाहगंज रोड पर दाहोटा घाट के पास जंगल में अविनाश का शव खून से लथपथ पड़ा मिला।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शव के सिर और पीठ पर गोली लगने के निशान थे। हालांकि, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने आधिकारिक बयान में कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो सकता है। मृतक के समर्थक और परिजन जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

## मनीषा तालाब में मिली लापता कपड़ा व्यापारी की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित मनीषा तालाब में बुजुर्ग कपड़ा व्यापारी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। वह शनिवार रात से घर से लापता थे। शाहपुरा थाने में परिजन ने उनके गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। रविवार सुबह उनका शव मनीषा तालाब में मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह तनाव में रहते थे। अनुमान है कि उन्होंने आत्महत्या की है।

पुलिस के अनुसार त्रिलंगा शाहपुरा निवासी जसवीर सिंह बेदी (65) कपड़ों का व्यापार करते थे। वह अविवाहित थे और छोटे भाई के परिवार के साथ रह रहे थे। अकेलेपन और रिश्तों में दूरी की वजह से कुछ समय से उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया।

जसवीर सिंह बेदी शनिवार रात खाना खाने के बाद रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर से निकले थे। उसके बाद लौटे नहीं। परिजन ने शाहपुरा थाने पहुंचे और जसवीर की गुमशुदगी दर्ज कराई। इधर चूनाभट्टी पुलिस ने रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक बुजुर्ग का शव मनीषा तालाब में देखा। शव की शिनाख्त जसवीर बेदी के रूप में कर ली गई।

पिता ने अधिकारियों से की अपील, पर किसी ने नहीं दिया ध्यान

## आरटीई के तहत बच्चों का किया एडमिशन फीस के लिए स्कूल संचालक ने किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बीआरसी एवं एसडीएम गौहरगंज को पालक गजानंद यादव द्वारा आवेदन देकर बताया कि कि मेरे दोनों बच्चे बालक प्रबल यादव, बालिका परिधि यादव सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में पढ़ते हैं। संचालक द्वारा स्कूल में आने से मना कर दिया है, स्कूल संचालक ने कहा कि जब फीस जमा करोगे तभी बच्चों को पढ़ाएंगे। पालक गजानांद यादव ने बताया कि बच्चों का एडमिशन आरटीई योजना के अंतर्गत हुआ था।

विद्यालय के संचालक द्वारा गरीबी रेखा परमिट के आधार पर निःशुल्क शिक्षा देने का आश्वासन दिया था। पालक गजानंद यादव ने बताया कि बच्चों का प्रवेश तो हमने करा दिया, लेकिन गरीबी रेखा परमिट होने के बावजूद भी आरटीई योजना से बच्चों को वंचित रखा और अब बच्चों को स्कूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पालक गजानंद यादव टिगरिया ने संबंधित विभागों को लिखित आवेदन दिया था, इसके बावजूद भी उन्हें न्याय नहीं मिला। अब मंगलवार को कलेक्टर रायसेन की जनसुनवाई में सबूत पेश करते हुए न्याय की मांग कर, गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग पालक द्वारा की जाएगी।

सबूतों का विवरण इस प्रकार है। कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र औबेदुल्लागंज के पत्र क्रमांक ज .शि.के. /2025 / 1456/ एवं कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गौहरगंज के पत्र क्रमांक 2499/ रीडर/2025/ इन पत्रों और पालक द्वारा दिए गए आवेदन है। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के प्रबंधक प्रेम नारायण सोनी ने बताया कि पोर्टल में नाम नहीं होने से बच्चों का नाम गरीबी रेखा की लिस्ट में नहीं आ रहा है, इसीलिए फीस भरना पड़ेगा।

## 40 स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर घंटों समां बांधा

### रंगारंग प्रस्तुतियां से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का 35 वाँ गीत संगीत का कार्यक्रम एसजी हेरिटेज होटल मे आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय 40 कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश कुमार जनयानी, विशेष अतिथि एडवोकेट मोहन चतुर्वेदी , विशेष अतिथि रमेश चंदानी एवं विशेष अतिथि लक्ष्मणदास आसवानी रहे। कार्यक्रम की एंकरिंग रोशनी तनवानी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश जनियानी ने बताया कि मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का उद्देश्य वरिष्ठ गायकों के मार्गदर्शन में नए कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना एवं प्रोत्साहित करना रहता है और यह कार्य ग्रुप के संचालक रामचंद सभनानी बखूबी कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश तनवानी, चुनीलाल जेठानी, अशोक आडवाणी, एडवोकेट राजू जाट, जेठानंद तेजवानी, रमेश चंदानी, भगवानदास लीलानी, बीनू यादव, मधु मोहनानी, शोभा लहरिया, रीना मेहता, रमन यादव, वर्षा दामले, सुनीता गौतम आदि मौजूद रहे।



मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप के सदस्य।

बसंत को जैन अधिवक्ता एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया

## 50 वर्ष से अधिक वकालत करने वाले जैन समाज के अधिवक्ताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

अतिशय क्षेत्र भोजपुर, भोपाल में जैन अधिवक्ता एसोसिएशन मध्य प्रदेश के द्वारा 50 वर्ष से अधिक वकालत करने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया और संभाग स्तर पर अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले के नाम की घोषणा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश चंद जैन खंडवा द्वारा की गई। मंच पर सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर न्यायाधीश सुनील जैन, अधिवक्ता सदस्य एमपी स्टेट बार नरेन्द्र कुमार जैन इंदौर, रश्मी ऋतु जैन सागर, मध्य प्रदेश की मुख्य पीठ जबलपुर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन जबलपुर, जैन अधिवक्ता एसोसिएशन मध्य प्रदेश अध्यक्ष बसंत कुमार जैन भोपाल, सचिव अनिल कुमार जैन शहडोल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता मधुर जैन, राहुल जैन, ललित जैन, राजेश जैन भोपाल, राजीव कुमार जैन औबेदुल्लागंज एवं संचालनकर्ता अधिवक्ता अमित कुमार जैन इंदौर ऋषभ जैन वरिष्ठ पत्रकार, शिरोमणि प्रदीप जैन, अनिल चौधरी आदि ने किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन, ध्वजा रोहण, मंगलाचरण और सामुहिक भोज का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश जैन अधिवक्ता संघ की बैठक सम्पन्न। बसंत जैन को संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता व अन्य।

20 वर्ष बाद कॉलेज आकर फिर से एल्युमिनी ने क्लास अटेंड की, किसी ने पुराने डायरेक्टर से मिलकर लिया आशीर्वाद

# बंसल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशनखेड़ा 'स्मृति मिलन-2025' एलुमनाई मीट में मिले 2006 से 2020 तक के 250 पूर्व छात्र, याद किए साथ बिताए पल

बिना किसी टेंशन या थकान के रात 10 बजे नींद आ जाना ही लग्जरी है: सुनील बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बंसल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशनखेड़ा, मंडीदीप में कॉलेज के 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'स्मृति मिलन-2025' एलुमनाई मीट का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2006 से 2020 तक के पासआउट लगभग 250 पूर्व छात्रों ने सहभागिता की। देश–विदेश से आए एलुमनाई छात्रों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।



पूर्व निर्देशक डॉ. वाय के शर्मा एल्युमिनी को सर्टिफिकेट ऑफ रिमेंब्रेंस देते हुए।



पुराने छात्र अपने क्लास टैग के साथ सेल्फी लेते हुए।

पूर्व छात्र एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पावर ब्लिट्ज के मीडिया मैनेजर रहे अंकित जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बंसल ग्रुप के चेयरमैन सुनील बंसल, बीजीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर पार्थ बंसल, पूर्व निदेशक डॉ. वाईके शर्मा, पूर्व एचओडी प्रो. एनके अग्रवाल, डॉ. त्रिप्ती भट्ट, डॉ. संजय जैन (जॉइंट सेक्रेटरी, बंसल ग्रुप) डॉ. ऋषिकेश रावत (निदेशक, बंसल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर पूर्व निदेशक डॉ. वाईके शर्मा, प्रो. एन.के. अग्रवाल, डॉ. त्रिप्ती भट्ट आए तो छात्रों ने उनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा कीं। मुख्य अतिथि सुनील बंसल ने अपने उद्बोधन में छात्रों को सफलता के मंत्र देते हुए कहा कि "लक्ज़री का अर्थ महंगी गाड़ियां या दिखावटी जीवन नहीं, बल्कि बिना किसी तनाव के रात 10 बजे चैन की नींद लेना ही सच्ची लक्ज़री है। वहीं पूर्व निदेशक डॉ. वाईके शर्मा ने एलुमनाई फंड बनाने का सुझाव दिया, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की सहायता की जा सके। उन्होंने सभी एलुमनाई से आपसी संपर्क बनाए रखने और रोजगार के अवसरों में एक-दूसरे की मदद करने का आह्वान किया। इस पूरी एलुमनाई मीट में पार्थ बंसल, एमडी बंसल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों को कॉलेज प्रबंधन की ओर से "सर्टिफिकेट ऑफ रिमेम्ब्रेंस" प्रदान किए गए।

### स्टेज शो एवं ऑर्केस्ट्रा के गीतों पर झूमे



देर शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्टेज शो एवं ऑर्केस्ट्रा के गीतों पर एलुमनाई छात्रों ने जमकर नृत्य कर आनंद लिया। फाउंडेशन बैच के छात्रों ने अपने कॉलेज के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी एलुमनाई छात्रों ने इस सफल आयोजन के लिए कॉलेज निदेशक डॉ. ऋषिकेश रावत, एचओडी तेजस्विता कात्यायनी, वरिष्ठ प्राध्यापक अपर्णा पांडेय, प्रो. शिखा सिंह, प्रो. अभिषेक सहित समस्त आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

## नारी की शाश्वत शक्ति, सृजनशीलता और सांस्कृतिक नेतृत्व का भव्य उत्सव 'शाश्वती-2025'


नृत्य की प्रस्तुति देती नृत्यांगना।

# सांस्कृतिक मंच, शिक्षण-स्थल, अन्नपूर्णा खंडों से सजा संग्रहालय, लोगों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा आयोजित महिला-केंद्रित सांस्कृतिक महोत्सव शाश्वती 2025- नारी की शाश्वत शक्ति का उत्सव का शुभारंभ सोमवार से हुआ। 2 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आई लगभग 35 महिला कलाकारों और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। उन्होंने बुनाई, कढ़ाई, पॉटरी, डोकरा, बांस शिल्प, चमड़ा शिल्प, पेपर मेस्सी, टेक्सटाइल तथा वारली, मंडना, गोदना, पट्टचित्र, गोंद भील एवं सोहराई जैसी पारंपरिक चित्रकलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया। आगंतुकों ने कलाकारों से प्रत्यक्ष संवाद कर शिल्प-तकनीकों, सांस्कृतिक संदर्भों और पारंपरिक ज्ञान की प्रक्रिया को नजदीक से अनुभव किया। नारी की रचनात्मकता, सांस्कृतिक योगदान, बौद्धिक नेतृत्व और सामाजिक भूमिका को व्यापक एवं सशक्त मंच प्रदान करने वाले इस आयोजन में मुख्य अतिथि विवेक अग्रवाल, आई.ए.एस., सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार रहे।

### मानव संग्रहालय में शाश्वती 2025 का शुभारंभ


नृत्यों की प्रस्तुति देते कलाकार।

### शास्त्रीय नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से सजा 'वाणिनी' खंड

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक केंद्र 'वाणिनी' खंड रहा जिसमें शास्त्रीय नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता सुप्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्यांगना एवं गुरु वनश्री राव तथा उनकी मंडली द्वारा भाव, लय और मुद्राओं की सशक्त अभिव्यक्ति के माध्यम से नृत्य प्रस्तुति दी गई। आध्यात्मिक चेतना और कथात्मक सौंदर्य को दर्शाती इस प्रस्तुति में मां यशोदा की शक्ति को प्रस्तुत करती जगतोद्धार, अर्ध नारीश्वर, पारंपरिक कुचिपुड़ी नृत्य तरंगम, देव देवम भजे आदि नृत्य प्रस्तुतियों ने नारी की रचनात्मक शक्ति, सांस्कृतिक साधना और शास्त्रीय परंपराओं की निरंतरता को रेखांकित किया।



### दूधी और अंकुड़ी नामक विशेष लकड़ी से बनी मूर्तियां

वहीं, आंध्र प्रदेश से आए कलाकार वरहालू ने बताया कि वे जीआई टैग प्राप्त आंध्रप्रदेश की विशेष लकड़ी से बनी मूर्तियां और पारंपरिक खिलौने तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि यह मूर्तियां दूधी और अंकुड़ी नामक विशेष लकड़ी से बनाई जाती हैं, जो जंगलों में पाई जाती है। इस लकड़ी को काटना और आकार देना अपेक्षाकृत आसान होता है, जिससे बारीक और सुंदर कलाकृतियां तैयार की जाती हैं। ये कलाकृतियां भारत के साथ-साथ विदेशों में भी काफी लोकप्रिय हैं।

### केरल की म्यूरल पेंटिंग में दिखी देवी देवताओं की झलक

वहीं, केरल से आईं पेंटर प्रिया ने अपनी पारंपरिक म्यूरल ट्रेडिशन पेंटिंग के बारे में बताते हुए कहा कि यह कला साड़ी, शर्ट और अन्य कपड़ों पर की जाती है और इसकी प्रेरणा केरल के मंदिरों में बनी देवी-देवताओं की चित्रकला से ली जाती है। उन्होंने बताया कि एक पेंटिंग को तैयार करने में 10 दिन से अधिक का समय लगता है।


पारंपरिक म्यूरल ट्रेडिशन पेंटिंग।




प्रदर्शनी में अपनी कला को प्रदर्शित करती कलाकार।

### जीवंत शिक्षण-स्थल के रूप में उभरा 'सृजनिका'

'शाश्वती-2025' में सृजनिका : जीवंत कार्यशाला, प्रदर्शन एवं विक्री भी खास रही। 'सृजनिका' में महिला कलाकारों ने अपने कौशल का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया। यह खंड एक जीवंत शिक्षण-स्थल के रूप में उभरा, जहां सीखने, सिखाने और सृजन की प्रक्रिया एक साथ चलती रही। हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री के माध्यम से महिला शिल्पकारों को प्रत्यक्ष बाजार से जुड़ने का अवसर मिला।


स्टाल पर सजे पारंपरिक व्यंजन।

### भारत की विविध पाक-संस्कृति का उत्सव 'अन्नपूर्णा'

वहीं, अन्नपूर्णा खंड के अंतर्गत 16 महिला प्रतिभागियों द्वारा संचालित फूड स्टॉल्स पर पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र एवं मप्र के पारंपरिक व्यंजन और पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध मिठाइयां परोसी गईं। जिनमें लिट्टी-चोखा, चिकन कड़ी, पुलाव आदि गुजराती खाकरा, फाफड़ा आदि बंगाल के गुड़ की मिठाइयां उनके स्थानीय सामग्रियों और पारंपरिक विधियों से बने इन व्यंजनों ने आगंतुकों को भारत की समृद्ध पाक-विरासत से परिचित कराया।


लाजवाब व्यंजनों को प्रस्तुत करते हुए संगीता व अन्य।

### गोविंद भोग चावल से बनी मटकी खीर ने लूटा जायका

फ्लेवर्स ऑफ कॉलिंग स्टाल पर उड़ीसा की प्रसिद्ध संगीता बेहरा ने लाजवाब व्यंजनों को प्रस्तुत किया। यहां आलू दम, दम बड़ा चना, मटर की घुघनी और विशेष रूप से मटकी खीर लोगों को खूब भाई। संगीता ने बताया कि मटकी खीर उड़ीसा के खास चावल गोविंद भोग से बनाई जाती है, जिसमें एक मुट्ठी चावल में लगभग दो किलो दूध का उपयोग कर धीमी आंच पर 5 से 6 घंटे तक पकाया जाता है।

---

## खबर संक्षेप

### नाटक दफ्न करो का मंचन आज और कल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय द्वारा नाट्य विधा में प्रशिक्षण के लिए दो वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा इन नाट्य रंगमंच के सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों के साथ आमंत्रित अतिथि व्यख्याता सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में नाट्य प्रस्तुति दफ्न करो तैयार करवाई गई है। उपयुक्त नाट्य प्रस्तुति का मंचन 30 एवं 31 दिसंबर को प्रति दिवस शाम 7 बजे से रविन्द्र भवन परिसर में स्थित अंजनी सभागार में किया जाएगा।

### सातारा के साहित्य सम्मेलन में मराठी कविता पढ़ेंगे विवेक सावरीकर



**भोपाल।** वरिष्ठ रंगकर्मी,कवि और कला समीक्षक विवेक सावरीकर मृदुल सातारा , महाराष्ट्र में आयोजित 99वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के कवि सम्मेलन का हिस्सा होंगे। 1 से 4 जनवरी के मध्य आयोजित इस राष्ट्रीय मराठी साहित्य सम्मेलन में सावरीकर 2 जनवरी की शाम अपनी चुनिंदा मराठी कविताओं का पाठ करेंगे। उल्लेखनीय है कि सावरीकर इसके पूर्व दुबई में अंतरराष्ट्रीय मराठी साहित्य सम्मेलन में भी मराठी कवि के रूप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा एआई मिशन के अंतर्गत इंडिया इम्पैक्ट समिट 2026 के रूप में टीचिंग लर्निंग प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षु शिक्षकों की शैक्षणिक और व्यावसायिक दक्षताओं को एआई के क्षेत्र में सशक्त बनाना रहा।

---

एमपीटी के होटल्स रिजॉर्ट्स के साथ शहरवासी भी तैयार हैं नए साल के स्वागत के लिए

## पलाश रेसीडेंसी में डांस फ्लोर पर थिरकेंगे भोपालाइट्स के कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूरा शहर आने वाले नए साल का स्वागत करने के लिए बेताब है। राजधानीवासी अलग-अलग तरीके से नववर्ष का जश्न मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। शहर के होटल पलाश रेसीडेंसी, 1909 द क्राउन ऑफ भोपाल रूफ टॉप रेस्टोरेंट, विंड एण्ड वेव्स भोपाल, केरवा रिसॉर्ट, केरवा रेल कोच रेस्टोरेंट, भोपाल सहित पर्यटन निगम की प्रदेश में स्थित अनेक होटल एवं रिसॉर्ट में नए साल का धमाकेदार स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

31 की शाम को शहर भर में आयोजित होने वाली पार्टियों के लिए बुकिंग भी लगातार चल रही हैं। म्यूजिकल नाइट, लाजवाब, लजीज व्यंजन, और फायर वर्क्स से इस बार नए साल का स्वागत किया जाएगा। न्यू ईयर ईव पर सेलिब्रेशन के लिए होटल पलाश रेसीडेंसी में 40.40 का एक बड़ा डांस फ्लोर तैयार किया गया है साथ ही वेन्यू को रेड एण्ड ब्लैंक की थीम पर व आकर्षक लाइटिंग से डेकोरेट किया गया है। पलाश रेसीडेंसी के जनरल मैनेजर विपिन कटारे ने बताया कि न्यू ईयर सेलिब्रेशन पर मुंबई के फेमस ड्रमर विक्की विक्रम सिंह के लाइव फॉर्मेंस के साथ आर.जे. गीत लीड सिंगर पूर्वी और अमन, लाइव बैण्ड, लाइव डी.जे. सेट कपल्स के लिए वेलकम ड्रिंक्स, अनलिमिटेड फूड, फन फिल्ड गेम्स, फायर वर्क्स कपल्स के लिए गिफ्ट्स व लकी ड्रॉ निकाले जाएंगे।


फाइल फोटो

लेक व्यू पर यंग थिंकर्स फोरम की आवरण पुस्तक पर परिचर्चा

## भारतीय इतिहास पर डाल दिया सेक्युलरिज्म का पर्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम के 103वीं पुस्तक परिचर्चा में वैष्णवी शर्मा द्वारा एस एल भैरप्पा के उपन्यास आवरण की समीक्षा की। यह एक स्क्रीनराइटर रजिया की कहानी है, जो पहले लक्ष्मी थी। भारतीय इतिहास पर शोध करते-करते वह गहरे बौद्धिक और आध्यात्मिक संकट से गुजरती है। कथा में एक ओर उसके पति आमिर के साथ उसके निजी संघर्ष हैं, तो दूसरी ओर प्रोग्रेसिव अकादमिक हलकों से बढ़ती दूरी और मोहभंग। क्योंकि उसे लगता है कि ये समूह इस्लामी आक्रमणों से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों और टीपू सुल्तान जैसे व्यक्तित्वों के बारे में सच्चाई को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं। लेक-व्यू पर आयोजित इस परिचर्चा में निदेशक आशुतोष सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।, भोपाल इकाई की संयोजिका अस्मिता पाठक समेत अन्य युवा पुस्तक प्रेमी सम्मिलित हुए।


पुस्तक परिचर्चा में अतिथि और उपस्थित पुस्तक प्रेमी।

**पुस्तक के अंत में ऐतिहासिक स्रोतों की एक विस्तृत ग्रंथ-सूची**

अपने शोध के दौरान रजिया को मंदिरों के विध्वंस के कई प्रमाण मिलते हैं, जो उसके साथियों द्वारा प्रचारित सेक्युलर विमर्श और प्रचलित धर्मनिरपेक्ष इतिहास-लेखन से बिल्कुल भिन्न हैं। पुस्तक के अंत में ऐतिहासिक स्रोतों की एक विस्तृत ग्रंथ-सूची (बिब्लियोग्राफी) दी गई है, जो लेखक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि यह लेखन प्रामाणिक, दस्तावेजी साक्ष्यों पर आधारित रहे।

## नाजिया अंसारी ने टामैंक ग्रां प्री की महिला श्रेणी में जीत हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाजिया अंसारी ने टामैंक ग्रां प्री की महिला श्रेणी में शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने रिकॉर्ड समय में ट्रैक पूरा करते हुए अपनी एसयूवी गाड़ी चलाकर यह खिताब अपने नाम किया। 18 वर्ष की उम्र से ड्राइविंग कर रही नजिया ने लगातार अपने कौशल, एकाग्रता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। उनकी यह जीत मोटर स्पोर्ट्स में महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है, जो युवा महिलाओं को बिना किसी सीमा के अपने सपनों और जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। यह उपलब्धि गर्व का क्षण है और प्रतिस्पर्धी रेसिंग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है।



खिताब के साथ नाजिया अंसारी

## भोपाल फेस्टिवल ऑफ़ स्पीड ने मोटर स्पोर्ट्स में रचा नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राइडर्स एंड रेसिंग वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ़ स्पीड (भोपाल मोटरस्पोर्ट्स) द्वारा आयोजित टीवीएस टारमैक ग्रैंड प्रिक्स भोपाल फेस्टिवल ऑफ़ स्पीड का भव्य और सफल आयोजन भोपाल में संपन्न हुआ। यह आयोजन इसलिए भी ऐतिहासिक रहा, क्योंकि यह भोपाल में आयोजित पहला एफ एम एस सी आई -मान्यता प्राप्त ऑटोक्रॉस इवेंट था, जिसने शहर को राष्ट्रीय मोटरस्पोर्ट्स मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई।

इस चैंपियनशिप को देशभर से जबरदस्त प्रतिसाद मिला। पूरे भारत से 200 से अधिक प्रविष्टियाँ (एंट्रीज़) प्राप्त हुईं, जो क्लब के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कार कैटेगरी में 120 एंट्रीज़ दर्ज की गईं, जो 10 अलग-अलग क्लास में विभाजित थीं, जिनमें एक विशेष महिला कैटेगरी भी शामिल रही। वहीं टू-व्हीलर सेगमेंट में 10 कैटेगरीज़ में 80 एंट्रीज़ रजिस्टर हुईं, जिससे संगठित मोटरस्पोर्ट्स के प्रति बढ़ती रुचि और मजबूत भागीदारी स्पष्ट रूप से दिखाई दी।





चैंपियनशिप में भाग लेते हुए जीप चालक।

दुष्यंत संग्रहालय के स्थापना पर्व पर बोले आलोक त्यागी

## दुष्यंत किसी पंथ से नहीं जुड़े और न उन्होंने किसी विचारधारा से जुड़कर लिखा, वे आम आदमी के कवि थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत कभी किसी पंथ से नहीं जुड़े और न उन्होंने किसी विचारधारा से जुड़कर लिखा, वे तो आम आदमी के कवि थे इसलिए आज आम आदमी उनके साथ खड़ा और उनकी रचनाओं से जुड़ा है। यह उदगार हैं दुष्यंत कुमार के सुपुत्र और वरिष्ठ गजलकार आलोक त्यागी के, जो सोमवार को दुष्यन्त संग्रहालय के स्थापना पर्व 2025 पर आयोजित दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के वैचारिक सत्र 'दुष्यन्त :कल आज और कल' विषय पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में बोल रहे थे।

### सिर्फ समस्याएं नहीं, उनका समाधान भी हैं दुष्यन्त की रचनाएं



दुष्यन्त संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि वक्ता।

इस अवसर पर बोलते हुए विशिष्ठ अतिथि प्रवीण गुगनानी ने कहा की 'दुष्यन्त की रचनाएं सिर्फ समस्याएं नहीं उनका समाधान भी हैं, दुष्यन्त हमारे बीच कल भी थे आज भी हैं और कल भी रहेंगे।' आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वरिष्ठ कथाकार शशांक ने कहा की 'दुष्यन्त की जीविका ही लेखन था, दुष्यन्त की गज़लों के शेर आज लोकोक्ति बन गए यह साधारण बात नहीं है।

## गांधी शिल्प बाजार में गूंजे सुरमयी तराने

### एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गौहर महल में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सौजन्य से आयोजित 'गांधी शिल्प बाजार' का शानदार समापन हुआ। मेले के अंतिम दिन 'मुस्कान ग्रुप' की संगीतमय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान शाम पुराने गीतों से सजी।

कार्यक्रम के दौरान शहर के जाने-माने कलाकारों ने आवाज का जादू बिखेरा। इनमें परसो नाथानी ने जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे..., मोहन बेलानी ने सुरमा मेरा निराला, रमेश चंदानी ने पल भर के लिए कोई हमें प्यार कर ले, सुरंगमा सक्सेना एवं मनीष सक्सेना ने जाने कहां मेरा जिगर गया जी..., मधु मोहनानी ने सलामे इश्क़ मेरी जान.., अशोक हवेलीआ ने किसी की मुस्कराहटो पे हो निसार... गीत की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही रीना मेहता, जीडी गोलानी, हेमंत, ललिता मौर्य, उदय, और विनोद जैसे कलाकारों ने भी मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन कर समां बांध दिया।



### शिल्प और संस्कृति का संगम

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा आयोजित यह मेला हस्तशिल्प प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अंतिम दिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने न केवल खरीदारी का आनंद लिया बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भरपूर लुत्फ उठाया।

# अपनी पहली ऐतिहासिक यात्रा पर गुजरात से ओमान रवाना हुआ नौसेना का 'कौंडिन्य' जहाज

## एक्स पोस्ट में पीएम ने इस यात्रा के लिए जहाज के निर्माताओं और चालक दल के सदस्यों को दी हार्दिक बधाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत की समृद्ध प्राचीन समुद्री विरासत का अनुपम प्रतीक और सिलाई-जहाज तकनीक से निर्मित नौसेना का 'आईएनएसवी कौंडिन्य' जहाज सोमवार को अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए गुजरात के पोरबंदर से ओमान के मस्कट के लिए रवाना हो गया है। इसे नौसेना की पश्चिमी कमांड के प्रमुख (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और भारत में ओमान की राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर नौसेना के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। नौसेना ने 29 दिसंबर को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

*बोले मोदी, देश की प्राचीन सिलाई-जहाज निर्माण तकनीक से बना ये जहाज भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं का प्रतीक है*



### पीएम ने दिया बधाई संदेश

*वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए कौन्डिय की विदेश यात्रा के लिए जहाज के डिजाइनरों, निर्माताओं, चालक दल के सदस्यों और नौसेना के समर्पित प्रयासों के लिए बल को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज यह जहाज अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत मस्कट रवाना हो रहा है। ये देश की प्राचीन सिलाई-जहाज तकनीक से बनाया गया है। जो कि हमारी समृद्ध समुद्री परंपराओं का शानदार प्रतीक है। नौसेना के चालक दल को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि उनकी यात्रा सुरक्षित और यादगार रहे। क्योंकि वे खाड़ी क्षेत्र और उससे परे हमारे ऐतिहासिक संबंधों को पुनर्जीवित कर रहे हैं।*

**प्राकृतिक तत्वों और पद्धति पर बना है कौंडिन्य**

*नौसेना ने आईएनएसवी कौंडिन्य को परंपरागत सिलाई-जहाज तकनीक का इस्तेमाल करके बनाया है। इस दौरान कई शताब्दियों पुराने प्राकृतिक तत्वों और पद्धति पर आधारित तकनीक का प्रयोग किया गया। नौसेना का मानना है कि जहाज का ये पूरा निर्माण कार्य एक प्रकार से देश के पुरातन स्रोतों और आईकोनोग्राफिक प्रमाणों से प्रेरित था। जहाज भारत की समृद्ध और स्वदेशी सिलाई-जहाज निर्माण और समुद्री यात्राओं की विरासत को बेहद खूबसूरती के साथ प्रदर्शित करता है। पोरबंदर से मस्कट तक की ये यात्रा हमारे प्राचीन व्यापारिक मार्गों से एक बार फिर से जुड़ने की कोशिश का हिस्सा है। जो भारत के पश्चिमी तट को पुनः ओमान से जोड़ेगी। एक ऐसा क्षेत्र जो कभी समूचे हिंद महासागर से व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सभ्यता कालीन संवादों के लिए प्रसिद्ध रहा है।*

### चालक दल में शामिल 17 नौसैन्य कर्मी

नौसेना ने कहा कि जहाज के कप्तान कमांडर विकास श्योरण होंगे। जबकि इस यात्रा के ऑफिसर-इन-चार्ज की जिम्मेदारी एक अन्य वरिष्ठ नौसैन्य कमांडर वाई.हेमंत कुमार संभालेंगे। कमांडर कुमार नौसेना के वह अधिकारी हैं, जो इस जहाज निर्माण की परियोजना की शुरुआत से इससे जुड़े रहे हैं। कौंडिन्य के चालक दल में 4 अधिकारी और 13 नाविक शामिल हैं। कौंडिन्य की ये यात्रा एक प्रकार से भारत के उन प्रयासों में मील का पत्थर साबित होगा। जो प्राचीन समुद्री विरासत को फिर से जीवित करने, उसे समझने और उसका जश्न मनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

### मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

कौंडिन्य की यात्रा से भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूती मिलने की संभावना है। जिसमें दोनों की साझा समुद्री विरासत के साथ ही प्रगाढ़ सांस्कृतिक और आमजन के संबंध भी शामिल हैं। जहाज का मस्कट जाना दोनों देशों के दोस्ती के मजबूत बंधन के अलावा आपसी विश्वास और सम्मान को भी शक्तिशाली रूप से प्रदर्शित करता है। साथ ही ये दोनों के बीच किसी जमाने में मौजूद रहे शताब्दियों पुराने समुद्री संबंधों को भी आपस में जोड़ता है। गुजरात और ओमान के बीच स्थापित गहरे ऐतिहासिक संबंध भी इससे उजागर होते हैं। जो वर्तमान में सहयोग की एक परंपरा के रूप में निरंतर आधार पर सभी के सामने विद्यमान हैं।

### नौसेना ने प्रदर्शित की प्रतिबद्धता

जहाज की यात्रा से भारतीय नौसेना समुद्री कूटनीति, विरासत के संरक्षण और क्षेत्रीय सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रही है। देश के सभ्यतागत समुद्री परिदृश्य के दृष्टिकोण से जहाज की ये विदेश यात्रा किसी मील के पत्थर से कम नहीं है। भारत की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एक जिम्मेदार समुद्री देश की भूमिका और उसकी सांस्कृतिक जड़ों को भी यह भली भांति दर्शाता है।

---

## खबर संक्षेप

### तुर्की में मुठभेड़, छह आतंकवादी ढेर



**अंकारा।** तुर्की में पुलिस से मुठभेड़ में इस्लामिक स्टेट के छह आतंकवादी मारे गए। इस दौरान तीन पुलिसकर्मी भी मारे गए। तुर्की के गृहमंत्री ने यह जानकारी दी है। यह मुठभेड़ सोमवार को इस्तांबुल के दक्षिण में स्थित यालोवा प्रांत में उस समय हुई, जब पुलिस ने एक ऐसे घर में छापेमारी की जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस के आठ अन्य अधिकारी और एक गार्ड घायल हो गया।

### कार दुर्घटना में 2 भारतीय मूल की छात्राओ की मौत



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका में शनिवार को एक सड़क हादसे में दो भारतीय मूल की छात्राओं की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। हादसा कैलिफोर्निया में हुआ। पीड़ितों की पहचान महबूबाबाद जिले के गरला मंडल की रहने वाली 25 साल की पुलखंडम मेघना रानी और मुल्कनूर गांव की 24 साल की कडियाला भावना के रूप में हुई है। दोनों तीन साल पहले मास्टर डिग्री की पढ़ाई के लिए अमेरिका गई थीं।

---

## एचआरसीबीएम की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में कट्टरपंथियों ने लगाई आग, लोग बाड़ काटकर जान बचा सके

एजेंसी ⏭ ढाका

*ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटिज एचआरसीबीएम की रिपोर्ट के अनुसार जून से दिसंबर तक हिंदुओं के खिलाफ ईशनिंदा के 71 मामले सामने आए। पीरोजपुर के डुमरीताला गांव में एक हिंदू परिवार के पांच घर जलाए गए, जिसे अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमला माना जा रहा है।*

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद से ही अल्पसंख्यकों पर हमले लगातार बढ़ गए हैं। ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटिज एचआरसीबीएम की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि इस साल जून से दिसंबर कर बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों से जुड़ी कम से कम 71 घटनाएं सामने आई हैं।

मुस्लिम बहुल देश के पीरोजपुर जिले के डुमरीताला गांव में एक हिंदू परिवार के कम से कम पांच घरों को आग लगा दी गई, जिसे अल्पसंख्यकों पर एक टारगेटेड हमला माना जा रहा है।

स्थानीय अधिरकारियों के अनुसार, आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चला है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावरों ने कथित तौर पर एक कमरे में कपड़ा भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। वही स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

**शेख हसीना सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े**

**घर का पूरा सामान जलकर खाक हुआ, पालतू जानवर भी मारे गए**

### आग लगने के बाद डरा हुआ है साहू परिवार



बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों को आग लगाते हुए कट्टरपंथी

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, ढाका में साहू परिवार अभी भी डरा हुआ है। उन्होंने कैमरे के सामने आने से मना कर दिया और कहा कि उन्हें नहीं पता कि आग कैसे लग गई, पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि जब वे सुबह-सुबह आग लगने पर जागे, तो वे शुरू में अंदर फंस गए थे, क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। प्रभावित परिवारों के सभी आठ सदस्य बांस की बाड़ काटकर भागने में कामयाब रहे। हालांकि उस घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया और उनके पालतू जानवर भी मारे गए। यह घटना जिस जगह हुई वह राजधानी ढाका से लगभग 240 किमी दूर है।

### जून से दिसंबर तक हिंदू अल्पसंख्यकों पर 71 हमले

ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज एचआरसीबीएम ने एक रिपोर्ट में बताया कि इस साल जून से दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा के आरोपों से जुड़ी कम से कम 71 घटनाएं सामने आईं। एचआरसीबीएम ने चांदपुर, चट्टोग्राम, दिनाजपुर, लालमोनिरहाट, सुनामगंज, खुलना, कोमिला, गाजीपुर, टांगेल और सिलहट सहित 30 से ज्यादा जिलों के मामलों को डॉक्यूमेंट किया है।

### पुलिस ने 5 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

*पीरोजपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मंजूर अहमद सिद्दीकी ने आग लगने वाली जगह का दौरा किया और शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि घटना की तुरंत जांच की जाएगी। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जबकि जांच जारी रहने के साथ बाकी आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें स्थानीय लोग कई घरों में फैली भीषण आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।*

---

## संघर्ष विराम को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई

# मध्यस्थता...या कूटनीति? चीन में मिले थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्री



फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ बीजिंग

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जारी तनाव के बीच दोनों देशों के विदेश मंत्री सोमवार को चीन के युन्नान प्रांत में चीन के विदेश मंत्री से मिले। दोनों देशों के संघर्ष में अब चीन मध्यस्थ की भूमिका में है और इसके जरिए चीन दुनिया की वैश्विक कूटनीति में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। चीन में थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्रियों की मुलाकात, दोनों देशों के बीच ताजा संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद हो रही है। संघर्ष विराम के साथ ही दोनों देशों का संघर्ष फिलहाल थम गया है, जिसमें अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और सीमा के दोनों तरफ हजारों लोगों को विस्थापन झेलना पड़ा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने थाईलैंड और कंबोडिया के विदेश मंत्रियों की बैठक बुलाई थी। चीनी विदेश मंत्री वांग ने बैठक के बाद कहा, युद्ध की आग को फिर से भड़कने देना निश्चित रूप से दोनों देशों के लोग नहीं चाहते हैं, और न ही चीन ऐसा देखना चाहता है। इसलिए, हमें दृढ़ता से आगे देखना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।

कंबोडिया के विदेश मंत्री प्राक सोखोन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नवीनतम संघर्ष विराम चलेगा और दोनों देशों के लिए अपने संबंधों पर काम करने और अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए एक सकारात्मक माहौल बनेगा।

### चीन बढ़ा रहा राजनीतिक ताकत

*ये बैठकें चीन की एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ के तौर पर अपनी भूमिका को मजबूत करने और खासकर, एशियाई क्षेत्रीय संकटों में अपने प्रभाव को बढ़ाने की ताजा कोशिशों को दिखाती हैं। जैसे-जैसे चीन बढ़ रहा है और क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर एक बड़ी आर्थिक और राजनीतिक ताकत बन रहा है, बीजिंग ने पिछले एक दशक से ज़्यादा समय से कूटनीतिक मामलों में तीसरे पक्ष के तौर पर अपनी आवाज बढ़ाने के लिए कई तरीकों से काम किया है।*

---

## पर्यटकों का उमड़ा सैलाब...



नव वर्ष से पहले अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर पर्यटक सेल्फी लेते हुए नजर आए।

---

## बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा की मांग कर रहे थे भारतीय

# फिर करतूत...लंदन में खालिस्तानियों का हुड़दंग, भारत विरोधी नारे लगाए

एजेंसी ⏭ लंदन

लंदन स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर हिंदू समुदाय के एक प्रदर्शन में खालिस्तानी समर्थकों ने हुड़दंग मचाया। भारतीय और बांग्लादेशी हिंदू बांग्लादेश में बढ़ रहे हिंदुओं की मौत और हिंसा से जुड़े मामलों को लेकर 27 दिसंबर को प्रदर्शन कर रहे थे।

इसी बीच 'सिख फॉर जस्टिस' संगठन एसएफजे से जुड़े खालिस्तानी कार्यकर्ताओं ने वहां आकर भारत विरोधी नारे लगाए और खालिस्तानी झंडे लहराए। खालिस्तानियों के हाथ में पोस्टर थे, जिन पर 'शहीद निज्जर' शहीद हादी एसेसिनेशनंस बाय मोदी' लिखा हुआ था। पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी



की तस्वीर पर माला चढ़ी हुई थी। खालिस्तानियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की की और भारत विरोधी नारे भी लगाए। उन्होंने भारत सरकार पर हादी को मारने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा की मांग कर रहे थे। वे भारत से बॉर्डर खोलने की अपील कर रहे थे ताकि बांग्लादेशी हिंदू हिंसा से बचकर भारत आ सकें।

---

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत ने दी संगठन की पूरी टीम को बधाई

# डीआरडीओ ने किया पिनाका रॉकेट का पहला सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सोमवार को ओडिशा की एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से लंबी दूरी के गाइडेड पिनाका रॉकेट (120 किलोमीटर रेंज) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर.वी. कामत ने इसके लिए डीआरडीओ की समूची टीम को बधाई दी है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने बधाई संदेश में कहा, सफलता के साथ डिजाइन और निर्मित यह रॉकेट सशस्त्र सेनाओं की क्षमता में वृद्धि करेगा। उन्होंने इसे एक गेम चेंजर की संज्ञा भी दी है। वहीं, डॉ. कामत जो इस परीक्षण के साक्षात गवाह भी बने, उन्होंने संगठन की पूरी टीम को परीक्षण यानी मिशन से जुड़े हुए सभी उद्देश्यों को सफलता के साथ प्राप्त करने के लिए बधाई दी। परीक्षण को डीआरडीओ द्वारा रेंज में लगाए गए विभिन्न उपकरणों की मदद से व्यापक रूप से जांचा गया। पिनाका रॉकेट का डिजाइन स्वदेशी रूप से एआरडीई ने एचईएमआरएल और इमारत प्रयोगशाला के साथ मिलकर तैयार किया है।



चांदीपुर से पिनाका रॉकेट का सफल परीक्षण

---

## पाक के विदेश मंत्रालय की टिप्पणी को रणधीर जायसवाल ने किया खारिज

# अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को लेकर बदनाम पाक भारत को न दे ज्ञान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

*पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को डराने-धमकाने, जुल्म करने, मारने, अपहरण करने, जबरन धर्म बदलने और जबरदस्ती शादी करने की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। भारत हर बार पाकिस्तान को करारा जवाब देता आया है*

पाकिस्तान है की सुधरता ही नहीं, उसके अपने देश में लंबे वक्त से बड़े पैमाने पर जारी अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामलों की चर्चा दुनियाभर में होती रहती है। जिसके बाद भी वो भारत पर उंगली उठाने से बाज नहीं आता। ताजा मामला 25 दिसंबर को क्रिसमस के दौरान देश में कुछ जगहों पर हुई हल्की-फुल्की तोड़फोड़ से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न एक गंभीर चिंता का विषय है। जवाब में सोमवार को मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक अंदाज में कहा कि वो पड़ोसी देश के फर्जी और मनगढ़ंत आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। एक देश (पाकिस्तान) जिसका इस मामले में खुद का रिकॉर्ड ही असल सच्चाई को बयान करने के लिए काफी है। विभिन्न धर्मों को मानने वाले अल्पसंख्यकों का खौफनाक और सुनियोजित उत्पीड़न पाकिस्तान से जुड़ा एक सर्वविदित तथ्य है। जिसे किसी भी सूरत में झुठलाया या बदला नहीं जा सकता है।



प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

### हर बार भारत से मुंह की खाता पाक

बता दें, ये पहला मौका नहीं है। जब पाकिस्तान ने भारत पर अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का झूठा आरोप मढ़ने की कोशिश की है। इससे पहले भी वो कई बार संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी ऐसी हिमाकत कर चुका है। जिसका उसे वैश्विक मंच से लेकर देश के अंदर तक करारा जवाब दिया गया है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को लेकर भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से इस साल मार्च में बयान साझा किया गया। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को डराने-धमकाने, जुल्म करने, मारने, अपहरण करने, जबरन धर्म बदलने और जबरदस्ती शादी करने की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं।

---

## सिंधु जल समझौते पर एक और फैसले से बौखलाया पाक

# भारत ने दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 को दी मंजूरी, यहीं सावलकोट परियोजना भी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार के पर्यावरण विभाग की एक समिति ने चिनाब नदी पर दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण पर काम करने की मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट को लेकर 27 तारीख को ही मंजूरी मिली है और उधर पाकिस्तान को इससे मिर्ची लग गई है।

पाकिस्तान की सांसद और पूर्व मंत्री शेरी रहमान ने इस पर सवाल उठाए हैं और बौखलाहट में भारत पानी को हथियार बनाने का आरोप लगाया है। रहमान ने कहा कि पानी को हथियार बनाना गलत है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।



एक्स पर शेरी रहमान ने लिखा, 'ऐसा करना सिंधु जल समझौते का उल्लंघन है। भारत सरकार ने दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 को मंजूरी दी है। ऐसा करना गलत है। सिंधु जल समझौते के तहत कोई भी फैसला एकतरफा तौर पर नहीं लिया जा सकता। सिंधु जल समझौते के तहत पाकिस्तान का चिनाब, झेलम और सिंधु नदी के जल पर अधिकार है।

### 260 मेगावाट बिजली उत्पादन होगा

बता दें कि भारत सरकार ने जिस दुलहस्ती प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है, उसके तहत 260 मेगावाट बिजली उत्पादन की तैयारी है। इससे पहले सावलकोट हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को भी इसी नदी पर बनाने की तैयारी है। इसकी क्षमता 1856 किलोवाट बताई जा रही है। दरअसल सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक आतंकी ठिकानों पर पाकिस्तान ऐक्शन नहीं लेगा, तब तक सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान से कोई बात नहीं होगी। इसके अलावा समझौते को लागू भी नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### 13 साल के जगरीत ने जीती फिडे रेपिड रेटिंग प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शतरंज खिलाड़ी जगरीत मिश्रा ने ग्रेटर नोएडा में पहले शतरंज वेदा फिडे रेपिड रेटिंग टूर्नामेंट में नौ दौर में 8.5 अंक के साथ खिताब जीता। तेरह साल के जगरीत ने इस जीत की बदौलत 90 रेटिंग अंक हासिल किए।माउंट कार्मेल स्कूल के छात्र जगरीत को इस जीत से 25 हजार रुपए की इनामी राशि मिली। टूर्नामेंट में 592 भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स, फिडे मास्टर्स और कैंडिडेट मास्टर्स भी शामिल रहे। जगरीत ने हाल में मोंटेनेग्रो के ग्रैंडमास्टर ब्लागोजेविच ड्रागिसा (ईएलओ 2446) को हराया था।

### मुल्तान सुल्तांस टीम का प्रबंधन करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पुष्टि की है कि शासी निकाय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के अगले सत्र में मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी का प्रबंधन करेगा। नक़वी ने कहा कि समय की कमी के कारण बोर्ड पीएसएल के अगले सत्र के दौरान मुल्तान फ्रेंचाइजी का संचालन के लिए किसी पूर्व क्रिकेटर की अध्यक्षता में समिति का गठन करेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'पीएसएल की टीम मुल्तान सुल्तांस की नीलामी होने के बाद हम समिति का गठन करेंगे।' पीएसएल के 2016 में शुरू होने के बाद से यह पहली अवसर होगा जबकि बोर्ड सीधे तौर पर एक फ्रेंचाइजी का संचालन करेगा। माना जा रहा है कि उसका यह कदम एक ब्रांड के रूप में पीएसएल की प्रतिष्ठा को खतरे में डाल सकता है।

### 13 जनवरी से इंडिया ओपन टिकटों की बिक्री शुरू



**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन केडी जाधव इंडोर हॉल की जगह इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 13 से 18 जनवरी तक होगा। भारत को अगले साल अगस्त में प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है और ऐसे में 9 लाख 50 हजार डॉलर इनामी इंडिया ओपन इस वैश्विक टूर्नामेंट के परीक्षण स्थल के रूप में काम करेगा। नए स्थल में आठ हजार से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है, जो पिछले स्थल की तुलना में दोगुने से अधिक है। इंडिया ओपन के टिकट ऑनलाइन 'टिकमिंट' पर उपलब्ध होंगे, जिनकी कीमत 400 रुपए से शुरू होकर 1750 रुपए तक होगी।

### आईएलटी20 : अबूधाबी नाइट राइडर्स की प्लेऑफ में एंट्री



**दुबई।** माइकल पेप्पर और फिल साल्ट की शानदार पारियों की मदद से अबूधाबी नाइट राइडर्स ने लीग चरण के आखिरी मैच में गल्फ जायंट्स को 32 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। नाइट राइडर्स अब एक जनवरी को एलिमिनेटर में दुबई कैपिटल्स का सामना करेगा। डेजर्ट वाइपर्स मंगलवार को क्वालीफायर एक में एमआई एमिरेट्स से भिड़ेगा। पेप्पर (51 गेंदों में 83 रन) और साल्ट (56 गेंदों में नाबाद 72 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की मदद से नाइट राइडर्स ने एक विकेट पर 179 रन बनाए। इसके जवाब में गल्फ जायंट्स की टीम 9 विकेट पर 147 रन ही बना पाई।

# नवीनतम 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' में किर्गियोस का दबदबा, सबालेंका को दी मात

- टाइमआउट के दौरान एरिना ने किया डांस
- मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके

एजेंसी ▶▶| दुबई


निक किर्गियोस ने टेनिस में 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' यानी दो अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। यह एक प्रदर्शनी मैच था, जिसे लैंगिक समानता के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण के बजाय हल्के फुल्के मनोरंजन के लिए याद किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ी आपस में हंसी ठिठोली कर रहे थे। इस दौरान कुछ अंडर आर्म सर्विस भी देखने को मिली। यहां तक कि दुबई के 17,000 सीटों वाले कोकाकोला एरीना में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टाइमआउट के दौरान सबालेंका का नृत्य भी देखने को मिला। इस मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके।



### दोनों खिलाड़ियों को दिया गया एक सर्विस का मौका

विंबलडन 2022 के उपविजेता किर्गियोस ने कलाई और घुटने की चोटों के कारण पिछले तीन वर्षों में केवल छह टूर-स्तरीय मैच खेले लेकिन वह कई बार अपनी क्षमता के अनुरुप खेलते हुए दिखाई दिए। उन्हें सबालेंका के कोर्ट के हिस्से के लगभग 10 प्रतिशत छोटे होने का नुकसान उठाना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को प्रत्येक प्वाइंट के लिए दो के बजाय केवल एक सर्विस करने का मौका दिया गया था। जब किर्गियोस ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की तब तक वह पसीने से भीग चुके थे और दोनों खिलाड़ी नेट पर गले मिलते समय मुस्कुरा रहे थे।



### टेनिस के लिए शानदार कदम

ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी किर्गियोस ने मैच के बाद कहा, 'मैं शुरू में थोड़ा नर्वस था लेकिन मुझे लगता है कि यह टेनिस के लिए एक शानदार कदम है।' सबालेंका ने कहा,'यह मैच अगले सत्र के लिए अच्छी तैयारी है। मुझे इसमें बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेलूंगी तो मुझे उनकी रणनीति, उनकी ताकत और उनकी कमजोरियों के बारे में पता होगा और यह निश्चित रूप से एक बेहतर मुकाबला होगा।' तथाकथित 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' नाम 1973 में बिली जीन किंग और बॉबी रिग्स के बीच हुए मैच से लिया गया था। किंग ने ह्यूस्टन एस्ट्रोडोम में खेले गए उस मुकाबले को सीधे सेटों में जीता था।

**विजय हजारे ट्रॉफी**

**अच्छी शुरुआत के बावजूद सूर्यवंशी नहीं खेल पाए बड़ी पारी**

# 310 के स्ट्राइक रेट से चला वैभव का बल्ला, 10 गेंद पर ठोके 31 रन

एजेंसी ▶▶| रांची

वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप के तीसरे मैच में बिहार के लिए पारी की शुरुआत की और मेघालय के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों में 31 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव ने 6 चौके और 1 छक्का लगाया। उनका स्ट्राइक रेट 310 का रहा। लेकिन 14 साल के इस युवा क्रिकेटर को आकाश कुमार ने पवेलियन भेज दिया। 218 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें ओवर की पहली गेंद पर दिप्पू ने वैभव का कैच पकड़ लिया। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में मेघालय के खिलाफ इस मैच से वैभव से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अच्छी शुरुआत के बावजूद वो इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाए।

वहीं सीजन के पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 84 गेंदों पर 190 रन बनाए थे। उस मैच में बिहार ने रिकॉर्ड 397 रनों से जीत हासिल की थी। वैभव ने महज 36 गेंदों में सेंचुरी पूरी की, जो किसी भारतीय बल्लेबाज की लिस्ट ए क्रिकेट में चौथी सबसे तेज सेंचुरी है। इसके बाद उन्होंने 59 गेंदों में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया।



### मुंबई ने छत्तीसगढ़ को हराया, शारदुल ने की शानदार गेंदबाजी

**जयपुर।** कप्तान शारदुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने विजय हजारे वनडे ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सोमवार को छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से हराकर अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की। टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद शारदुल ने सुबह में तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच ओवर के अंदर छत्तीसगढ़ का स्कोर चार विकेट पर 10 रन कर दिया। कप्तान अमनदीप खरे (63) और अजय मंडल (46) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी के बावजूद छत्तीसगढ़ की टीम शुरुआती झटकों से कभी नहीं उबरी। टीम 38.1 ओवर में 142 रन पर आउट हो गई। स्पिनर शम्स मुलानी ने आखिरी छह में से पांच विकेट झटक कर छत्तीसगढ़ की पारी को सस्ते में समेटने में योगदान दिया। मुलानी ने 31 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे छत्तीसगढ़ ने आखिरी छह विकेट 27 रन के अंदर गंवा दिए। अंगकृष रघुवंशी (66 गेंदों पर 68 नाबाद) और अनुभवी सिद्धेश लाड (42 गेंदों पर 48 नाबाद) ने दूसरे विकेट के लिए 102 रन की अटूट साझेदारी कर महज 24 ओवरों में ही मुंबई को नौ विकेट से एकतरफा जीत दिला दी।

### 6 जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे कोहली

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने बताया कि दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली 6 जनवरी को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रेलवे के खिलाफ दिल्ली का विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैचों में भाग लेना अनिवार्य किया था। कोहली हालांकि इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की तैयारी के लिए तीसरा मैच भी खेलना चाहते हैं।

### जुरेल ने 101 गेंद में खेली 160 रन की पारी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने विजय हजारे ट्रॉफी में तूफानी शतक लगाया। उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ मुकाबले में 160 रन की नाबाद विस्फोटक पारी खेली। यह उनके लिस्ट ए करियर का पहला शतक है। ध्रुव जुरेल ने तीसरे नंबर पर आकर 101 गेंद का सामना किया और 15 चौके व आठ छक्के लगाए। उनकी शतकीय पारी से यूपी ने सात विकेट पर 369 रन का विशाल स्कोर बनाया। जुरेल ने कप्तान रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। इसस यूपी ने 200 का स्कोर पार किया। रिंकू ने भी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 67 गेंद में दो चौकों व तीन छक्कों से 63 रन की पारी खेली। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के लगातार तीसरे मैच में 50 प्लस स्कोर बनाया। पहले मैच में 67 और दूसरे में नाबाद 106 रन उनके बल्ले से आए थे।

**महिला टी20**

# क्लीन स्वीप पर भारत की नजर सम्मान बचाने उतरेगा श्रीलंका



एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 30 दिसंबर को होने वाले पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगी।

यह श्रृंखला अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रीलंका के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला के बाद भारतीय टीम विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम 2024 में टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी लेकिन इसके बाद उसने अपनी शैली में बदलाव किया और अधिक आक्रामकता अपनाई, जिससे उसे अनुकूल परिणाम मिले।

### श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'यह श्रृंखला हम सभी के लिए शानदार रही। पिछले विश्व कप के बाद हमने इसी बात पर चर्चा की थी कि हमें अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा और टी20 में अधिक आक्रामक होकर खेलना होगा।' शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

**एशेज**

# एमसीजी पर आईसीसी का फैसला मैच रेफरी ने दिए डिमेरिट अंक



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने मेलबर्न में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच खेले गए चौथे एशेज टेस्ट की पिच को असंतोषजनक करार दिया और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक भी लगा दिया। मैच रैफरी जैफ क्रो ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा था कि पिच गेंदबाजों की जरूरत से ज्यादा मदद कर रही थी। चौथे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने दो दिन के भीतर टेस्ट जीत लिया था।

आईसीसी ने कहा ,'चौथे एशेज टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच असंतोषजनक थी, जिसके लिए आईसीसी पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' छह डिमेरिट अंक होने पर मैदान पर एक साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। क्रो ने कहा,' एमसीजी की पिच गेंदबाजों की जरुरत से ज्यादा मदद कर रही थी। पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट इस पर गिरे और कोई बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं बना सका। यह पिच असंतोषजनक थी और एमसीजी पर एक डिमेरिट अंक लगाया गया है।' इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भी पिच की निंदा की थी।

### चोट के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर एटकिंसन

*सिडनी। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं और वह हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण सिडनी में होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। एटकिंसन मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे। उनका स्कैन कराया गया, जिससे बाएं पैर में चोट का पता चला इसके बाद उन्हें औपचारिक तौर पर बाहर कर दिया गया। इंग्लैंड इस श्रृंखला में पहले ही चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहा है। उसके स्टार तेज गेंदबाज मार्क वुड (घुटने की चोट) और जोफ्रा आर्चर (कमर में खिंचाव) पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हो चुके हैं। सिडनी में चार जनवरी से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में एटकिंसन की जगह 27 वर्षीय मैथ्यू पॉट्स को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में ब्रायडन कार्स और जोश टोंग के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स शामिल हैं।*

### मसूद ने लगाया दोहरा शतक इंजमाम का तोड़ा रिकॉर्ड

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने 177 गेंद पर दोहरा शतक पूरा करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज के सबसे तेज दोहरे शतक का नया रिकॉर्ड बनाया। मसूद ने दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक के तीन दशक पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। मसूद ने प्रेसिडेंट्स कप विभागीय टूर्नामेंट के पहले दिन सुइ नॉर्दर्न गैस की तरफ से खेलते हुए सहार एसोसिएट्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व कप्तान इंजमाम के नाम था, जिन्होंने 1992 में इंग्लैंड के दौरे के एक मैच में 188 गेंदों में दोहरा शतक बनाया था। मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक मसूद 185 गेंदों पर 212 रन बनाकर नाबाद थे। पाकिस्तान की धरती पर सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड अब भी भारत के वीरेंद्र सहवाग के नाम है, जिन्होंने 2006 में लाहौर टेस्ट में 182 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था।



# 4 ओवर, 7 रन, 8 विकेट, 22 साल के गेंदबाज ने टी20 में किया करिश्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूटान के स्पिनर सोनम येशे पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 8 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे ने भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में म्यांमार के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

इस 22 वर्षीय गेंदबाज ने 7 रन देकर 8 विकेट लिए, जिससे भूटान ने म्यांमार को 45 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले भूटान ने नौ विकेट पर 127 रन बनाए थे। भूटान क्रिकेट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक यादगार स्पेल। सोनम येशे ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करके चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।' इससे पहले किसी भी गेंदबाज ने किसी भी तरह के टी20 मैच में आठ विकेट लेने का कारनामा नहीं किया था।



### मलेशिया के तेज गेंदबाज इद्रस का टूटा रिकॉर्ड

इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड मलेशिया के तेज गेंदबाज स्याजरुल इद्रस के नाम था, जिन्होंने 2023 में चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। इनके अलावा बहरीन के अली दाऊद ही एकमात्र ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सात विकेट लिए हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में भूटान के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट हासिल किए थे। अगर टी20 मैचों की बात करें तो नीदरलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन एकरमैन ने 2019 में लीसेस्टरशर की तरफ से बर्मिंघम बियर्स के खिलाफ 18 रन देकर सात विकेट जबकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने इस साल के शुरू में दरबार राजशाही के लिए खेलते हुए ढाका कैपिटल्स के खिलाफ 19 रन देकर सात विकेट चटकाए थे।

**यादें 2025: महिला टीम ने जीता वनडे विश्व कप, टेस्ट क्रिकेट में जूझती रही पुरुष टीम**

# वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने बनाया दबदबा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्ष 2025 में वनडे विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया लेकिन भारतीय पुरुष टीम टेस्ट क्रिकेट में जूझती नजर आई, जिससे उसकी सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफलता भी फीकी पड़ गई।

वर्ष 2025 में वैश्विक टूर्नामेंट में भारत की पुरुष और महिला टीम ने अपना दबदबा बनाया। पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी (वनडे) और एशिया कप (टी20) में जीत हासिल की, जबकि महिला टीम ने पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। लेकिन पुरुषों के खेल में दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट मैचों में 0-2 से मिली करारी हार ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में लाल गेंद के प्रारुप में भारत की कमियों को उजागर कर दिया।



### रो-को के वनडे में संन्यास को लेकर चर्चा

स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान संन्यास की घोषणा कर दी थी। इससे भारतीय टीम किसी हद तक कमजोर पड़ गई। रोहित और कोहली के वनडे में भविष्य को लेकर पूरे साल चर्चा होती रही। इन दोनों ने हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनिवार्यता का सम्मान किया और दिखा दिया कि वह अभी वनडे प्रारुप को अलविदा कहने के मूड में नहीं हैं।

### पुजारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

एक और दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने भी औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया, जिससे मध्य क्रम में बड़ा शून्य पैदा हो गया है। भारतीय टीम मध्यक्रम में अब एक मजबूत बल्लेबाज की तलाश के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत ने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) में अपनी यात्रा की नींव नए कप्तान शुभमन गिल और उभरते खिलाड़ियों के एक समूह के साथ रखी थी और अब तक के परिणाम बेहद मिले-जुले रहे हैं।






### मुख्यमंत्री प्रसिद्ध संत कमल किशोर नागर महाराज की कथा में हुए शामिल

# सत्संग से समाज में सदाचार, नैतिकता की भावना होती है मजबूत: डॉ. यादव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भागवत कथा और सत्संग से समाज में सदाचार, नैतिकता और समरसता की भावना मजबूत होती है। कथा और सत्संग आध्यात्मिक अनुभूति और सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम भी है। कथा श्रवण और सत्संग से मन तृप्त होता है और जीवन संवरता है। भगवान की भक्ति, कथा श्रवण और सत्संग से वह तृप्ति मिलती है जो भौतिक सुख, वैभव और छप्पन भोग में भी नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को इंदौर के ग्राम चित्तौड़ा में संत कमल किशोर नागर महाराज की कथा के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुवर कमल किशोर नागर का नाम ही हमारे लिए सौभाग्य का प्रतीक है। वर्षों से आपके प्रवचनों के माध्यम से हम भगवान की भक्ति में स्वर्ग लोक का अनुभव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कथा एवं सत्संग के श्रवण से स्वर्ग लोक सहित सभी तीर्थों का आनंद प्राप्त हो जाता है। उन्होंने भक्ति और सत्संग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भौतिक सुख-साधन और 56 भोग भी मन को तृप्त नहीं कर सकते, लेकिन भगवान की भक्ति और सत्संग मन को पूर्ण तृप्ति प्रदान करते है और सफल जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### गौ माता की सेवा जीवन का सबसे बड़ा पुण्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ माता की सेवा के लिए महाराज कमल किशोर नागर की ओर से किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। महाराज जी ने समाज को यह चेतना दी है कि केवल प्रवचन ही नहीं, बल्कि संस्कार और सेवा भी उतनी ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद गौशालाओं के विकास के लिए लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे हैं और मध्यप्रदेश को गौ-सेवा का मॉडल राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। घर-घर गोपाल की भावना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जहां गाय है, वहीं गोपाल का वास है।

### जल केवल शारीरिक शुद्धि का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की उत्पत्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सनातन संस्कृति की परंपराओं, कुंभ और सिंहस्थ स्नान के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल केवल शारीरिक शुद्धि का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की उत्पत्ति और परंपरा का आधार है। मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी के शुद्धिकरण और जल संरक्षण के प्रयासों से आगामी सिंहस्थ को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का संकल्प भी दोहराया। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में धर्म, संस्कृति और विकास तीनों को साथ लेकर आगे बढ़ने का संकल्प साकार हो रहा है। प्रदेश में हर गांव और शहर में गीता भवन बनाए जा रहे हैं।

### नीति और धर्म से सुसज्जित शासन ही सच्चे विकास की नींव

संत नागर ने कहा कि नीति और धर्म से सुसज्जित शासन ही सच्चे विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि नीति के बिना राज अधूरा है और धर्म के बिना धन भी अधूरा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों की तरह जमीन पर बैठकर सरलता और सादगी के साथ कथा का श्रवण किया।

### मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर बताईं विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियां

# आठ नए आयुर्वेद महाविद्यालयों की स्थापना को स्वीकृति दी : मंत्री परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयुष विभाग निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। 'विकास और सेवा के 2 वर्ष' के अंतर्गत विभाग ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा के विस्तार में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

यह बात सोमवार को मंत्री इंदर सिंहपरमार ने मिंटो हॉल में मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों बताते हुए कहीं। मंत्री श्री परमार ने बताया कि प्रदेश में



आयुष शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 8 नए आयुर्वेद महाविद्यालयों की स्थापना को स्वीकृति

दी गई है। इनमें वर्ष 2024-25 में नर्मदापुरम, मुरैना, शहडोल, बालाघाट, सागर और वर्ष 2025-26 में झाबुआ, शुजालपुर एवं डिंडोरी शामिल हैं। इस विस्तार से प्रदेश में आयुष महाविद्यालयों की कुल संख्या 17 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पन्ना, गुना, भिण्ड, श्योपुर, शुजालपुर और खण्डवा में 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालयों के भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही, प्रदेश भर में 800 आयुष आरोग्य मंदिरों का सफल संचालन प्रारंभ किया गया है।

### सरकार कर रही आवेदन पर विचार

# परिवहन आयुक्त ने मांगी स्टडी लीव, अप्रैल के बाद होंगे रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैडर के आईपीएस विवेक शर्मा जल्द ही छुट्टी पर जाने वाले हैं। उन्होंने अपना आवेदन पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग को भेज दिया है। बताया जाता है कि शर्मा ने स्टडी लीव करने के लिए आवेदन किया है। हालांकि उनके आवेदन पर सरकार विचार कर रही है।

इस विषय में जानकारी है कि अप्रैल 2026 के बाद ही सरकार उनको रिलीव करेगी। अभी विवेक शर्मा परिवहन आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। हालांकि परिवहन आयुक्त की जिम्मेदारी संभालना आसान नहीं है, क्योंकि मध्य प्रदेश में चेक पोस्ट पर वसूली के लगातार आए दिन मामले सामने आ रहे हैं। वहीं लगातार परिवहन विभाग पर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में स्टडी लीव पर जाना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। हालांकि पुलिस मुख्यालय से जुड़े हुए अधिकारियों का कहना है कि विवेक शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से स्टडी लीव पर जाने का फैसला किया है। पुलिस मुख्यालय ने इस पर विचार करने का समय मांगा है। डीजीपी कैलाश मकवाना के बाद गृह विभाग को यह प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके बाद उन्हें स्टडी लीव की समय अवधि दी जाएगी। सरकार ने उन्हें 2 जून 2025 को परिवहन विभाग की आयुक्त के तौर पर पदस्थ किया था। इससे पहले परिवहन आयुक्त डीपी गुप्ता पर गाज गिरी थी।

### दूसरे राज्यों में भी पुलिस अधीक्षक बनने वाले इकलौते अफसर

एडीजी विवेक शर्मा मध्य प्रदेश कैडर के इकलौते अधिकारी हैं, जो मध्य प्रदेश के कई जिलों में पुलिस अधीक्षक रहे हैं। पुलिस मुख्यालय में कई पदों पर पदस्थ रहे। इसके बावजूद दूसरे राज्यों में पुलिस अधीक्षक बनने का रिकॉर्ड कायम है। मध्य प्रदेश कैडर के इकलौते अधिकारी हैं। जो देशभर में दूसरे राज्य में बतौर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# मां ने शराबी बेटे को काम करने दी समझाइश, टावर पर चढ़ा

### पुलिस ने सकुशल उतारा, परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मिनाल रेसीडेंसी में सोमवार दोपहर एक युवक हाईटेंशन लाइन के टॉवर पर चढ़ गया। वह टावर पर चढ़कर नीचे कूदने की धमकी दे रहा था। उसे टावर पर चढ़ा देखकर भीड़ एकत्रित होने लगी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नगर निगम की टीम को बुलाया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिसकर्मी टावर पर चढ़कर उसे उतारने का प्रयास करने लगे तो वह कहने लगा कि पास आए तो छलांग लगा दूंगा। लिहाजा पुलिस ने उससे बात की और उसकी मांगे मानने की बात कही। इस पर वह टावर से नीचे उतरकर आया। उसे थाने ले जाकर काउंसलिंग कराई गई। काउंसलिंग में पता चला कि वह शराब पीने का आदी है और मां ने उसे फटकार लगाई थी। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि 30 साल का युवक ओल्ड सुभाष नगर में रहता है



और शराब पीने का आदी है। वह बेरोजगार है और अक्सर शराब के नशे में घर पहुंचता था। रोज-रोज शराब के नशे में घर आने के कारण मां ने उसे समझाइश दी। इससे वह नाराज हो गया और सोमवार दोपहर करीब तीन बजे मिनाल स्थित हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया। गनीमत रही कि वह टावर से गिरा नहीं। पुलिस ने युवक की काउंसलिंग कराई और परिजन को भी समझाइश दी गई।

### घाटीगांव, भितरवार के ग्रामीण इलाकों का मामला

# सड़क के घटिया निर्माण के मामले में सीबीआई की खारिजी रिपोर्ट खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर संभाग के घाटीगांव तथा भितरवार ब्लाक के ग्रामीण इलाकों में सड़क के घटिया निर्माण मामले में आरोपी बनाए गए पीडब्ल्यूडी ग्वालियर के तत्कालीन ईई आरडी शिल्पकार तथा 11 अन्य के विरुद्व साक्ष्य न होने से मामले में खारिजी लगाए जाने को लेकर सीबीआई द्वारा दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट को सीबीआई की विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला ने सुनवाई के बाद सीबीआई को अनुसंधान करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता आरोन सरपंच ओमप्रकाश शर्मा ने वर्ष 1987 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्वालियर संभाग के घाटीगांव तथा भितरवार ब्लाक के ग्रामीण इलाकों में सड़क के घटिया निर्माण को लेकर संबंधित विभागों को शिकायत की थी। उसकी शिकायतों के आधार पर कोई सुधार नहीं करवाया गया, तब उसने मप्र हाईकोर्ट खंडपीठ ग्वालियर के समक्ष एक रिट याचिका दायर कर जनहित में सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता के साथ कार्य करवाने के लिए शासन को निर्देशित करने एवं जांच की मांग की थी।

### श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में 1 जनवरी को सुबह 9 बजे से होगा शिविर का आयोजन

# वर्ष के प्रथम दिन करें जरूरतममंदों की सेवा में रक्तदान

**भोपाल।** सामाजिक सरोकार की पुनीत भावना को लेकर 'तुम सेवा से पाओगे पार' विचार मंच और श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर ने वर्ष के प्रथम दिन जरूरतमन्दों के हितार्थ एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । वर्ष के प्रथम दिन आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर का यह अनवरत 11वां वर्ष है । इस शिविर के माध्यम से अभी तक 1184 यूनिट ब्लड हमीदिया ब्लड बैंक को डोनेट किया जा चुका है। शिविर में प्रत्येक मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष, वजन 45 किलो से ऊपर हो वह रक्तदान कर सकेगा। यह आयोजन सुषमा शर्मा की स्मृति में शिवाजी नगर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए रक्तदान कैम्प समन्वयक मम्तेश शर्मा से मोबाइल नंबर 9300068899,9977890859 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

### 2016 में लगा था पहला कैंप

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में वर्ष 2016 में पहला ब्लड केंप 1 जनवरी को लगा जिसमे 123 यूनिट ब्लड आया । वर्ष 2017 में 101, वर्ष 2018 में 86, वर्ष 2019 में 117, वर्ष 2020 में 122, वर्ष 2021 में 105, वर्ष 2022 में 120, वर्ष 2023 में 139, वर्ष 2024 में 133 , वर्ष 2025 में 138 यूनिट ब्लड आया । इस तरह इन 10 वर्षों में वर्ष के प्रथम दिन प्रणामी मंदिर में कुल 1184 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ, जिसे शासकीय ब्लड बैंक हमीदिया को डोनेट किया गया।



फाइल फोटो

## स्थानीय खेल समाचार

### वेस्ट जोन हॉकी टूर्नामेंट (वूमेन्स) पुणे

# आरएनटीयू की महिला हॉकी टीम यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई को 6-0 को हराकर क्वालीफायर मैच जीती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वेस्ट जोन हांकी टूर्नामेंट (वोमेन्स) में सोमवार को रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की महिला हांकी टीम ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए यूनिवर्सिटी आफ मुंबई को 6-0 से हराकर प्रथम क्वालीफायर मैच अपने नाम कर लिया। आरएनटीयू की तरफ से उपकप्तान अश्रिता ठाकुर व भूमिक्क्षा साहू ने दो-दो गोल और मुनमुनि दास व करमनप्रीत कौर गिल ने एक-एक गोल कर एकतरफा मैच अपने नाम किया। भूमिक्क्षा साहू को प्लेयर आफ द मैच दिया गया। यह मुकाबला सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी, पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित हो रहा है। टीम में बतौर कोच आकांक्षा परमार और मैनेजर सतीश अहिरवार की अगुवाई में टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। खिलाड़ियों की इस जीत पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ रवि प्रकाश दुबे, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी और रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं दी हैं।

### इन्होंने किया शानदार प्रदर्शन

महिला टीम में कप्तान योगिता वर्मा बीपीईएस, उपकप्तान अश्रिता ठाकुर बीए, गोलकीपर अंकिता कुशवाहा एमपीईएस, गोलकीपर प्रतिमा सरोज बीए, निशी यादव बीपीईएस, दीक्षा भार्गव बीपीईएस, खुशी कटारिया बीए, पलक गुप्ता बीपीईएस, लवदीप कौर गिल एमकॉम, भूमिक्क्षा साहू बीपीईएस, सोनिया कुमरे बीए, साक्षी जैन बीए, करमनप्रीत कौर बीए, हुडा खान बीपीईएस, उषा कुमारी बीपीएड, आयुषी पटेल बीए, सोनम राणा बीए, मुनमुनि दास बीपीईएस ने जबरदस्त खेल दिखाया।

# बीयू ने उज्जैन विश्वविद्यालय को 73 रन से हराया

- अरेरा अकादमी की 4 गर्ल्स खेल रहीं बीयू की गर्ल्स स्टेट टीम में
- कप्तान पलक ने लिए 4 विकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश स्टेट यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी की गर्ल्स क्रिकेट टीम में अरेरा अकादमी की 4 गर्ल्स अंशुलिका सिंह, पलक वशिष्ठ, निकिता शर्मा और वैष्णवी गुप्ता का चयन हुआ। टीम

### प्लेयर ऑफ द मैच



पलक वशिष्ठ को दिया गया। कल इन्दौर यूनिवर्सिटी के साथ मैच खेला जाएगा।

का कप्तान अकादमी की पलक वशिष्ठ को बनाया गया है। टूर्नामेंट में सोमवार को उज्जैन और बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी के बीच मैच खेला गया, जिसमें उज्जैन ने 6 विकेट्स के नुकसान पर 72 रन बनाए। बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी की ओर से पलक वशिष्ठ ने 10 रन दे कर 4 विकेट लिए। 73 रनों के विजयी लक्ष्य को बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी ने 9 वें ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया जिसमें ओपनर बल्लेबाज अंशुलिका सिंह ने 23 रन और पलक वशिष्ठ ने 8 रन बनाए।

# राजीव गांधी आयुर्वेद और आरडी होम्योपैथी कॉलेज की टीमें जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईईएस यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ़ आयुर्वेद एंड कम्युनिटी एवं आईईएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज द्वारा भोपाल के सभी आयुष कॉलेज के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आईईएस कॅम्पस में किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ इंजीनियर बीएस यादव चान्सलर, आईईएस यूनिवर्सिटी ने किया। उन्होंने सभी टीम के कोच एवं प्रतिभगियों से मुलाकात कर मैच के लिए शुभकामनाएं दी। टूर्नामेंट में आईईएस की 2 टीम सहित एलएनसीटी आयुर्वेद कॉलेज,



- आईईएस यूनिवर्सिटी के आयुर्वेद विभाग में क्रिकेट टूर्नामेंट
- राजधानी के सभी आयुष कॉलेजों की 15 टीमें ले रही हिस्सा

आरडी आयुर्वेद कॉलेज, आरडी होम्योपैथी कॉलेज, राधारमण आयुर्वेद महाविद्यालय, राजीव गांधी आयुर्वेद महाविद्यालय, शंकरदयाल आयुर्वेद महाविद्यालय आदि 15 टीम ने हिस्सा लिया।

पहला मुकाबला राधारमण आयुर्वेद बनाम राजीव गांधी आयुर्वेद महाविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें राजीव गांधी आयुर्वेद ने 126 बनाए। वहीं राधारमण आयुर्वेद के टीम 66 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मैच राजीव गांधी ने 60 रनों से जीता, जिसमे नीरज, राजीव गांधी से 41 रन का योगदान दिया। वहीं दूसरा मैच आरडी होम्योपैथी एवं आईईएस के बीच खेला गया, जिसमें आरडी होम्योपैथी ने 8 विकेट पर 159 रन बनाकर 160 रन का लक्ष्य दिया, जवाब में आईईएस की टीम 100 रन ही बना सकी। आरडी होम्योपैथी कॉलेज ने मैच 59 रन से जीत अगले दौर में प्रवेश किया। जिसमें अमन खान, आरडी होम्योपैथी से 26 गेंदों में 57 रन बनाए।

### परमानंद भाई पटेल अंडर- 22 बॉयज इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट

# भोपाल ने इंदौर डिवीजन को दिया 196 रन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





मप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल (चार दिवसीय)मल्टी डे अंडर- 22 बॉयज इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल इंदौर के आर.बी.सी.एफ. मैदान पर भोपाल डिवीज़न और इंदौर डिवीजन के मध्य खेले जा रहें मैच के तीसरे दिन भोपाल डिविजन ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए कल के स्कोर 4/118 रन से आगे खेलते हुए 102.5ओवरों में 369 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें प्रारब्ध मिश्रा नें 132 और ओजस्व यादव नें 67 रन बनाए।

इंदौर से गेंदबाजी करते हुए सारांश सुराना ने 5 और अन्वेष चावला ने 4 विकेट लिए । इस तरह भोपाल डिवीजन ने इंदौर डिविजन को 196 रनों का लक्ष्य दिया । इंदौर डिविजन ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 12 ओवर में 1 विकेट पर 53 रन बना लिए हैं, जिसमें प्रणीत पाटीदार और आयाम वर्मा नाबाद खेल रहे हैं । कल फाइनल मैच का चौथा व अंतिम दिन है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930